back, but when we strive against it, it gives us the resistance that enables us to go forward. Rama stands for the ***good***, and Ravana for the ***evil***. Both are parts of the Samsarachakra. But Rama stands supreme as an ideal and a symbol of the extent of man's goodness; a reassertion of bravery and compassion, of character and justice. So we too have to be strong to resist the evil of the world. India's President APJ Abdul Kalam always says that if we make ourselves strong, nuclear-power-wise and otherwise, then only will we be respected. World peace is not a very easy target to achieve, in the modern context. The technological advancement, scientific tools and other mechanical appliances and contrivances have created peculiar but dangerous problems in the modern age. Wars must have been there from the time of Adam, Eve and the Serpent – but wars, their nature, their aftermath – everything is different now. Once upon a time – not far back – strife and war were a sectional matter of humanity. It could have been likened to a game, however dangerous a one, in which one party could win and in which some section of humanity remained indifferent or had a spectator-role, without being involved or being in any way damaged by it. The position has seriously and diametrically changed with the advancement of technology. The world has shrunk, the time consumed in covering distances has been reduced. Radio, television, airplanes, computer and cell phones have miraculously brought us closer. But this closeness has resulted in mental distancing. So today we have a Global havoc. Religious prejudices, racial grudges, social idiosyncrasies and cultural mindset are ready to spark the fire of animosity. And this time on, there is no Dharma Yuddha like that of Kurukshetra. In the present-day nuclear-war, no nation would emerge victorious. The matter concerns all of us as human beings, as human nations. Because of the folly of one country or nation, the well-being of the whole human race is at stake. So world-peace is a must, if humanity is to survive.

This is the problem which the modern context presents and quite a formidable one at that. What is being done? Talks – bilateral, triangular, circular. But all the parties come to the table with all their prejudices, preconceived ideas and, the worst of it all, their EGO- the feeling of 'I'. EGO must go. People are so full of ***me*** and ***mine*** that they genuinely feel that what they are doing is right. What more! There were people who claimed that War was the chief source of human progress. And there is no dearth of evidence for this off-the-cuff statement. (a) Charles Darwin (1809 – 1882) put forward the thesis that in the struggle for existence among the species, only those who are the fittest survive. The galloping technological progress, industrialization and discoveries made in the last century during the two world-wars and afterwards, conspicuously testify to this (b) The philosopher Friedrich Nietzsche (1844 – 1900) upholds the idea of superman showing one's strength and supremacy by battling and warring – and all this without any consideration of ethical or just principles. Worse were the rulers who thought they alone were right. And we had Hitlers and Mussolinis not only in Germany and Italy, but all over the world.

Fortunately the antidote for this opinion is presented by Valmiki in the Yuddhakanda. At this juncture, I would like to highlight something quite bewildering. In literature. each composition has dominant sentiment. In the Mahabharata, the main sentiment is Shanta, not Vira. Ramayana is actually considered the war-epic and Vira Rasa is the dominant one in it. Also this Rama-Ravana war is a unique one – a war with a message. And during the elaborate, extensive and detailed description of the war, the author forcefully conveys the futility of war – the war which is resting on one man's EGO. Kumbhakarna is forced to join it. Vibhishana needs all his integrity to rebel against it, Mandodari's persuasions are not strong enough to control the war-bitten EGO of Ravana.

Rama's invasion of Lanka starts as process of spiritual experience. The wrong- doer had to be punished. Though Victory on Rama's side is taken for granted, there are moments of suspense and serious upsets on his side too. [War, indeed, is a gamble]. Indrajit's magical sacrifice at the temple to make himself invincible is symbolic of the monstrous ambitions that war injects in the lusty war-mongers. Kumbhakarna's role in this war- epic is a very significant one, carrying a definite message against war. Though gigantic in size, he has his heart in the right place. The author of Ramayana records his protest against war through this character. Kumbhakarna was an unwilling participant in war, on Ravana's side. Masses are ***driven*** to war, rather than their ***joining*** it. Right or wrong, the cause of war is always endorsed by those who share the sense of pride, honour, kinship, racialism and nationalism, inherited by the community. A tear of compassion for Vibhishana; pangs of remorse for having to fight against noble Rama – this is one side of Kumbhakarna. In the excitement of war he moved blindly against friend and foe. His acceptance of Ravana's cause is a matter of honour and racial pride for him. Initially Kumbhakarna had blamed his brother Ravana for having brought this trouble on himself by an unrighteous act, but promised, all the same, to help him.

This giant Kumbhakarna is the author's mouthpiece for giving vent to his feelings against war. His sincerest protest against war is conveyed by bringing out the pathos in the scenes of lamentations, in the wailings of Tara on Bali's death, and of Rama on seeing the near-fatal injuries of Lakshmana. If good people keep silent and the evil ones continue their barbaric activities, then we need dedicated people like Rama to bring back a semblance of peace on earth. When two people cannot agree, they agree to disagree. This is called co-existence, and it is one of the ways which leads to Peace. The variety in the characters of Ramayana highlights the importance of co-existence as a precursor of peace. Each character of the Ramayana represents one aspect of human philosophy. To illustrate: The main character Rama, followed the path of duty and righteousness, in his attitude and conduct towards his parents, teachers, brothers and wife – towards his friends, servants and devotees. Sita represents compassion and grace. She suffers most but preserves herself with patience, love and devotion. Lakshman is the ideal brother, who leaves his wife and love, to serve his brother and his wife. Bharata is the perfect embodiment of purity and selflessness. His devotion and lack of greed lift him to heights of human nobility. Hanuman is a warrior and an ideal ambassador. His devotion to Rama is impeccable. Vibhishana, the brother of Ravana, always stood for truth and honour. Ravana represents evil and his killing by Rama symbolizes the victory of good over evil. The unsung subordinate characters too are equally inspiring – Urmila, Sumitra, Mandodari; Sumantra, Guha, Angada & Jatayu. Feelings and emotions are stirred by all these characters. Some breed hatred and passion corrupting human life. But the noble aura built around the human hero Rama unobtrusively gives him a super human form and so he stands as a role–model, retaining the human element in him. The various messages from the characters that assail us, wave after wave, are the cleansing waters of Ganga that will change the mindset of the people.

Ramayana's message of the triumph of good over evil cuts across the barriers of space and time, and numerous Ramayanas came up with the universal call for peace. Of them the one that became the torch-bearer of Rama's life was Ramcharitmanas written by Goswami Tulsidas. He uses Rama himself to tell the world what right living is. A nice mixture of ethics honesty, devotion and philanthropy – and there will be peace on earth. Rama explains this ***Navadha Bhakti*** to Sabari in the Aranya Kanda, He says: I recognize no other kinship except that of Devotion. Despite caste, kinship, lineage, piety, reputation, wealth, physical strength, family, accomplishments and, ability – a man lacking in Devotion is of no more worth than a cloud without water. I will explain Bhakti which is ninefold. The first is fellowship with the saints; second is marked by a fondness for stories about Me (Rama). Humble service to the lotus feet of one's preceptor is the third form of Devotion, while the fourth type of Devotion consists in singing my praises with a guileless purpose. Chanting my name with unwavering faith constitutes the fifth form of adoration revealed in the Vedas. The sixth variety consists in the practice of self-control and virtue, desisting from manifold activities, and ever pursuing the course of conduct prescribed for saints. He who practises the seventh type sees the world full of Me, without distinction, and reckons the saints as even greater than Myself. He who cultivates the eighth type of devotion remains contended with whatever he gets and never thinks of pointing out others' faults. The ninth form of Devotion demands that one should be guileless and straight in one's dealings with everybody, and should in his heart cherish implicit faith in Me (Rama) without either exultation or depression. Rama concludes by saying – Whoever possesses any one of these nine forms of Devotion, be he man or woman or any other creature – sentient or insentient – is most dear to me.

The eighth form of Bhakti recommends contentment. Desires are limitless. The Consumerism – the consumeristic culture – that we see all around us shows how it is just a 'one way traffic'. On the other hand the sense of self-contentment is evident in many of the characters of Ramayana. Bharata goes one step further. His is the self-sacrificing nature. This is the quality described in the Isa Upanishad – 'tena tyaktena bhunjithah'. If this can be cultivated in the next so many years, Ram Rajya will be established. The concept of 'Vasudhaiva Kutumbakam' will emerge, breaking false barriers and then we can sing 'We are the World".

The message of World Brotherhood will bring about World Peace.

# The Role of Ramayana in Establishing World Peace

*By Dr. Kush Visser from Holland*
*Teacher & Consultant in Vedic Sciences*

Main Remarks

1) Sri Ramayana is an intensely life drama where God impersonates in a human experience and shows the way to ideal living and how to restore *Dharma* (righteousness) on earth.
2) Ramayana in its full range transcends the milestones of history. It is the eternal story of human evolution how to overcome evil and to act perfectly in spite of the circumstances.
3) Ramayana relates its unique story on all levels of life: physical, mental, causal and spiritual. That is why Ramayana has inspired and encouraged so many millions of people from different cultures all over the world.
4) Sri Rama and his three brothers can be compared with the four Vedas, which contain together all wisdom of the universe on all levels of existence. Also the principles of Vedanta, Yoga, Sankhya, Jyotish, etc. are present in the content of Ramayana.
5) Sri Rama is the inner Self or *Atma;* He is the embodiment of love, peace and righteousness, acting through the mind, body and senses of a human being.

6) Ma Sita is the incarnation of wisdom, intellect, devotion and ideal womanship. King Dasharatha is said to be related to the ten senses and his three queens to the three gunas.
7) Sri Hanuman is that humble mind faithful and devotional who gives his life in unconditional love to the Lord. The army of monkeys can be compared with our mind with its thoughts running all over the place and jumping from branch to branch. By His infinite love and guidance Sri Rama leads all thoughts back to one focus point by which the mind becomes extremely strong and able to build the bridge between darkness and light, ignorance and wisdom, death and immortality.
8) How can we build this beautiful bridge of eternal wisdom in a world that is mainly dominated by political and economical powers, international conflicts and terrorism? Sri Rama gives the answer by showing us that real power comes from inside. His thinking and actions are pure and selfless. Functioning from the divine source within there is nothing in the world He cannot achieve in the most perfect and evolutionary way.
9) Ravana represents the selfish ego and arrogance in our world leaders and on the individual level he represents the stress and tensions in our mind and body.
10) On the personal level we have to start with purifying our own mind and body through meditation, yoga and other spiritual tools and seeking for Grace of the Divine. “Transform the world by transforming yourself” is an old saying.
11) On the level of family and society we can come together in spiritual meetings which are like satsangs and pray and meditate for peace in the world.
12) From all countries in the world India has the ancient treasure to change the trend of time through the eternal wisdom of Ramayana and other tools of Vedic wisdom. The divine teachers (satgurus) in India and in the world are able to uplift mankind in our time to higher levels of consciousness and creating Citizens of one World Family.
13) Now is the time that we ourselves can take responsibility in the family of nations to introduce worldwide the Ramayana wisdom of perfect leadership, ideal brotherhood, tender and faithful relationships, ideal leadership and community service, and respectful devotion to God, parents & teachers.
14) The ideal of a harmonious world is expressed in the age-old saying *Vasudaiva Kutumbhakan,* the world is my family. Only through living the universal wisdom and model of Sri Ramayana, in which the whole eternal wisdom of life is mirrored, this ideal can become a daily reality.

*Jai Sri Ram*

# हमारे हनुमान

## (श्रीहनुमानचालीसा की संक्षिप्त व्याख्या)

महात्म्य

भारतीय संस्कृति की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि उसके पास ऐसे ग्रंथ हैं, ऐसी कथाएं हैं, ऐसे चरित्र हैं और उनमें जो सूत्र तथा संकेत हैं उनसे हम अपने जीवन की उलझनों को सुलझा सकते हैं, बिखरे हुए जीवन को समेट सकते हैं। भारतीय संस्कृति की जितनी परंपराएं, पूजा, विधान, शास्त्र और तीर्थ हैं ये सब स्वभाविक, व्यावहारिक, वैज्ञानिक तथा तार्किक हैं। इसमें कुछ भी व्यर्थ नहीं है। ऐसा ही एक संकेत, ऐसा ही एक सूत्र गोस्वामी तुलसीदासजी ने श्रीहनुमानचालीसा के रूप में हमें दिया है।

गोस्वामी तुलसीदासजी ने श्रीहनुमानचालीसा पंद्रह वर्ष की आयु में लिखी थी। श्रीरामचरितमानस के बाद यह तुलसीदासजी की सर्वाधिक लोकप्रिय कृति है। अनेक लोगों को यह कण्ठस्थ है। कई लोगों के जीवन में श्रीहनुमानचालीसा घटी है। यह हनुमानजी का यशगान है। हम जिनका यशगान करते हैं उनके गुण हमारे भीतर उतरने लगते हैं। यशगान एक तरह की उपासना होती है और उपासना का अर्थ है पास में बैठना, यानी स्वयं पूजा करना। आजकल पूजा भी यंत्रवत हो गई है। मनुष्य स्वयं नहीं बैठता, पूजा एक स्वभाव है, आदत नहीं। श्रीहनुमानचालीसा को स्वभाव से याद किया जाए।

एक प्रश्न यह पूछा जाता है कि हनुमानजी बंदर थे या मनुष्य? हनुमानजी वानर थे। वन में रहने वाले नर। मनुष्य कैसे श्रेष्ठ जीवन जीए यह समझाने के लिए परमात्मा मनुष्य का अवतार लेते हैं। शंकरजी ने हनुमानजी का मनुष्य अवतार लेकर हम मनुष्यों को यह बताया है कि श्रेष्ठ जीवन कैसे जिया जाता है। कहते हैं कि केवल मनुष्य के पास यह संभावना है कि वह अपने मनुष्य होने का अतिक्रमण कर सकता है, जानवर के पास नहीं है। मनुष्य यदि ऊँचा उठे तो देवता से ऊपर हो सकता है और यदि उसका पतन हो तो वह जानवर से भी नीचे गिर सकता है।

लेकिन मनुष्य होने में जितना गौरव है उतनी पीड़ा की बात यह है कि काम,

क्रोध लोभ, मद, मोह ये दुर्गुण मनुष्य को सताते हैं और किसी को नहीं सताते। इसलिए हम मनुष्य होने के साथ–साथ परमात्मा का नाम लेकर उसकी लीला को समझकर अपने जीवन को श्रेष्ठ और उत्तम बना सकते हैं। इसीलिए हनुमानजी वानर के रूप में हमारे सामने आए हैं।

इसके आरंभ में दो दोहे हैं मध्य में चालीसा चौपाइयां तथा अंत में एक दोहा आता है। आईए, श्रीहनुमानचालीसा में प्रवेश करते हैं –

दोहा

*1 – श्री गुरु चरण सरोज रज। निज मनु मुकुरु सुधारि।। बरनऊँ रघुबर बिमल जसु। जो दायकु फल चारि।।* – सर्वप्रथम गुरूजी को नमन किया है। यह आहवान किया है कि गुरु के चरण की रज से मैं अपने मन रूपी दर्पण को साफ करता हूं। पहली पंक्ति में ही विरोधाभास है। धूल को साफ किया जाता है, धूल से साफ नहीं किया जाता। लेकिन तुलसीदासजी कह रहे हैं मन रूपी दर्पण को गुरु के चरण की रज से ही साफ करना पड़ेगा। मन रूपी दर्पण का अर्थ है थोड़ा भीतर उतरिए। ह्रदय में टिके। हम अपना बाहरी श्रृंगार, सौंदर्य बाहर के दर्पण में देखते हैं, लेकिन जब आत्मा देखनी हो, व्यक्तित्व का भीतरी सौंदर्य देखना हो तो मन रूपी दर्पण में उतरना पड़ेगा।

दूसरी पंक्ति में लिखते हैं *जो दायकु फल चारि*... आपको चार फल मिलेंगे। मनुष्य को चार फल की आकांक्षा है – धर्म, अर्थ, काम और मोक्ष। पहली पंक्ति में ही गोस्वामीजी ने फल श्रुति बता दी है। सामान्यतः ऐसा होता है ग्रंथ की फल श्रुति ग्रंथ के समापन पर बताई जाती है। यह अग्रिम का जमाना है गोस्वामीजी को मालूम था कि लोग भरोसा नहीं करेंगे, लोगों को आश्वासन चाहिए कि श्रीहनुमानचालीसा में क्यों प्रवेश करें? इसलिए प्रवेश करें कि आपको धर्म, अर्थ, काम, मोक्ष जिस भी स्वरूप में चाहिए श्रीहनुमानचालीसा से मिलता है। *दोहा – 2 – बुद्धिहीन तनु जानिके। सुमिरौं पवन–कुमार। बल बुद्धि बिद्या देहु मोहिं। हरहु कलेस बिकार।।* – गोस्वामीजी कह रहे हैं कि आप मुझे बल, बुद्धि, और विद्या प्रदान करें। ये तीन अलग–अलग बातें हैं। आगे बताया गया है कि हमारे जो क्लेश हैं , विकार हैं श्रीहनुमानचालीसा उन्हें हर लेती है। प्रथम पंक्ति में ही गोस्वामीजी आश्वस्त कर रहे हैं, पांच क्लेश आदमी को पीड़ा पहुंचाते हैं – अविद्या, अस्मिता, राग, द्वेष और अभिनिवेश। अभिनिवेश का

मतलब मृत्यु का भय। और छः विकार हैं – काम, क्रोध, लोभ, मद, मोह और मत्सर। ये मनुष्य को उसकी दिशा से भटकाते हैं।

## चौपाई

*1 – जय हनुमान ज्ञान गुन सागर। जय कपीस तिहुँ लोक उजागर।* – श्रीहनुमानचालीसा का आरंभ जयकारे से हुआ है। तुलसीदासजी का कहना है उत्साह बने रहना चाहिए। आरंभ हुआ है तो जय की ही कामना से हुआ है। पराजय में भारतीय संस्कृति का विश्वास नहीं है। पहला संबोधन लिखा हनुमान। बजरंगबली के अनेक नाम हैं उसमें से हनुमान शब्द गोस्वामाजी को बहुत प्रिय है। बहुत छोटी–सी कथा है। हनुमानजी ने एक बार सूरज को मुंह में रख लिया था। इंद्र ने वज्र का प्रहार किया। हनुमानजी बेहोश हो गए। उनकी ठोढ़ी जिसे "हनु" कहते हैं वो टूट गई इसलिए उनका नाम हनुमान पड़ा। हनुमान का एक और अर्थ है जो अपने मान का हनन कर दे, वे हनुमान हैं। फिर लिखा है आप ज्ञान और गुण के सागर हैं। श्रीहनुमानचालीसा यह घोषणा करती है कि जिसके पास ज्ञान हो उसके पास गुण अवश्य हों। *जय कपीस...*"कपीश" मतलब वानरों के राजा। लेकिन वानरों के राजा तो सुग्रीव थे। तुलसीदासजी का मानना है कि कपीश इसलिए लिखा कि सुग्रीव तो केवल किष्किंधा के राजा थे और हनुमानजी सबके दिल पर राज करते हैं और आज भी कर रहे हैं इसलिए असली कपीश तो हनुमानजी हैं। *2 – रामदूत अतुलित बल धामा। अंजनि–पुत्र पवनसुत नामा।।* – दूसरी चौपाई में हनुमानजी का पद क्या है यह बताया है। हनुमानजी रामजी के दूत हैं। यही उनका पद है। यदि आज की भाषा में समझें और रामजी की कोई कंपनी हो तो हनुमानजी उसके सीईओ हैं। सर्वाधिक महत्वपूर्ण पर पर बैठे हैं। रामजी के सारे काम वे ही पूरे करते हैं। अगली पंक्ति में लिखा है *अंजनि पुत्र...*मां को याद किया है गोस्वामीजी ने। ममता का सम्मान किया है। मातृत्व का आहवान किया है। हनुमानजी जो कुछ भी हैं वो अंजनि माता के कारण हैं। हनुमानजी बचपन में बहुत उत्साही, ऊर्जावान और उत्पाति भी थे। अपने बच्चों की ऊर्जा का कैसे रचनात्मक उपयोग करना, यह अंजनि मां से सीखा जाए। हनुमानजी के रोम–रोम में यदि राम हैं तो रक्त–रक्त में मां अंजनि की ममता बहती है। मां अंजनि ने हनुमानजी को गढ़ा था, तैयार किया था।

एक प्रसंग है। सुंदरकांड में अशोक वाटिका में सीताजी बैठी हुई थीं, दुखी थीं। रामजी का संदेश लेकर हनुमानजी पहुंचे। सीता माता को रामजी का संदेश सुनाया। उनका दुख चला गया। उन्होंने हनुमानजी को आशीर्वाद दिया और उस आशीर्वाद के साथ तुलसीदासजी ने हनुमान के मुंह से मातृत्व के लिए इतनी अच्छी घोषणा की है कि लोगों को ये पंक्तियां अपने घरों में लिखकर रखना चाहिए। जैसे ही आशीर्वाद प्राप्त हुआ माता के चरणों में गिरते हुए हनुमानजी बोले, *"अब कृतकृत्य भयउँ मैं माता, आसीष तब अमोघ बिख्याता।"* आपका आशीर्वाद अमोघ है, अचूक है। यह जग प्रसिद्ध होगा। हनुमानजी ने घोषणा की है जो लोग मां का आशीर्वाद प्राप्त कर लेते हैं वे धन्य हो जाते हैं। विद्वानों का ऐसा कहना है कि भगवान् बिना अवतार के सशरीर यदि संसार में कहीं रहता है तो मां के रूप में रहता है। *3 – महाबीर बिक्रम बजरंगी। कुमति निवार सुमति के संगी।।* – आप महावीर हैं। कुछ लोग वीर होते हैं, कोई परमवीर होता है ये महावीर हैं। परंतु केवल वीर होने से कुछ नहीं होगा, ये पराक्रमी भी हैं। *कुमति निवार सुमति*...दुर्बुद्धि को दूर करते हैं, सुबुद्धि को हमें देते हैं। जो बुद्धि संसार में लगे वो आसक्ति है और जो परमात्मा में लगे वो भक्ति है। *4 – कंचन बरन बिराज सुबेसा। कानन कुंडल कुंचित केसा।। 5 – हाथ बज्र औ ध्वजा बिराजै। काँधे मूँज जनेऊ साजै।।* – यह हनुमानजी के श्रृंगार का वर्णन है। हनुमानजी यूं तो ब्रह्मचारी थे। पर गोस्वामीजी लिखते हैं *कंचन बरन*... सुनहरे रंग जैसा आपके शरीर का रंग है। सुदंर वस्त्र पहने हैं आप, कानों में कुंडल हैं, घुंघराले बाल हैं, गले में माला है, कांधे पर जनेऊ है, हाथ में ध्वजा है। ये सब मांगलिक चिन्ह हैं। ऐसा सौंदर्य है हनुमानजी का। हनुमानजी अपने भक्तों को बताना चाहते हैं कि ब्रम्हचारी होने का अर्थ यह नहीं कि आदमी ओघर हो जाए। सौंदर्यबोध परमात्मा के दर्शन में साधक होता है। हनुमानजी कहते हैं व्यवस्थित रहना भी एक गुण और धर्म है। *6 – संकर सुवन केसरीनंदन। तेज प्रताप महा जग बंदन।।* – विद्वानों ने इस चौपाई के दो अर्थ किए हैं। एक तो हनुमानजी स्वयं शंकर हैं या शंकर के पुत्र हैं। गणेशजी भी शंकर पुत्र हैं। हनुमानजी और गणेशजी में कुछ समानताएं हैं। दोनों सार्वजनिक देवता हैं। एक का स्मरण किए बिना कोई कार्य आरंभ नहीं होता और दूसरे को याद किए बिना कोई कार्य समाप्त नहीं होता। शंकरजी के परिवार में बल और विवेक, विश्राम और स्फूर्ति का यह अद्भुत समन्वय है। *7 – बिद्यावान गुनी अति चातुर। राम काज*

*करिबे को आतुर।।* – मनुष्य को विद्वान होना चाहिए, पढ़ा–लिखा होना चाहिए। गोस्वामीजी कह रहे हैं निरक्षरता पाप है, साक्षर बनें। लेकिन विद्वान गुणी भी हो। केवल विद्वान हो और गुणी भी हो तो इससे भी काम नहीं चलने वाला। गोस्वामीजी को चार सौ साल पहले मालूम था, अतः उन्होंने कहा आदमी को चतुर भी होना चाहिए। फिर उनको ध्यान आया कि केवल चतुरता से भी काम नहीं चलेगा। तो चतुर के साथ अति लगा दिया। साथ ही लिखा है आप राम काज करने को आतुर हैं। राम काज का अर्थ है जो भी श्रेष्ठ व्यवस्था है, जो भी उत्तम व्यवस्था हो, ऐसा जो भी काम हम कर रहे हों उसमें हमें आतुर होना चाहिए। आलस्य का अध्यात्म में कोई स्थान नहीं है। *8 – प्रभु चरित्र सुनिबे को रसिया। राम लषन सीता मन बसिया।।* – इन पंक्तियों में व्यक्त है कि हनुमानजी रामजी के चरित्र को सुनने के बड़े रसिया हैं। यूं तो वे बहुत व्यस्त रहते हैं पर जब भी समय मिलता है रामकथा सुनते हैं। हम सब भी बहुत व्यस्त रहते हैं। लेकिन जब भी समय मिले रामकथा सुनिए, सत्संग करिए, संतों की वाणी को सुनिए।

कथा सुनने के तीन तरीके होते हैं – एक तो श्रोता समझदार हो, दूसरा हरि का दास हो और तीसरा रसिया हो। बिना रस के कथा समझ में नहीं आएगी। हनुमानजी बहुत अच्छे वक्ता थे। इतने अच्छे वक्ता थे कि उन्होंने रावण को भी हिला कर रख दिया था। लेकिन जितने अच्छे वक्ता हैं उतने अच्छे श्रोता भी हैं। जीवन में यह एक सूत्र श्रीहनुमानचालीसा हमें दे रही है। हमारे यहां जो बहुत अच्छा वक्ता होता है फिर वह बहुत अच्छा श्रोता नहीं होता। उसको बहुत तकलीफ होती है सुनने में। वक्ता यानी मंच का वक्ता ही नहीं। यदि आप पद में बड़े हों, घर में बड़े हों, कहीं और प्रमुख हों तब भी आप वक्ता होते हैं, आपकी बात सुनी जाती है। जो प्रमुख लोग होते हैं, बड़े लोग होते हैं फिर वो छोटों की बात नहीं सुनते। उनको सुनने की आदत नहीं रहती। श्रीहनुमानचालीसा कह रही है, हनुमानजी का चरित्र कह रहा है कि यदि आप बहुत अच्छे वक्ता हैं, प्रामाणिक वक्ता हैं तो आपको श्रोता भी होना चाहिए, सुनना भी आना चाहिए। आगे चौपाई में लिखा है कि – *राम लखन सीता मन बसिया।* हनुमानजी रामजी, लक्ष्मणजी और सीताजी के मन में बसते हैं। किसी के मन में स्थान बनाने के लिए क्या करना पड़ता है। यह केवल भजन से नहीं होता। इसके लिए आदमी को अपना अस्तित्व खोना पड़ता है। हनुमानजी पूर्ण समर्पण के

देवता हैं और पूर्ण समर्पण का अर्थ है अपना वजूद खो दीजिए, तब ही दुनिया में आपका वजूद रह पाएगा। जब पूर्ण समर्पण से आप अपने व्यक्तित्व को मिटा देते हैं तभी आपका व्यक्तित्व निकलकर आता है। *9 – सूक्ष्म रूप धरि सियहिं दिखावा। बिकट रूप धरि लंक जरावा।।* – सीताजी को सूक्ष्म रूप दिखाया और बड़े होकर लंका को जलाया, राक्षसों को मारा। यहां बड़े सूत्र की बात आती है। कहां छोटा होना और कहां बड़ा होना यह हनुमानजी से सीखें। भगवान् के सामने, सीताजी के सामने छोटे थे और बुराइयों का नाश करने में बड़े हो गए। हम लोग जहां बड़े होते हैं, जहां ऊँचे होते हैं, उच्च पद पर होते हैं तो छोटा होना भूल जाते हैं। कई बड़े लोग, कई ऊँचे लोग, कई ऊँचे औहदे पर बैठे लोग जब घर आते हैं तो जहां छोटा होना होता है वहां छोटा नहीं होता आदमी वहां बड़ा का बड़ा ही चला आता है। अपनी ऐंठ, अपनी अकड़, अपना पद, अपनी उच्चता ये सब लेकर प्रवेश कर जाता है वह। लेकिन हनुमानजी कह रहे हैं कि सूक्ष्म भी होना चाहिए और बड़े भी होना चाहिए। *10 – भीम रूप धरि असुर सँहारे रामचंद्र के काज सँवारे।।* – यहां श्रीहनुमानचालीसा यह संकेत कर रही है कि आदमी का "मैं" अहंकार के रूप में उसके जीवन में उतरता है। अपने मैं को नियंत्रित करिए। परिवार में, समाज में, मित्रों में यदि अपने मैं को नियंत्रित नहीं करेंगे तो अहंकार साथ चलेगा और अहंकार तोड़ देता है। आदमी किस बात का अहंकार पाले। आदमी है क्या? पिता के वीर्य की एक बूंद और माता के रज के कण से बना हुआ यह शरीर जब मिटता है तो मुट्ठी भर राख में तब्दील हो जाता है इससे ज्यादा कुछ नहीं है।*11 – लाय संजीवन लखन जियाये। श्रीरघुबीर हरषि उर लाये।।* – भगवान् भक्त के हृदय में रहते हैं और हम बाहर ही बाहर ढूंढते हैं। थोड़ा भीतर की ओर चला जाए। जितना हम हृदय में उतरेंगे उतना ही परमात्मा के निकट रहेंगे। यहीं हमें हमारी मौलिकता, शांति और मस्ती उपलब्ध होगी। इसका एक अर्थ और है। लक्ष्मण साक्षात् वैराग्य है, उन्हें भी मेघनाद (दुर्गुणों) का बाण लग गया, तब श्रीहनुमान ही काम आते हैं। हमें भी दुष्प्रवृत्तियों के प्रहार से बाबा बजरंगबली ही बचाएंगे। *12 – रघुपति कीन्ही बहुत बड़ाई। तुम मम प्रिय भरतहि सम भाई।।* – हनुमानजी ने औषधि लाकर लक्ष्मणजी की मूर्छा दूर की थी। भगवान ने उनको हृदय से लगाया, और कहा – *तुम मम प्रिय...* भरत के बराबर दर्जा दिया। भगवान् ने उनकी प्रशंसा की थी। याद रखिए संत

और भगवंत जब किसी की प्रशंसा करते हैं तो उसके भाग्य में वृद्धि होती है। इसलिए प्रयास हों कि संत और भगवंत हमारी प्रशंसा करें। हम सौभाग्यशाली होंगे, समाज में पूजे जाएंगे। नेपोलियन एक बात कहता था "मेरे सेनापति पराक्रमी हों न हों सौभाग्यशाली जरूर हो।" हर आदमी चाहेगा कि सौभाग्यशाली व्यक्ति मुझसे जुड़ा रहे। उसका सौभाग्य आपके सौभाग्य और सफलता में साधक होता है। *13 – सहस बदन तुम्हरो जस गावैं। अस कहि श्रीपति कंठ लगावैं।।* – इस चौपाई में श्रीरामजी को श्रीपति यानी लक्ष्मीपति का संबोधन दिया है। यश और लक्ष्मी दोनों हनुमानजी को दी हैं तथा हनुमानजी अपने भक्तों को एक साथ ये दोनों प्रदान करते हैं। बहुत से लोग ऐसे होते हैं जिनके पास लक्ष्मी (धन) तो होती है पर यश नहीं होता। अनेक ऐसे भी हैं जिनके पास यश होता है पर लक्ष्मी से वंचित रहते हैं। ये दोनों जब एक साथ हों तो ऐश्वर्य कहलाता है। *अस कहि श्रीपति कंठ लगावें* ...का अर्थ है श्रीराम ने उन्हें अपनी निकटता प्रदान की। ये चालीस चौपाइयां हमें हनुमानजी की निकटता दिलवाएंगी और हनुमानजी हमें श्रीराम का सानिध्य उपलब्ध कराएंगे। *14 – सनकादिक ब्रह्मादि मुनीसा। नारद सारद सहित अहीसा।। 15 – जम कुबेर दिगपाल जहाँ ते। कबि कोबिद कहि सके कहाँ ते।।* – हे हनुमानजी! आपका यश कौन गा सकता है। श्री सनक, सनातन, सनंदन, सनत कुमार आदि मुनिगण, ब्रम्हा, आदि देवगण, नारद, सरस्वती, शेषनाग, यमराज, कुबेर जैसे बुद्धि–शक्ति सम्पन्न और समस्त दिग्पाल आपका यश गाने में असमर्थ हैं। इसका सीधा सा अर्थ है कभी कोई आपकी प्रशंसा नहीं कर सकता सब कुछ अतुलनीय है। *16 – तुम उपकार सुग्रीवहिं कीन्हा। राम मिलाय राज पद दीन्हा।।* – आपने सुग्रीव पर उपकार किया। उपकार कैसा किया उनको राम भी मिलाए और राज भी दिलाया। यह हमारे बड़े काम की बात है। आदमी को राज भी चाहिए और राम भी चाहिए। केवल राम से पेट नहीं भरता और न ही दुनिया का काम चलता है। केवल राज से चलाएंगे तो एक दिन परेशानी में पड़ेंगे इसलिए राम की भी जरूरत है। हनुमानजी ने सग्रीव को दोनों दिलाए। *17 – तुम्हरो मंत्र विभीषन माना। लंकेश्वर भए सब जग जाना।।* – हनुमानजी की मंत्रणा से, हनुमानजी के मंत्र से विभीषण राजा बन गए। सभी राजा चाहते हैं उनके मंत्री ऐसे मंत्र दें कि सत्ता कायम रहे। *18 – जुग सहस्त्र जोजन पर भानू। लील्यो ताहि मधुर फल जानू।।* – यहां

हनुमानजी के बचपन को याद किया है। बचपन में हनुमान अतिउत्साही, ऊर्जावान, उत्पाति थे। ऋषि–मुनि सब परेशान थे। लेकिन मां अंजनि ने उनका ऐसा लालन–पालन किया कि बालक परम श्रेष्ठ हनुमान हो गए। बहुत दूर दो हजार योजन पर जब सूरज को देखा तब हनुमानजी ने मुंह में रख लिया। मीठाफल जानकर लील लिया। तब एक बड़ी समस्या आई कि ब्रह्मण्ड की सारी गति रुक गई। इंद्र ने वज्र प्रहार कर सूर्य को छुड़ाया था। लेकिन यहां हमारे लिए उपयोगी बात यह है कि उन्हीं सूर्य देवता को बाद में हनुमानजी का गुरु बनाया गया। आज जो पीढ़ी है, जो बच्चे हैं वे हनुमानजी की तरह जिज्ञासु, उत्साही, ऊर्जावान हैं। वे ऐसे ही काम करते हैं सूरज को लपक लेने जैसे। वे जानते नहीं क्या कर रहे हैं। मां अंजनि और पिता केसरी जब सूरज के पास पहुंचे और कहा कि हमारे पुत्र को आप शिक्षा दे दें, तो सूरज ने एक शर्त रखी "मेरी गति रूक नहीं सकती। मैं सतत चलता हूं यदि मुझसे शिक्षा लेना है तो हनुमान को मेरे साथ चलना पड़ेगा जो कि असंभव है।" तब हनुमानजी ने कहा कि "मैं आपके आगे–आगे चलता हूं" हनुमानजी उनके आगे–आगे चले, उनकी तरफ मुंह करके। ऐसे ली हनुमानजी ने पूरी शिक्षा। विद्याध्ययन इतना पुरूषार्थ, परिश्रम मांगता है। इसका अर्थ है घोर अनुशासन हो विद्यार्थी जीवन में। सूरज जैसे ताप संहन करने की शक्ति हो तब विद्या आती है। विद्याध्ययन सरल काम नहीं है। जो विद्यार्थी हैं वे समझें कि हनुमानजी जैसा जीवन हो तब सूर्य जैसा गुरु मिलेगा और हनुमानजी जैसे विद्वान बनेंगे। सूरज की तरफ देखकर हनुमानजी ने शिक्षा प्राप्त की इसका अर्थ है ओज को देखिए, तेज को ताप को बर्दास्त करने की शक्ति हो तो विद्यार्थी कामयाब होगा। विद्या सरल नहीं है। विद्या को आसान न मानें। हमें युवा पीढ़ी को यह बताना पड़ेगा कि जीवन को इन अर्थों में लें। बच्चों को हमें ऐसे सिखाना पड़ेगा जैसे मां अंजनि–पिता केसरी ने हनुमानजी को सिखाया। किष्किंधाकांड का एक प्रसंग है। जब हनुमानजी का लंका जाना तय हो गया तब उन्होंने वानरों की सेना के सबसे वृद्ध, वरिष्ठ जामवंत से पूछा – *जामवंत मैं पूँछउँ तोही उचित सिखावनु दीजहु मोही।।* ये पंक्तियां आज की युवापीढ़ी के लिए बहुत उपयोगी हैं। हनुमानजी को जब कोई काम करने जाना पड़ा तो उन्होंने अपने बुर्जुगों से, जामवंत से यह पूछा कि आप मुझे सीख दें कि मुझे वहां जाकर करना क्या चाहिए। बड़े बुर्जुगों की समाज में, परिवार में, राष्ट्र में इसीलिए

आवश्यकता है कि उनकी सलाह, उनकी आज्ञा उनकी समझाईश जीवन में काम आती है। इसे कभी नकारें ना। आगे गोस्वामीजी ने लिखा है कि क्या किया हनुमानजी ने। *यह कहि नाइ सबन्हि कहुँ माथा। चलेउ हरषि हियँ धरि रघुनाथा।।* ऐसा कहते हुए सबको प्रणाम किया। तीन बातें हनुमानजी ने की थीं। यही हमारी इस पीढ़ी को हमें समझाना चाहिए तीन बातें करें। कोई भी काम करने जाएं तो पहली बात वृद्धों की सलाह लें, दूसरी सबको प्रणाम करें, तीसरी बात हृदय में भगवान् को रखें। यदि आपके हृदय में भगवान हैं और यदि आपके आचरण में विनम्रता है तो सफलता आपके कदम चूमेगी, आपके द्वार खटखटाएगी, आपकी चेरी बनने के लिए बेताब रहेगी। *19. प्रभु मुद्रिका मेलि मुख माहीं। जलधि लाँघि गए अचरज नाहीं।।* भगवान् की मुद्रिका जो राम नाम अंकित थी हनुमानजी ने मुंह में रखी और समुद्र लांघ गए। यहां समुद्र मोह का प्रतीक है। यदि हम जीवन में मोह के सागर को पार करना चाहें तो मुंह में राम नाम रखिए। विद्वानों ने हमारी गृहस्थी को भी सागर बताया है। दाम्पत्य जीवन गृहस्थाश्रम सागर की तरह ही बड़ा गहरा होता है। अनेक नदियां उसमें आकर मिलती हैं, हिलोरें उठती हैं, खारापन होता है, ज्वारभाटा होता है, गृहस्थी इसी का नाम है। संन्यास से अधिक चुनौतीपूर्ण होती है गृहस्थी। ऐसा संन्यासियों ने भी माना है। बड़ी तपस्थली है गृहस्थी। यहां गोस्वामीजी कह रहे हैं कि गृहस्थी के सागर को यदि आपको पार करना है तो *प्रभु मुद्रिका मेलि...*यानी राम नाम यदि हमारे जीवन में है तो हम अपनी इस गृहस्थी के सागर से पार हो जाएंगे। जिसकी गृहस्थी में राम नाम नहीं होता जिसकी गृहस्थी में हनुमान चालीसा नहीं उतरती, जिसकी गृहस्थी में साधु–संत और धार्मिक परंपराएं नहीं उतरतीं वह गृहस्थी फिर दुखी रहती है। वे लोग बहुत परेशान होते हैं। इसलिए अपनी गृहस्थी में श्रीहनुमानचालीसा को उतारा जाए। *20. दुर्गम काज जगत के जेते। सुगम अनुग्रह तुम्हरे तेते।।* – हे हनुमानजी! संसार में जितने कठिन कार्य हैं वे सब आपकी कृपा मात्र से सरल हो जाते हैं। जो हनुमान भक्त हों वो दुर्गम काज करने की तैयारी रखें। सीधा–साधा काम तो दुनिया करती है हनुमानजी के भक्त तो दुर्गम ही करते हैं। और हनुमानजी उसको सुगम बना देते हैं। चुनौती रखिए जीवन में। *21. राम द्वारे तुम रखवारे। होत न आज्ञा बिनु पैसारे।।* – आप रामजी के द्वार के रखवाले हैं, द्वारपाल हैं। हम भी अपने हृदय के द्वारपाल हैं। द्वारपाल में चार

विशेषताएं होती हैं – वह बलवान, सजग, विवेकी और आग्रही होना चाहिए। तो हम भी अपने हृदय को दुर्गुणों से बचाएं यही द्वारपाल की भूमिका है। *22 – सब सुख लहै तुम्हारी सरना। तुम रच्छक काहू को डर ना।।* – सुख उनकी शरण में है वो सुख देते हैं सुख की रक्षा भी करते हैं। *23 – आपन तेज सम्हारो आपै। तीनों लोक हाँक तें काँपै।।* – अपने तेज (शक्ति, पराक्रम, प्रभाव, पौरूष और बल) के वेग को आप स्वयं ही धारण कर सकते हैं। अन्य कोई समर्थ नहीं है। आपकी एक हुंकार मात्र से तीनों लोक कांप उठते हैं। *24 – भूत पिसाच निकट नहिं आवै। महाबीर जब नाम सुनावै।।* – यह पंक्ति श्रीहनुमानचालीसा की सबसे पहली पंक्ति है। संत बताते हैं कि गोस्वामी तुलसीदासजी बचपन में बहुत डरपोक थे। एक बार भूत का आभास हुआ तो डर के मारे पहली पंक्ति जो लिखी वे ये ही थीं – *भूत पिशाच निकट नहीं...*और उसके बाद चालीसा की तैयारी हुई और भारतीय संस्कृति धन्य हो गई इस पंक्ति से। *25 – नासै रोग हरै सब पीरा। जपत निरंतर हनुमत बीरा।।* – श्रीहनुमानचालीसा रोग का नाश करती है, पीड़ा को हर लेती है, ये दो काम करती है। रोग और पीड़ा का मिश्रण डिप्रेशन है। रोग बाहर का मामला, पीड़ा अंदर का। जब ये दो चीजें मिलती हैं तो अवसाद शुरु होता है जीवन में। श्रीहनुमानचालीसा मनुष्य के अवसाद को दूर करती है। विद्वानों का मत है कि परमात्मा के अभाव का एक नाम डिप्रेशन है। यदि परमात्मा आपके जीवन में हैं श्रीहनुमानचालीसा हमारे जीवन में है तो डिप्रेशन दूर हो जाएगा। इस चौपाई में एक शब्द आया है "निरंतर"। यदि जाप, पूजा, भजन, भक्ति करें तो निरंतर करिए। जीवन में कोई भी काम करें यदि उसमें कंटिन्यूटी नहीं है, निरंतरता नहीं है तो सफलता संदिग्ध है। *26 – संकट तें हनुमान छुड़ावै। मन क्रम बचन ध्यान जो लावै।।* – हे हनुमानजी! यदि कोई मन, कर्म और वाणी द्वारा (सच्चे हृदय से) आपका ध्यान करे, तो निश्चित ही आप उसे सारे संकटों से छुटकारा दिला देते हैं।

*27 – सब पर राम तपस्वी राजा। तिन के काज सकल तुम साजा।।* – तपस्वी राम सारे संसार के राजा हैं। आपने ऐसे सर्वसमर्थ प्रभु के कार्यों को पूरा किया। *28 – और मनोरथ जो कोइ लावै। सोई अमित जीवन फल पावै।।* – हे हनुमान! आपके पास कोई किसी प्रकार का भी मनोरथ (धन, संतान, यश की कामना) लेकर आता है। उसकी कामना पूरी होती है। *29 –*

*चारों जुग परताप तुम्हारा। है परसिद्ध जगत उजियारा।।* – जगत को प्रकाशित करने वाले आपके नाम का प्रताप चारों युगों (सतयुग, त्रेता, द्वापर और कलियुग) में प्रसिद्ध रहता है। *30 – साधु संत के तुम रखवारे। असुर निकंदन राम दुलारे।।* – किसी ने गोस्वामी से पूछा आपने साधु और संत अलग–अलग क्यों लिखा। क्या ये अलग–अलग होते हैं? उन्होंने कहा हां, दोनों थोड़े अलग–अलग होते हैं। साधु आरंभ हैं और संत अंत हैं। साधु चलना है संत पहुंचना है। *31 – अष्ट सिद्धि नौ निधि के दाता। अस बर दीन जानकी माता।।* – पुनः उन्होंने प्रतिपादित किया कि जानकी माता के आशीर्वाद से आपको अष्टसिद्धि और नवनिधि मिली थी। ये अष्टसिद्धि, नवनिधि जिसको मिल जाए बस फिर उसको जीवन में कुछ और नहीं चाहिए। आपको जानकी माता ने यह वर दिया था। अणिमा, महिमा, गरिमा, लघिमा, प्राप्ति, प्राकाम्य, ईश्त्व, वशित्व ये आठ सिद्धियां होती हैं। ये सिर्फ मां के आशीर्वाद से मिलती हैं। *32 – राम रसायन तुम्हरे पासा। सदा रहो रघुपति के दासा।।* – यह अजीब सा एक शब्द आ गया "राम रसायन" । लेकिन राम नाम का एक रसायन भी होता है। विज्ञान के विद्यार्थी जानते हैं हमारे यहां रसायनशास्त्र को "केमेस्ट्री" कहते हैं। राम के रसायन में दस बातें होती हैं जिस मनुष्य को राम रसायन मिल जाए तो उसको ये दस चीजें मिल जाती हैं। दीर्घायु, आरोग्य, यौवन, सुवर्ण सी देह, सुगठित देह, बुद्धि–बल, तीव्र स्मरण शक्ति, सुंदर कंठ, इंद्रियों की पटुता और दसवीं बात उसको तेज मिलता है। ये दस बातें हनुमानजी के पास हैं और वे अपने भक्तों को देते हैं। रसायन से मतलब केमेस्ट्री। हम लोग आपस में बात करते हैं हमारी उससे केमेस्ट्री अच्छी है। हनुमानजी गृहस्थों के देवता हैं और ध्यान रखें कि गृहस्थी केमेस्ट्री से चलती है फिजिक्स या गणित से नहीं। मैं देश में और विदेश में कहीं जाता हूं तो खास तौर से माताएं और बहनें यह पूछती हैं कि हम हनुमानजी को कैसे पूजें? हनुमानजी तो ब्रह्मचारी हैं तो क्या हम पूज सकते हैं? मैं आपसे निवेदन करता हूं हनुमानजी जीवित देवता हैं। हनुमानजी संबंधों का निर्वाह करने वाले देवता हैं। हनुमानजी से आप भाई का संबंध रख लीजिए, पिता का संबंध रख लीजिए, पुत्र का संबंध रख लीजिए। हनुमान जी के ब्रह्मचर्य में कोई बाधा नहीं आती। जो परिवार में जीते हैं, जो दाम्पत्य में जीते हैं हनुमानजी उनके देवता हैं। रामजी के सारे काम संवारे और रामजी गृहस्थ थे। इसलिए

दाम्पत्य में हनुमानजी को स्मरण करिए। *33 – तुम्हरे भजन राम को पावै। जनम जनम के दुख बिसरावै।। 34 – अंत काल रघुबर पुर जाई। जहाँ जन्म हरि–भक्त कहाई।। –* आपके भजन से प्राणियों को जन्म–जन्म के दुखों से छुटकारा दिलाने वाले भगवान् श्रीराम की प्राप्ति हो जाती है। अंत समय में मृत्यु होने पर वह भक्त प्रभु के परमधाम जाएगा और यदि फिर से जन्म लेना पड़ा तो उसकी प्रसिद्धि हरिभक्त के रूप में हो जाएगी। *35 – और देवता चित्त न धरई। हनुमत सेइ सर्व सुख करई।।* आपकी इस महिमा को जान लेने के बाद लोग अन्य देवता को अपने चित्त में स्थान नहीं देंगे। केवल आपकी ही सेवा में सारे सुख मिल जाएंगे। *36 – संकट कटै मिटै सब पीरा। जो सुमिरै हनुमत बलबीरा।।* जो लोग हनुमानजी का स्मरण (सुमिरन) करते हैं उनके संकट दूर होते हैं, पीड़ा मिट जाती है। *37 – जै जै जै हनुमान गोसाईं। कृपा करहु गुरु देव की नाईं।। –* हे हनुमानजी! तीनों काल (भूत, भविष्य, वर्तमान) में आपकी जय हो। आप मेरे स्वामी हैं, श्री गुरु देव की तरह मुझ पर कृपा करिए। गोस्वामीजी यह घोषणा करते हैं कि आज के युग में गुरु बनाना बड़ा कठिन है। जिसको देखें, जिसमें झांके उसमें कोई एब नजर आता है। उन्होंने कहा कोई गुरु न मिले तो आप हनुमानजी को गुरु बना लीजिए। *38 – जो सत बार पाठ कर कोई। छूटहि बंदि महा सुख होई।। 39 – जो यह पढ़ै हनुमान चलीसा। होय सिद्धि साखी गौरीसा।। –* जो इस श्रीहनुमानचालीसा का सौ बार पाठ करता है वह सारे बंधनों और कष्टों से छुटकारा पा जाता है और उसे महान् सुख की प्राप्ति होती है। *होई सिद्धि साखी गौरीसा* का अर्थ है शंकर और पार्वतीजी। शंकरजी विश्वास हैं पार्वतीजी श्रद्धा हैं इनकी शपथ लेकर श्रीहनुमानचलीसा पढ़ी जाए। यह आहवान किया है अंत में कि श्रद्धा और विश्वास की छांव में आप श्रीहनुमानचालीसा को स्मरण करिए। *40 – तुलसीदास सदा हरि चेरा। कीजै नाथ हृदय महँ डेरा।। –* हे हनुमानजी! यह तुसलीदास सदा सर्वदा के लिए श्रीराम (हरि) का सेवक है। ऐसा समझ कर आप उसके (तुलसीदास) के हृदय में निवास करिए।

दोहा

*पवन तनय संकट हरन, मंगल मूरति रूप। राम लषन सीता सहित, हृदय बसहु सुर भूप।।* – हे पवनसुत ! आप सारे संकटों को दूर करने

वाले साक्षात् कल्याण स्वरूप हैं। आप भगवान् श्रीराम लक्ष्मणजी और सीताजी के साथ मेरे हृदय में निवास करें। उन्होंने अंतिम पंक्तियों में ये कहा है – *"हृदय बसहु सुर भूप ...* मेरे हृदय में बसिए। जीवन जीने की दो ही शैली हैं – या आप स्वभाव से जी लें या आप व्यवहार से जी लें। इन दोनों के संतुलन में जियेंगे तो ये जीवन–प्रबंधन है। हनुमानजी को हृदय में बसाइये। अध्यात्म हृदय से संचालित होता है। थोड़ा भीतर उतरिए, थोड़ा अंतर आत्मा को पहचानिए। जितना आप भीतर उतरेंगे, उतना अपने आपको परमात्मा के निकट पाएंगे। श्रीहनुमानचालीसा को यदि जीवन में उतारना है तो पहले हृदय में उतार लीजिए। लोग पूछते हैं श्रीहनुमानचालीसा करेंगे तो इसका क्या फल मिलेगा? इसका सबसे बड़ा फल यह है कि फल की चाह ही समाप्त हो जाएगी।

जब भी अवसर मिले, जितना भी अवसर मिले अपने निजी जीवन में, अपने परिवार में, अपने बच्चों के जीवन में श्रीहनुमानचालीसा उतारिए। हनुमान एक ऐसे देवता हैं जो जीवित हैं, सक्षम हैं और हमको आभास कराते हैं कि वे हमारे साथ हैं। हनुमान साथ हैं तो ऊर्जा, उत्साह, सफलता, समर्पण, भक्ति तथा सीता और रामजी हमारे साथ हैं। मैं मंगलकामना करता हूं सबका यश हो, मंगल हो, शुभ हो।

# Ramayan and Environment in the Twenty First Century

Sant Ram Tiwari Ramayni, India

रामायण विश्व विश्रुत सदग्रंथ है और विश्व साहित्य में रामायण ऐसी रचना है जो अनेक भाषाओं और विश्व के भिन्न – भिन्न देशों में अनुदित एवं उपलब्ध है । जिसमें पारिवारिक जीवन, पतिव्रत धर्म के आदर्शो के साथ 2 बालक, युवा वृद्ध, नारी, प्रजा सभी के लिये सदाचार की शिक्षा प्रदान करता है । यद्पि रामभद्र को केन्द्र बनाकर अनेकों रामायाण ग्रंथ लिखे गये हैं ।

''नाना भांति रामअवतारा । रामायण सतकोटि अपारा ।''

विश्व के अनेक देशों के विद्वानों ने अनेक भाषाओं में रामायण की रचना किये हैं, जिसमें आदिकवि बाल्मीकि से लेकर तुलसीदास तक अक्षुण है । रामायण की गणना करना कठिन है । रामायण मेरी दृष्टि में विश्व का एक अत्यंत उच्चकोटि का ग्रंथ है । जिसमें जीवन प्रेरक, शांतिदायक महाकव्य है जो किसी सम्प्रदाय/देश तक सीमित नहीं अपितु विश्व व्यापी है ।

रामकथा जीवन के प्रत्येक अंश को इतने समीप से स्पर्श करती है । गोस्वामी तुलसीदास जी द्वारा रचित रामचरित मानस विश्व की सर्वोत्तम ग्रंथ है, जिसमें उन्होने कहा की राम तो निरंतर वर्तमान है जहॉ हतोत्साही को बल, दुखी को साहस और भक्तों को ज्ञान देना है । अतः रामायण विश्व के अनेक समस्याओं के समाधान में योगदान कर सकता है । अतः रामायण ह्रदयागंम योग्य है ।

इसीलिएः–

पढलो,समझ लो, लगालो मनमाने अर्थ ।
पंडित, प्रवीण तुम्हे कौन कठिनाई है ।
किन्तु इस मानस अखंड महासागर में ।
को जाने कहां पर कितनी गहराई है ।
देश और विदेशों के पंडित प्रवीणों ने ।
इस मानस की न गरूता तौल पाई है ।
देती है दुसह दुख, सदा के लिये ।
इसे खेल मत समझो, यह तुलसी कविताई है ।

अंतरिक्ष एवं खगोल वैज्ञानिक जब ब्रम्हांड के किसी भी ग्रह में जीवों की संभावना पर खोज करते है तो सर्व प्रथम यह जानने का प्रयास करते है कि क्या उक्त ग्रह में वनस्पति या पेड, पौधे विद्मान है । यदि वृक्षों का संसार है तो वहां जीवों की उपस्थिति की पूर्ण संभावना है । क्योंकि जीव जगत का वनस्पतियों से अन्योन्यांश्रित संबंध है ।

विश्व के सभी रामायणों में श्री राम के वनगमन, मार्ग में वन्य, जुगलों, पशु–पक्षियों से संबंध है । गोस्वामी तुलसीदास द्वारा रचित रामचरित मानस को कोई स्थलऐसा नहीं है, जहां सुंदर, वृक्षों, द्रुम, लताओ, पशु पक्षियों, सरिता, सरोवरों का चित्रण न हो । मिथिला की पुष्प वाटिका, अयोध्या के सरयू तटवर्ती उधान या दण्डकारव्य वन गमनमार्ग में अनेक स्थल जैसे चित्रकूट केमनोरम सुषमायुक्त वन, दण्डकारव्य 'छत्तीसगढ' के अनेक स्थलों, नदीं झरनों पर्वतों का उल्लेख है, साथ हीं पंचवटी के पर्ण कुटीर, पम्पासुर का सुरम्य स्थाल, शबरी तथा अनेक ऋषि, मुनियों, के आश्रमों में जहां 2 श्रीराम पधारे, वहां 2 वनों जंगलों का विशेष उल्लेख है ।

जब कैकेयी ने श्रीराम को 14 वर्षो के वनवास की बात पिता के आदेश कहा तो प्रभू श्री राम प्रसन्न हो जाते हैं । चूँकि वे महान पर्यावरण प्रेमी थे इसीलिये कहते हैं – मां आपने मुझे वन जाने का आदेश देकर सभी भांति से मेरा हित चाहा है :–

मुनि गन मिलनु विशेषि वन, सबहि भांति हित मोर ।
तेहि मंह पितु आयसु, संम्मत जननी तोर । 2:41
भरत प्रान  प्रिय पावहि राजू, विधि सब विधि मोहि सन्मुख आजू ।
नौ न जांउ वन ऐसेहू काजा, प्रथम गनिअ मोहि मूढ समाजा।। 2:41 '1व2'
वे सदैव पशु पक्षियों, बंदर भालुओं गिरिजनों से प्रेम करते थे ।
इसलिये गीद्घराज को भी पिता तुल्य मानते हुये उनका अपने हाथों से श्राद्व किया
जहां सिसुधा पुनीत्त तरू रघुवर किए विश्राम ।
अति सनेह सादर भरत कीन्हेहु दण्ड प्रणाम ।। 2:198

जहॉ जहॉ प्रभू श्री राम वृक्ष के छाया में विश्राम किये वहॉ३उस पुण्य वुक्ष को भरत जी प्रणाम करते हैं ।

इक्शिवीं सदी के दहलिज पर आज के दुनिया जैसे जैसे विज्ञान और प्रौद्योगिकी के स्तर पर एकीकृत होती जा रही है साथ ही इक्शिवीं शताब्दी में विश्व की बढती हुई आबादी का दबाव और प्रोद्योगिक प्रगति का प्रतिकुल प्रभाव सबसे अधिक पर्यावरण पर पडा है । और विकास के आड में वनों, वृक्षों और सरिता, सरोवरों का विनाश किया जा रहा है । तो इस शताब्दी में मानव जाति को यदि सबसे बडी विनाश का खतरा है तो वह पर्यावरण के असंतुलन से है । आज विश्व के बडे बडे देश अणु और परमाणु बमों के परीक्षण एवं अनुसंधान पर लगे हुये हैं जिससे समस्त पृथ्वी के जीवन जन्तुओं, पशु पक्षियों के विनाश के कारण हो सकते हैं ।

आज के मानव प्रकृति को नष्ट कर भौतिक सुविधाओं से लैस, इमारतों के निर्माण में लगा हुआ । ऐसे में रामायण ही ऐसा ग्रंथ है, जिसमें त्याग की बात कही गयी है । जिसमें श्रीराम राजमहल का परित्याग कर जंगलों में निवास करते हैं । चित्रकूट, दण्डकारण्य, पंचवटी श्रीराम को प्रिय है । जहां पावन वन सुहावने विहंग और मृग हैं।

सुरतरू सरिस सुभय सुहाए, मनहु विबुध वन परिहरि आए ।

गुंज मंजुतर मधुकर श्रेणी । त्रिविध बयारि बहई सुख देनी । 2/136'7:8'

आज का सबसे बडा संकट पर्यावरण का है जिसे रामायण में प्रकृति के विविध रूपों के चित्रण एवं उसके महत्व के माध्यम से व्यक्त किया है ।

रघुवंश महाकाव्य में महाकवि कालीदास ने हिमालय के तलहटी में स्थित गगनचुंबी, देवदारू के वृक्षों को शिव– पार्वती की पुत्रों की संज्ञा दी है । यदि उन वृक्षों को शिव–पार्वती की पुत्रों की संज्ञा दी है । यदि उन वृक्षों को गाय ने अपने सींग से या हाथी ने अपने दांत से खुजला दिया और तनिक भी खरोच लगी तो पार्वती जी इतना व्याकुल हो जाती है जितने देवासुर संग्राम में अपने पुत्र के घायल पर नहीं हुई थी ।

अमुं पुरः पश्यसि देवदारूं । पुत्रीकृतो सोवृषभः ध्वजेन ।

यो हेम चुंम स्तन निसृतानां । स्कन्दस्य मातुः पयसां रसज्ञः ।।

ये देवदारू के वृक्ष भगवान शंकर के पुत्र तो है ही जिनके जडों को भगवती पार्वती जी ने गंगा का जल कलस में भरकर अपने स्तन द्रेय से स्पर्श कराकर सिंचती रही है । उन्हें पार्वती के पुत्र न कहा जाए तो क्या कहा जाए और राजा दिलीप के सामने जंगल में भगवान शंकर द्वारा नियुक्त प्रहरी शेर ने वृक्षों को क्षति पहुँचाने वाले को प्राण दंड देने की धमकी दी थी । आज वृक्षों की अंधाधुन कटाई करने वाले को कौन सा दंड उपयुक्त होगा ?

यहां एक यथाथ्र कथा का चित्रण करना प्रासंगिक होगा :– संत कबीर को कौन नहीं जानता वे चरखा कातकर, चादर बुनकर अपनी जीविको चलाते और भगवान का भजन करते थे । एक बार उनके चरखे की लकडी टूट गई । एक लकडकारे को साथ लेकर जंगल लकडी काटने पहूँचे, जब लकडहारा अपने कुल्हाडी से पेड पर प्रहार करने लगा तब कबीर ने कहा ठहरो और इतना कहकर ध्यान मग्न हो गये । थोडी देर बाद जब आंखे खोली तो कहा पेड में कुल्हाडी मत चलाना मैंने ध्यान में देख लिया है कि पेड के प्रत्येक डाली एवं पत्तों में प्रभु श्री राम विराजमान है । कुल्हाडी चलाई तो उसके सिर पर लग जायेगी । चलो लौट चलें :–

डाली तोडु न पातीं तोडु न कोई जींव सतांउ ।
पात – पात में प्रभु बसत हैं ताको शीश नवांउ ।।
चलो मैं अपने राम रिझाउं ।।

चलो मेरे राम प्रसन्न रहें चरखा बने या न बने पेड हीं न काटो आखिरकार लकडी नहीं आई चरखा नहीं बना चादर नहीं बुन पाये और चुल्हा नहीं जला । क्योंकि चादर बेच कर हीं उनकी जींविका चलतीं थीं । कबीर का परिवार भूखा रह गये पर पेड नहीं काटे ।

काश मनुष्य को वृक्षों के प्रति कबीर जैसे संवेदना और प्रीति हो तो तभी ही भगवान श्रीराम को आश्रय एवं छाया प्रदान करने वाले वृक्ष बस सकते हैं । हमारी संस्कृति अरण्य संस्कृति है । जहां वन, उपवन, लता, सरिता, सरोवर यदि बचे रहेगें तो पृथ्वी में जीवधारियों की उपस्थिति अनंत काल तक बनी रहेगी ।

बर्मिधम यू0के0 22वें अन्तराष्ट्रीय रामायण सम्मेलन में मुझे अपने विचार रखने का अवसर दिया मैं आयोजकों /व्यवस्थापकों का आभारी हॅू जिन्होने राम कथा के प्रचार–प्रसार में अपना योगदान दिया । इसलिये बाल्मीकी जी ने कहा है कि :–

यावत स्थस्यन्ति, गिरयःसरिश्च महीतले ।
तावद रामायण कथा लोकेषु प्रचारष्यिति ।। बा0रा0‘3/36’

जब तक पृथ्वी पर पर्वतो, नदीयों का आसित्व रहेगा तब तक संसार में रामायण कथा का प्रचार प्रसार होता रहेगा ।

# वैश्वीकरण में रामायण का योगदान

एच. भीष्म पाल

वास्तव में राम चरित की परिभाषा जिनती `सरल है, उतनी ही अत्यंत कठिन भी है। विश्व में अनेक अवतार अथवा पैगम्बर हुए हैं परन्तु भारत में जन्मे विलक्षण विभुति, श्री राम का अपना अलग स्थान है। श्री राम ने अपने नाम से अथवा अपनी इच्छा से न तो कोई संप्रदाय चलाया अथवा किसी मत मंतारत को जन्म दिया। वे तो केवल मानवता के पक्षधर रहे हैं। मूसा-ईसा-गौतम बुद्ध-महावीर और मोहम्मद द्वारा यहूदी-ईसाई-बुद्ध-जैन और इस्लाम मत की दीक्षा दी गई। केवल राम ही इस परंपरा में उपवाद हैं। मानवता व न्याय के पक्षधर, श्री राम किसी मत संप्रदाय से न जुड कर समस्त मानव समाज के प्रतीक के रूप में जाने जाते है। सर्वमान्य महापुरूष होने के नाते राम ही एक मात्र 'मर्यादा पुरूषोत्तम' हैं।

रामायण अन्य धर्मग्रन्थों की तरह किसी मत संप्रदाय का ग्रन्थ नहीं है। राम चरित मानस में गोस्वामी तुलसी दास ने कहा है 'राम हि केवल प्रेमधारा-जान ले जो है, जावन हारा': जब-जब होए धरम की हानि-बाढ़हि असुर अधम अभिमानी तब-तब प्रभु धरि विविध सरीरा - हरहि कृपानिधि; सज्जन पीरा।।'' यह था राम अवतार का हेतु। अवतारों के समूह में श्री राम का अपना अलग स्थान है। प्रेम-सेवा-भ्रातत्व-त्याग और अन्याय की समाप्ति ही उनका विश्व को संदेशं है। संसार की सेवा करो, ईश्वर से प्रेम करो और स्वयं को संतोष दो - यही राम की दीक्षा का महामंत्र है। यही रामायण का सार है। रामायण अन्य धर्मग्रंन्थो की तरह किसी मत-संप्रदाय का ग्रन्थ नहीं है। इतना प्रतिबंधित होते हुए भी हम देखते हैं कि राम भारत ही नहीं वरन् विश्व स्तर पर सर्वाधिक लोकप्रिय महापुरूष हैं। मेरे विचार से यही बात इस सत्य को प्रमाणित करती है कि राम का चरित्र अथवा राम कथा विश्व स्तर परे सर्वाधिक लोक प्रिय है।

'श्री राम चरित मानस' एक ऐसा ग्रंथ है जिनमें तीन दीपक-ज्ञान, मुक्ति एवं कर्म अपना दिव्य ज्ञान प्रकाश समस्त संसार में फैला रहे हैं। श्री तुलसीदास का ज्ञान स्वरूप इस प्रकार दृष्टव्य है-

ईश्वर-अंस जीव अविनाशी, चेतन अमल सहज सुखरासी।
सो माया वस मेयेऊ गुंसाई, बाध्यों कीर मरकट की नाई।।

भक्ति ज्ञान को उन्होने पंचम पुरूषार्थ के रूप में इस प्रकार दिखाया। उनके अनुसार भक्ति चितांमणि की भांति है।

अर्थ न धर्म न काम रूचि न गत न चहीं निरवान।
जन्म-जन्म सियाराम पर यह वरदान न आन।।

गोस्वामी तुलसी दास जी कर्म को प्रधान प्रतिपादित करते है:-

कर्म प्रधान विश्वकरी राखा, जो जस करे तैसा फल चाखा।।
एवं-कर से कर्म करहूँ विधि नाना। मन राखहूँ जहां कृपा निधाना।।

यदि हम दार्शनिक दृष्टि से देखें तो ऐसा लगेगा कि राम का जीवन ही रामलीला नहीं है अपितु संसार का सारा व्यापार, व्यवहार और विस्तार ही रामलीला है। भारतीय दर्शन अंड में पिंड, पिंड में ब्रह्मांड, व्यष्टि में समष्टि और समष्टि में व्यष्टि को मानने वाला है। ऐसी स्थिति में मर्यादा पुरूष राम सृष्टि का अंश है और सृष्टि उनका। वास्तव में राम के जीवन से संबंधित रामायण की कथा मात्र राम की नहीं है। राम तो मात्र माध्यम हैं। उसमें मानव स्वयं अपने मन की गहराइयों, सांसारिक व्यवहारों, भौतिक वस्तुओं की सारता और नि:सारता के दर्शन करता है।

राम चरित मानस देखने में छोटी सी पुस्तक लगती है। लेकिन हमें और आपको समझ लेना चाहिए कि यह विश्व के समस्त महासागरों से भी विशाल श्री राम चरित रूपी विशाल सागर है, जिसकी श्रद्धा रूपी यदि एक बूंद भी

हमारे शरीर से लेकर आत्मा तक चली गई तो वह इस असार संसार की हर समस्या को सुलझाने की सामर्थ हमारे अंदर भरन का कार्य करेगी। ऐसे विलक्षण ग्रंथ के रचियता महान संत कवि तुलसीदास को हम सब नमन करते हैं।

रामायण में सीता-स्वंवर के अवसर पर उपस्थित प्रत्यासी-नृप समुदाय श्री रामजी को कैसे देख रहे है, इस चौपाई द्वारा व्यक्त किया गया है।

जाकी रही भावना जैसी। प्रभु मूरत देखी तिन तैसी।।

उपरोक्त चौपाई 'रामायण' ग्रन्थ पर भी पूरी तरह से लागू होती है। रामायण को आप जैसे देखेगें, रामायण आपको वैसी ही लगेगी। रामायण एक धार्मिक महाग्रन्थ के अलावा भी बहुत कुछ है। इसकी एकदम सरल भाषा, दैनिक जीवन और प्रकृति के इतने करीब है कि इसमें मिट्टी की सोंधी सुगंध, घास की हरियाली, नव-कोपलों की कोमलता तथा फूलों की खूशबू स्पष्ट रूप से पहचानी जा सकती है। ज्यादा विवरण मानव व्यवहार के बारे में है। एक पुत्र का पिता के लिये, माँ के लिये क्या कर्त्तव्य है और उसे अपने सहोदरों के साथ कैसा व्यवहार करना चाहिये? शरणागत के लिये आपके हृदय कपाट बिना किसी पूर्वाग्रह के अथवा आशंका के, सदैव कैसे खुले रहने चाहिए? यह सब मानवीय व्यवहार के उत्तमोत्तम तथा अनुकरणीय उदाहणा हैं। इसी कारण रामायण सर्वग्रहय (Universally Acceptable) बनी। और रामायण विश्व के जिस कोने तक पहुँची, सभी को यह निहायत अपनी लगी। लोगों ने रामायण को अपनत्व दिया और रामायण ने भी विश्व को अपना बना लिया।

तुलसी दास ने कहा कि

''सिया राम मय सब जग जागी, करहुँ प्रणाम जोर जुग पानी।।

(सम्पूर्ण संसार सिया-राम मय है इसलिये सभी को प्रणाम करते है)

आगे कहा - उमा जे राम चरणारत, विगत काम, मद, क्रोध।

निज प्रभु मय देखह जगत, का सन करें विरोध।।

रामायण के दो रूप हमारे सामने आते हैं। एक जो बाल्मिकी द्वारा रचित है और दूसरा राम चरित मानस, तुलसीदास द्वारा रचित। बाल्मिकी रामायण की रचना ईसा पूर्व हुई थी और उसकी भाषा संस्कृत है। वाल्मिकी रामायण का लगभग संसार की सभी प्रमुख भाषाओं में अनुवाद हुआ है। अंग्रेजी, चीनी, जर्मन, फेंच तथा रूसी भाषाओं के साथ अनेक भारतीय भाषाओं के अनुवाद आज उपलब्ध हैं।

तुलसीदास कृत रामायण यानि 'राम चरित मानस' का प्रभाव संसार के अधिकांश देशों पर स्प्ष्ट रूप से दृष्टिगोचर होता है। सरल भाषा में रचित मानस के गेय छंद और चौपाईयां और जीवन के हर सात्विक पहलू को तुलसीदास ने अपने अराध्य के लिए सहज बना दिया है। वात्सल्य, यौवन, प्रेम प्रसंग, मात् प्रेम, गृह कलह संबंधित सभी प्रसंग कर्तव्य निष्ठा के रंग में रंगे मानस में विद्यमान हैं। भारत ही नहीं संसार के हर कोने में रामलीलाओं का मंचन इसका ज्वलंत उदाहरण है। उसका विश्व पर कितना प्रभाव है, मैंने अमेरिका तथा अन्य देशों में देखा है कि वहां भारतीय माता-पिता अपने बच्चों को रामायणपाठ नियमित रूप से कराते हैं ताकि वे अपनी संस्कृति से जुडे रहें।

राम चरित मानस समस्त संसार में प्रसिद्ध है। जहां भी भारतवासी है वहां इसका प्रचार प्रसार खूब हुआ। अनेक विदेशी विश्वविद्यालयों में इस पर शोध प्रबंध भी लिखे गए। चीनी भाषा में प्रोफेसर जिन डिंग हान ने काफी काम किया है। पाँच वर्ष की मेहनत के फलस्वरूप श्री राम पर उनका कार्य 1986 में प्रकाश में आया। वारसा विश्वविद्यालय के हिन्दी विभाग की प्रोफेसर डा0 तातिया आना सन्कोष स्कान्द्रे ने इसका रूसी

भाषा में अनुवाद किया। अपने शोध कार्य में उन्होंने तुलसी के कृतित्व पर एवं राम चरिता मानस पर विस्तार से चर्चा की है। पोलेन्ड के अन्य विद्वान युल्युम पर्नोवस द्वारा राम चरित मानस का पोलिश भाषा में अनुवाद अभी पूर्ण नहीं हुआ है। नेपाली भाषा में अनेक अनुवाद उपलब्ध हैं। पंडित कुल चद्रं गौतम की नेपाली में रामचरित मानस की टीका अत्यंत पांडित्यपूर्ण और सम्पूर्ण है। यह ग्रंथ-नेपाल में काफी लोकप्रिय है। इसमें सरल भाषा मे महान संस्कृत ग्रंथों एवं वेदो का सार प्राप्त है। वाल्मिकी रामायण पर आधरित रामकथाएं तो जावा, सुभात्रा, बाली, श्री लंका, सोवियत संघ, ईरान, अफगानिस्तान, आदि देशों में जड से जमी है। यद्यपि कथानक और पात्रों में कहीं कहीं भेद है तथापि राम चरित मानस इस दिशा में अभी भी सर्वथा नया और अछूता है।

रामायण के विदेशों में प्रचार एवं प्रसार में एक शखशियत के योगदान को नहीं भुलाया जा सकता है। वे हैं श्री लल्लन प्रसाद व्यास, विश्व साहित्य संस्कृति संस्थान एवं 22 वे अन्तराष्ट्रीय रामायण सम्मेलन के अध्यक्ष इनके प्रयासों से प्रथम अन्तराष्ट्रीय रामायण सम्मेलन का सरयूतट पर अयोध्या में 27 नवम्बर 1984 को आयोजन किया गया। 20 वर्षो के दौरान 14 देशों में 21 अन्तराष्ट्रीय सम्मेलन हो चुके हैं जो अपने आप में एक बड़ी उपलब्धि है। इनमें ऐसे देश हैं जो संसार के विभिन्न धर्मो, संस्कृतियों और शासन पद्धतियों से जुड़े है। जिनमे रामायण के वैशिवक व्यक्तित्व को स्वीकृति मिली। इंडोनशिया, थाईलैण्ड, बेल्जियम, हालैण्ड, अमेरिका, कनाडा, दक्षिण अफ्रीका, जांबिया आदि देश हैं। इन सम्मेलनों में रामायण के अलग पक्षों पर विश्व के रामायण प्रेमी विद्वानों द्वारा चर्चा होती रही है। रामायण के वैश्वीकरण में यह योगदान प्रशंसनीय है।

छठी शताब्दी से सोलहवीं शताब्दी के बीच भारतीय व्यापारी, थाईलैण्ड, इन्डोनेशिया गये और वहाँ रामायण का परिचय उन सभी संस्कृतियों से कराया। आज भी कम्बोडिया में विशालकाय हिन्दु मन्दिरों (अंगकोर वाट) के अवशेष है। इडोनेशिया जो कि धर्म के लिहाज से पुर्णा मुस्लिम देश है परंतु संस्कृति की दृष्टि से पूरी तरह से रामायण प्रभावित हिन्दू रीति रिवाजों को मानने वाला है। वहाँ के सभी लोक नृत्य एवं लोकनाटक पूर्णतया रामायण पर आधारित है तथा कई बार उनका प्रदर्शन भारत से भी ज्यादा कलात्मक एवं रंगों से परिपूर्ण हुआ है। इंडोनेश्यिा के निवासियों के नाम भी रामायण - महाभारत से प्रभावित हैं वैसे सुकार्णो, सुहार्तो, भूमिपुत्र आदि।

कई विदेशी मनीषियों ने भारत आकर हमारे धर्म ग्रथों का गहनता से अध्ययन किया तथा उनका विदेशों में प्रचार किया। इनमें फादर कामिल बुल्के का नाम अग्रणी है। जर्मन विद्वान मैक्स मूलर ने संस्कृत भाषा तथा प्राचीन भारतीय ग्रन्थों का प्रचार प्रसार किया। लेकिन सबसे ज्यादा प्रभाव विश्व जन मानस पर रामायण ने छोड़ा। इसीलिये वैश्वीकरण मे रामायण का योगदान अतुलनीय है। रामायण को विदेशी पटल पर लाने का श्रेय शिक्षार्थियो; व्यापारियों तथा धर्म प्रचारकों को जाता है। भारत के अनेक प्रभावी धर्म प्रचारको ने प्रेम भाव से विदेशो में रामायण दर्शन का प्रचार किया और कर रहे है। भारत ने कभी भी राजनीतिक उपनिवेशों की स्थापना नहीं की। हमने धर्मान्तर में विश्वास न रख कर मानवीय मूल्यों के अनुसार धर्माचरण की शिक्षा पर बल दिया है। परिणाम स्वरूप यहां की रामकथा विदेशों में पहुंच कर उनकी बन गई। उन्होंने अपनी स्थानीय परिस्थितियों और मान्यताओं के कारण कुछ पात्रों और कथा में परिवर्तन किए। यद्यपि एशिया के कुछ देशों में अलग धर्म होने के विपरित भी वे अभेद भाव से राम कथा को अपनाए हुए हैं। इनमें जावा, हिन्द चीन, म्यांमार आदि देशों के नाम गिनाए जा सकते है। यूरोपीय देशों में भी राम कथा किसी न किसी रूप में प्रचलित है।

यद्यपि वैश्वीकरण की ओर काफी प्रयास किए गए हैं परन्तु अभी भी काफी गुजांयश है। मेरी समझ से अभाव के अनेक कारण है। (1) रामायण संबंधी आयोजनों को न भारत के समाचार पत्र महत्व देते है न विदेशो के। जब इन समाचार पत्रों में अपहरण, बलात्कार चोरी और डाके के समाचार प्रमुखता से प्रकाशित होते

है तो मानस समारोह जैसी सृजनात्मक खबरे स्वीकार क्यों नहीं की जाती, इस पर उनके संपादको से विचार विमर्श किया जाना चाहिए। (2) विदेशों के समारोह में अधिक से अधिक उस देश के प्रबुद्ध वर्गियों को निमंत्रित करना चाहिए। (3) अधिक से अधिक सुन्दर एवं आकर्षक ढंग से प्रकाशित रामायण संबंधी प्रकाशन सामग्री का विदेशों में वितरण करना चाहिए। (4) हमारा कर्त्तव्य है कि हम रामचरित मानस के संबंध में विदेशों में जो कुछ भी करें, इस प्रकार करें कि पता चले कि 50 प्रतिशत ऐसे लोग मानस के बारे में जान गए हैं जिनको आज तक पता नहीं था कि भारत के किसी तुलसी दास ने आज से 400 वर्ष पूर्व ऐसा ग्रंथ भी लिखा था, जिसमें जीवन की हर गुत्थी का हल है।

राम चरित मानस संपूर्ण मानव मात्र की धरोहर है और विश्व मानव की एकता, आपसी सद्भाव और भाईचारे के निर्माण में इसकी अपूर्व भूमिका निशचित है। ऐसा प्रतीत होता है जैसे मानव की नियति रामायण से जुडी हैं क्योंकि कर्त्तव्य परायण मनुष्य का निर्माण रामायण के आदर्शो के पालन से ही सम्भव है जो विश्व की एक आधार भूत आवश्यकता है। इसीलिए राम चरित मानस किसी देश, भू-भाग, धर्मजाति या संप्रदाय से जुडा नहीं है। विश्व परिवार की आस्था या भावना को साकार बनाने में रामायण सबसे अधिक सहायक है।

श्री राम और रामायण अन्तर्राष्ट्रीय एकता सदभाव और सांस्कृतिक संबंधो के सबसे बडे माध्यम हैं। चाहे मलेशिया और इंडोनेशिया जैसे मुस्लिम देश हो या थाईलैण्ड, बर्मा, श्री लंका, लाओस, कंबोडिया, वियतनाम जैसे बौद्ध देश हो या नेपाल जैसा हिन्दू देश सभी की अपनी रामायण है तथा श्री राम उनके श्रेष्ठतम चरित नायक हैं। भारत सहित मोरिशस, त्रिनीडाड, सूरीनाम, गयाना और फीजी जैसे भारतवंशी बहुल देशों में तो श्री राम मात्र ब्रहम के साकार रूप में पूजे जाते है तथा 'राम चरित मानस' प्रेरक और पूज्य ग्रंथ है।
संक्षेप में मेरा संसार के हर कोने से पधारे विद्वानों और रामायण प्रेमियों से आग्रह है कि आपसी मतभेद भुलाकर हम सब तन मन धन से रामायण के वैश्वीकरण में यथासंभव योगदान दें। यह मानव कल्याण के हित और विश्व की शांति स्थापन में मील का पत्थर बनेगा, ऐसी मेरी आशा है।

# विश्व शान्ति मार्ग का दिग्दर्शन

**प0 बृजेन्द्र नाथ मिश्र**

**श्री सिद्धिबुद्धि सहिताय श्रीमन्महागणाधि पतये नमः**

विश्व शान्ति एवं पूर्ण अक्षय सुख की प्राप्ति के लिये रामचरित मानस अमोघ महौषधि है।

श्री भगवान् जगत के महान् स्वामी है। 'जन्माद्यस्य यत:'' ब्रह्मसूत्र का दूसरा सूत्र है इन्हीं का नाम ब्रह्म, परमात्मा भगवान् है इन प्रभु से ही सदा जगत् की उत्पत्ति स्थिति प्रलय होता रहता है, यह लीला चलती रहती है।

**एको हि भगवान् विश्वं प्रकारैर्भेदमावहन् चरीकर्ति वरी भर्ति संजरी हर्ति लीरूया।**

सर्वस सर्ववित् करुणा निधान कृपामूर्ति भगवान् श्रीराम विविध रूपों में अवतार लेकर संसार का कल्याण ही करते हैं परम प्रभु जानते थे कि सप्तम वैवस्वत् मन्वन्तर का 28वां कलियुग महा भयानक होगा। इसके प्रथम चरण में ही दानवता ताण्डव नृत्य करने लगेगी। जहां हम सनातन धर्म के उपासक यह उद्घोष करते रहते है कि –

**सर्वेऽपि सुखिनः सन्तु सर्वे सन्तु निरामयाः**
**सर्वे भद्राणि पश्यन्तु मा कश्चिद् दुखभाग् भवेत् ।।**

वहाँ का वातावरण तेजी से बदलने लगता हे – अधिकतर लोगों के मन में यह भावना जागती है कि हे प्रभो! आनन्ददाता शक्ति हमको दीजिए हमको जीवित रखके बाकी मार सबको दीजिए तब शान्ति सुख कहां से प्राप्त हो! गीताकार श्रीकृष्ण जी कहते है – ''अशान्तस्य कुतः सुखम्'' गोस्वामी तुलसीदास जी ने रामेलला नहछू से लेकर रामचरित मानस तक 12 बारह ग्रन्थ लिखा है। उनमें वैराग्य सन्दीपनी ग्रन्थ की प्रशंसा में कहते है–

तुलसी वेद पुरान मत पूरन शास्त्र विचार।
यह विराग सन्दीपनी अखिल ज्ञान को सार।। दोहा–7 ।।

उसका एक दोहा –

**सात दीप नव खण्ड लौ तीनि लोक जग माँहि**
**तुलसी सांति समान सुख अपर दूसरो नाहिं।। ।। दोहा – 50 ।।**

तुलसीदास जी महाराज ने श्रीमद्भगवत् का महान मन्थन किया थां राम चरित मानस में कहीं छायानुवाद कही भावानुवाद विविध प्रकार से भागवत को मानस में संजो दिया है। जब श्रीकृष्ण चन्द्र भगवान ने भागवत एकादश स्कन्ध दशवें 10 अध्याय से 28 अट्ठाइसवें अध्याय तक कर्मयोग ज्ञानयोग भक्तियोग शरणगतियोग का विस्तार से भली प्रकार उपदेश दिया, तब उद्भव जी ने कहा ये साधनायें मुझे अनुष्ठान में कठिन प्रतीत हो रही हैं सरल साधना चाहता हूँ ।

श्री भगवान् ने कहा – मैं अपने भागवत धर्म का वर्णन करता हूँ। शासन करने के नाते सनातन धर्म के साधनों को शास्त्र कहा जाता है, उसी प्रकार आचार विचार व्यवहार करें भागवत धर्म के अनुसार अपनी दैनिक दिनचर्या बनावें व्यवहार में जैसी व्यवस्था शास्त्रीय बनाई गई है वैसे ही व्यवहार करें जैसे डाक्टर साबुन से हाथ धोकर तौलिया से बिना पोछे ही हाथ झाड़कर ड्रेसिंग करता हैं। प्रेम में कमी नहीं आती। उसी प्रकार व्यवहार में उचित आचरण कर सबमें श्रीभगवदर्शन सौहार्द प्रेम अवश्य करें

श्री भगवान् ने कई मानस रोगों की शान्ति के लिये अमोघ, औषधि का प्रयोग बतलाया है। नरेष्व भीक्ष्णं मद्भाव पुंसोभावयतो चिरात। स्पर्धा सूया तिरस्कारा: साहङ्कारा वियन्तिहि श्रीकृष्ण जी समझते है (भागवत स्कन्ध 11– अ0 29–श्लोक 15) अर्थ – प्यारे उद्धव! जब निरन्तर सभी नर–नारियों में मेरी ही भावना की जाती है, तब थोड़े ही दिनों में साधक के चित्त से स्पर्द्धा (होड़) इर्ष्या तिरस्कार और अहंकार अदि दोष दूर हो जाते हैं।

प्यारे उद्धव जब इस प्रकार सर्वत्र आत्मबुद्धि ब्रह्मबुद्धि का अभ्यास किया जाता है, तब थोड़े ही दिनों में उसे ज्ञान होकर सब कुछ भगवत्स्वरूप दिखने लगता है। ऐसी दृष्टि हो जाने पर सारे संशय सन्देह अपने आप निवृत्त हो जाते हैं और वह सब कहीं मेरा साक्षात्कार करके संसार दृष्टि से उपराम हो जाता है।

मेरी प्राप्ति के जितने साधन हैं, उनमें मैं तो सबसे श्रेष्ठ साधन यही समझता हूँ कि समस्त प्राणियों में और सब पदार्थो में मन वाणी और शरीर की समस्त वृत्तियों से मेरी ही भावना की जाय। उद्धव जी! यही मेरा अपना भागवत धर्म है। इसको एक बार आरम्भ कर देने पर फिर किसी प्रकार की विघ्न बाधा से इसमें रत्ती भर भी अन्तर नहीं पड़ता। क्योंकि यह धर्म निष्काम और स्वयं मैंने ही निर्गुण होने के कारण सर्वोत्तम निश्चय किया है। श्री हरि के इस सिद्धान्त का मनन आचरण अनुष्ठान अभ्यास करके तुलसीदास सिद्ध हो गये थे , अत: श्री रामचरित मानस बार–बार कहते हैं –

**जड़ चेतन जग जीवजत सकल राममय जानि।**
**बदउँ सबके पद कमल सदाजोरि जुग पानि ।। 7 दोहा बाल काण्ड**

आकर चारि लाख चौरासी ।
जाति जीव जल थल नभ वासी ।।
सीय राम मय सब जानी।
करउँ प्रनाम जोरि जुग पानी।।

जिनके रोम रोम में श्रीनाम व्याप्त है ऐसे शिव जी के अवतार श्री हनुमान जी जब मारुति मिलन प्रसंग में सरकार श्रीरामचन्द्र जी से मिले तब बोले

तापर मैं रघुवीर दोहाई।
जानउँ नहिं कछु भजन उपाई।।

तब सरकार प्रभु बोले मारुते! कृपा कैसे करूँ। नियम तो यह है कि -

मन क्रम वचन छाँड़ि चतुराई
भजत कृपा करि हहिं रघुराई।

हनुमान जी बोले - सरकार् मैं भजन नहीं, पर भरोसा जानता हूँ।

सेवक सुत पति मातु भरोसे ।
रहइ असोच वनइ प्रभु पोसे।।

श्रीराम करुणानिधान के श्रीचरणों में मारुतिजी साष्टांग पड़ गये। अपना वानर रूप प्रगट हो गया कपट रूप हर गया। तब श्रीकृपा सनेह वात्सल्य दया अनुकम्पा सौशील्य सागर रघुपति जी ने उठाकर हनूमान जी को अपने हृदय से लगा लिया।

अस सज्जन मम उर बस कैसे । लोभी हृदय वसइ धन जैसे ।।

प्रेमाश्रु सागर में डूबो दिया। अपने नेत्रों के प्रेमाश्रुओं को श्रीमारूति के रोम-रोम में भर दिया। टुड्डी चूम कर प्यार की भरमार कर दिये।

श्री लक्ष्मण प्रभु से दूना कहकर अपना परम दुलारा वत्स बना लिया। यही-विश्व शान्ति का सर्वोत्तम पाठ पढ़ाया -

सो अनन्य जाके असि मति न टरइ हनुमंत ।
मैं सेवक सचराचर रूप स्वामिभगवंत ।।
श्रीभगवान् का दो रूप है -

(1) जगत् और (2) जगदीश

भागवत में कहा गया है -

इदं हि विश्वं भगवानिवेतरो

वाल्मीकि रामायण युद्ध काण्ड में श्री ब्रह्मा जी द्वारा जो सिद्ध श्रीराम स्तोत्र कहा गया है - उसमें जगत् सर्व शरीरं ते'' वचन है।

श्रीभगवान का कहना है आपस से सेवा भलाई करो, सोचो विचारो प्रतिज्ञा करो। हम आपका भला करें आप हमारा भला करें। भला + लाभ भला + लाभ पूरे विश्व में भर जाय।

श्री रघुनाथ जी के चरणारविन्द 12 वर्षो से पैदल चल रहे थे हनूमान जी ने संकल्प अब पैदल न चलने दूंगा। बोले –

कानन कठोर कुश कंटक संकुल पथ दु:ख दावानल की दुरूहता विचारिये
आतप असहय हाय सहते हैं कैसे आप, विधि के विधान पै मुरारी गाजा पारिये
राउर सुकुमारता लखि लज्जित सुमन सरोज, उपमा अनेक कहु खोजि हारिये।
रहते हनुमान के न पैदल चलेंगे आप, करूना निधान मेरी पीठ पै पधारिये।।

एहि विधि सकल कथा समुझाई। लिये दोऊ जन पीठ चढ़ाई।।

गीता में श्री भगवान ने अपने स्मरण का उपदेश अनेकों बार किया है। श्री भगवान की याद करें दया होती है।

याद + दया । याद + दया । याद + दया
तेस्मात सर्वेषु कालेषु मामनुस्मर युद्धय च मय्योर्पित मनोबुद्धि ममिवैस्यस्य संशयम।

तो –

राम के चरित्र के सरोवर समीप बशी।
कौन असिमसि जो धुलाए पे धुली नही।।
हुलसी के लाल से कृपा से कौन धाम जहाँ,
राम नाम मिसरी घुलाए पे घुली नहीं।ं
मानस की महिमा कवि क्या बखान करें।
मानस ग्रथित जौ पै आपने धुली नहीं।
तुलसी के वाणी को तौल तौल हारी पै,
कोई तुलाधारी आज लौ तुली नहीं।।

इसलिए रामायण ग्रन्थ पूरे विश्व ने शान्ति फैला रहा है।

# अंतर्राष्ट्रीय रामायण सम्मेलन

| लल्लन प्रसाद व्यास |

यह श्रीराम की महती कृपा है, जिससे लगभग 10 वर्षों में 20 अंतर्राष्ट्रीय रामायण सम्मेलन चौदह देशों में आयोजित हो चुके हैं। इक्कीसवाँ सम्मेलन अप्रेल मई, 2005 में न्यूयार्क (अमेरिका) में निश्चित है। अब तक रामायण की विश्वव्यापी श्रृंखला ने मानों चार बार विश्व-परिक्रमा कर ली है। नवम्बर, 1984 में अयोध्या जी के परम पावन सरयू तट पर इस श्रृंखला की शुरुआत हुई थी। उसके बाद वह थाईलैण्ड, कनाडा होते हुए दिसम्बर, 1988 में पुनः भारत पहुँची थी। फिर यह श्रृंखला नेपाल, मॉरिशस होते हुए सुदूर पश्चिम में सूरीनाम, बेल्जियम होते हुए फिर पूर्व में इंडोनेशिया पहुँचकर भारत वापस आ पहुँची। तत्पश्चात् पूर्व में एक बार फिर थाईलैण्ड होकर पश्चिम में हालैण्ड पहुँची और पुनः पूर्व में चीन आकर सुदूर पश्चिम में अमेरिका में चौदहवें अंतर्राष्ट्रीय रामायण सम्मेलन के रूप में प्रकट हुई और सतत् गतिमान प्रक्रिया के रूप में जारी है। पंद्रहवाँ अंतर्राष्ट्रीय रामायण सम्मेलन अगस्त, 1998 में उत्तर और दक्षिण अमेरिका के बीच स्थित ट्रिनिडाड (पश्चिमी द्वीप समूह) में हुआ, जहां डेढ़ सौ वर्ष पूर्व भारतीय लोग कुली-मजदूर बनकर गए थे और उन्हीं की एक संतान आज देश का प्रधानमंत्री है। भारतीयों के कायाकल्प में 'राम चरित मानस' की भूमिका अद्वितीय है। सोलहवाँ पुनः भारत में हुआ और सत्रहवाँ पुनः थाईलैंड में। अठारहवाँ डरबन (द.आफ्रीका) और उन्नीसवाँ जाम्बिया (उ.आफ्रीका) में तथा बीसवाँ पुनः भारत में हुआ - प्रसिद्ध तीर्थ तिरुपति में।

इन सम्मेलनों को विश्व के अनेक प्रमुख रामायण वेत्ताओं के साथ-साथ स्थानीय जन और सरकारों ने सहयोग प्रदान करके रामायण की विश्वव्यापकता और सर्वमान्यता पर मुहर लगाई है। साथ ही, इनमें विभिन्न जातियों, धर्मों और राष्ट्रों की सहभागिता ने रामायण

को विश्व की प्रमुख साहित्यिक, सांस्कृतिक और आध्यात्मिक धरोहर के रूप में स्वीकार किया है।

भारत के बाहर रामायण की तीन मुख्य धाराएँ हैं, जो मानव-जीवन के तीन महत्वपूर्ण पक्षों का प्रतिनिधित्व करती हैं। साहित्यिक, सांस्कृतिक और आध्यात्मिक। पहली धारा भारत के पड़ोसी देशों - बर्मा, थाईलैण्ड, कम्बोडिया, मलेशिया, इंडोनेशिया आदि में प्रवाहित हुई, जिसके अंतर्गत अपनी-अपनी रामायणों की रचना हुई। इसे सांस्कृतिक धारा कह सकते हैं। दूसरी धारा पश्चिमी देशों में प्रवाहित हुई, जिसमें भारतीय रामायणों के अनुवाद हुए और जिसने वहाँ के विश्वविद्यालयों में भी स्थान पाया। तीसरी धारा सबसे अधिक व्यापक है, जो भारत से बाहर 'रामचरितमानस' के माध्यम से भारतवंशी बहुल देशों में पहुँची। यह भक्ति की धारा है, जिसे आध्यात्मिक धारा माना जाता है।

अब तक अंतर्राष्ट्रीय रामायण सम्मेलनों में इन सभी धाराओं का संगम उपस्थित हुआ है। इन धाराओं में जो उपलब्ध रामायण साहित्य है, उसका मंथन करते हुए उसका नवनीत विश्व के कोने-कोने तक पहुँचता है तथा इन सम्मेलनों के माध्यम से विद्वानों के आलेखों, भाषणों आदि से जिस स्थायी महत्व के साहित्य का निर्माण हो रहा है, वह आगे आने वाली पीढ़ियों को युगों-युगों तक प्रेरित और लाभान्वित करता रहेगा तथा रामायण के विश्व परिप्रेक्ष्य के शोधार्थियों के लिए यह साहित्य शोध का आधार बनेगा, जिसकी शुरुआत हो चुकी है। वैसे भी, उपर्युक्त तीनों धाराएँ सदा महत्वपूर्ण और प्रासंगिक इसलिए हैं कि मनुष्य अपनी प्रकृति और संस्कार के अनुसार किसी एक पक्ष को ग्रहण करता है, किन्तु रामायण के मूल भाव और सतत संदेशों को सभी धाराओं के देश स्वीकार करते हैं।

रामकथा की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि वह

अति प्राचीन होते हुए भी सर्वथा नवीन है और प्रत्येक काल में प्रासंगिक है। वह अपने उद्भवकाल त्रेतायुग में जितनी प्रासंगिक थी, उतनी ही आज भी है। आज भौतिकता की चरम सीमा स्पर्श करके और भौतिक विज्ञान की उच्चतम उपलब्धियों को पाकर भी मनुष्य अशान्त, दुराग्रही, दिग्भ्रमित, विवेकहीन और कहीं-कहीं हिंसक इसलिए दिखाई पड़ता है कि उसके अधिकांश कार्य और व्यवहार अपने स्वार्थ से भरे हैं और अहं से पूरे हैं। मनुष्य अपने स्वार्थ और अहं की पूर्ति के लिए दूसरों को समाप्त करने पर तुला है। यही हाल विभिन दलों और देशों का है। फलस्वरूप चारों तरफ अशांति, हिंसा, तनाव, टकराव और अराजकता फैली हुई है। इस विषाक्त वातावरण में मनुष्य जीवित कैसे रहे ? यही सबसे बड़ी समस्या है।

अब व्यापक रूप से अनुभव किया जा रहा है कि मनुष्य को फिर सही और सच्चा मनुष्य बनने की जरूरत है। ऐसे मनुष्य के निर्माण की पूरी प्रक्रिया रामायण में कथा या गाथा के माध्यम से वर्णित है। इसीलिए रामायण केवल त्रेता का ही सत्य नहीं, बल्कि आज का भी जीवन कैसा होना चाहिए, विपरीत परिस्थितियों में इसे कैसे आचरण करना चाहिए, इन सबका विवरण श्रीराम और उनसे जुड़े हुए परिकर के जीवन में दिखाई पड़ता है। यही एक मर्यादित और कर्तव्य परायण आदर्श जीवन है। ऐसी मर्यादा, कर्तव्य और आदर्श ही धर्म है, जिसे मानव धर्म कह सकते हैं। यही रामायण की विश्व व्यापकता का आधार है। एक समाज, सम्प्रदाय या देश का नहीं, बल्कि पूरी मानवता का पथ-प्रदर्शक है। इसीलिए निस्संकोच रूप से कहा जा सकता है कि रामायण में दर्शाया गया धर्म ही मानव धर्म है, जिसकी आवश्यकता सभी को है। तभी तो रामायण को उदात्त जीवन-मूल्यों की निधि माना गया है।

सत्य यही है कि श्रेष्ठतम मानव धर्म के पालक श्रीराम के द्वारा विश्व मानव के लिए इंगित व्यवस्था ही कल्याणकारी हो सकती है। अतएव जिन्हें भावी विश्व-

व्यवस्था की संरचना की चिंता है, वे श्रीराम और रामायण की ओर देखें । उनसे प्रेरित और प्रभावित व्यवस्था ही विश्व मानव को उसके समस्त दुःख-दर्द और विपत्तियों से छुटकारा दिलाकर सच्चे सुख, शान्ति और समृद्धि के धरातल पर बैठा सकती है । रामायण की इस भूमिका को जितनी शीघ्रता से हम समझेंगे, उतना ही अपना कल्याण करेंगे ।

संतोष का विषय है कि रामायण की यह विश्व-व्यापी भूमिका प्रकाश में आने लगी है और इसमें अनेक सांस्कृतिक आध्यात्मिक धाराओं के साथ अंतर्राष्ट्रीय रामायण सम्मेलनों की एक धारा की भी अपनी महत्वपूर्ण भूमिका है। भारत से शुरु होकर कई विश्व परिक्रमाएँ कर चुकी यह सम्मेलन श्रृंखला एक ऐसे 'विश्व सांस्कृतिक मंच' के रूप में उभर कर आई है, जिसमें वर्ग, जाति, संप्रदाय एवं विभिन्न शासन प्रणालियों तथा परस्पर विरोधी विचार धाराओं से ऊपर उठकर सभी रामायणवेत्ता तथा अन्य रामायण प्रेमी रामायण के सर्वमान्य आदर्शों और संदेशों पर मुक्त भाव से चर्चा करते हैं और उनके आधार पर पारस्परिक एकता और सद्भाव का अनुभव करते हैं। रामायण के आधार पर विश्व परिवार की कल्पना कुछ न कुछ अपना रूप ग्रहण करने लगी है ।

रामायण की यह विश्व व्यापकता और जागृति एक ऐसी सहज और स्वाभाविक प्रक्रिया लग रही है, जो स्वतः आगे बढ़ती हुई दिखाई पड़ती है । इसमें अधिक से अधिक लोगों का आकर्षण उत्पन्न हो रहा है, जो सिद्ध करता है कि यह एक अलौकिक प्रक्रिया है। रामायण का सांस्कृतिक और साहित्यिक व्यक्तित्व तो है ही, उसके साथ ही, उसका आधार आध्यात्मिक भी है, जिसके कारण रामायण शाश्वत तत्वों से जुड़ी हुई है। ये तत्व ही रामायण को अलौकिक या अमरता प्रदान करते हैं। इसी कारण से भावी विश्वव्यवस्था में रामायण की भूमिका सुनिश्चित है । रामायण की भूमिका के साथ हमारे जीवन की भूमिका कैसे जुड़े, इस पर हमें सतत विचार और प्रयास करना चाहिए।

●

## रामायण और भावी पीढ़ियां
### –रत्नप्रकाश शील

रामायण और आने वाली पीढ़ियों के बीच अपेक्षित तालमेल की सम्भावनाओं पर मैं अपने विचार आपके सामने रखना चाहूंगा। मैं यह तो नहीं कहता कि अश्र(ा, अनास्था और अविश्वास की भौतिकवादी बुनियादों पर पनपती नई पीढ़ियों के बीच रामायण की सार्थकता को सि( करने के लिए एक नए तुलसीदास की जरूरत पड़ेगी। हां, इतना अवश्य कहना चाहूंगा कि आने वाली पीढ़ियों के भौतिकवादी विचार-तंत्रा में रामायण की अलौकिक शक्ति के मंत्रा पूंफकने के लिए हमें अनेक प्रश्नों और समस्याओं से जूझना होगा। ऐसे प्रभावी और समन्वयकारी रास्ते खोजने होंगे, जो विज्ञान समस्त हों और भौतिकवाद के साथ-साथ अनेक वादों में सांस लेती बु(ि, बिना तर्क वितर्क के उन्हें भावी पीढ़ी की भावनाओं से जोड़ सके।

**जाकी रही भावना जैसी, प्रभु-मूरत देखी तिन तैसी।**

स्पष्ट संकेत है। तुलसीदास के समय की भावनाओं और आज की भावनाओं में जमीन-आसमान का अंतर है। आज 50 प्रतिशत भावनाएं दिखावे पर आश्रित हैं। 20 प्रतिशत छलावे और 20 प्रतिशत भुलावे पर आश्रित हैं। शेष 10 प्रतिशत के बारे में भी दावे से नहीं कहा जा सकता कि उनकी आस्था, विश्वास, नि:स्वार्थ मन: स्थिति और समर्पण का प्रतिशत क्या है।

तेजी से बदलते सोच के इस दौर में आने वाली पीढ़ी रामायण का आकलन अपने वैचारिक स्तर पर न करके हमारे वैचारिक स्तर पर करे याने वह रामायण को अपनी दृष्टि से न देखकर हमारी दृष्टि से देखे-पढ़े। वह बिना किसी तर्क-वितर्क और ना-नुकर के इस तथ्य को स्वीकार करे कि केकई के वरदान मांगने पर राम बिना विरोध किए वन में चले गए। उनके स्पर्श से पत्थर बनी अहिल्या जीवित हो उठी। बंदर और भालुओं की सेना ने लंका के सक्षम राजा को हरा दिया। हनुमान एक ही छलांग में समुद्र लांघ गए। एक ध्नुष के टूटने से सारी पृथ्वी हिल उठी- और इन सबको स्वीकार करे इस आधर पर कि उनके पुरखे कह रहे हैं। पुरखों और घर के बड़े-बूढ़ों की बात आज की पीढ़ी ही जब मन से नहीं मानती, तो आगे आने वाली पीढ़ियां किस बूते पर मानेंगी, मैं नहीं कह सकता। हां, यह कह सकता हूं कि यह सब इस बात पर निर्भर करेगा कि हम रामायण के प्रति श्र(ा, विश्वास और आस्था से भरे रामायण प्रेमी, उसे तर्क-वितर्क, अनास्था, प्रमाद और बेलगाम घोड़े की तरह अनियन्त्रित भावी पीढ़ी को किस रूप में देते हैं।

आने वाली पीढ़ियों तक हम रामायण को अक्षुण्ण रूप में कैसे पहुंचाएं- रामचरित मानस इस दिशा में मार्ग-दर्शन भी देता है-

**ध्यान प्रथम जुग मख विधि दूजे। द्वापर परितोषत प्रभु पूजे।।**
**कलि केवल मल मूल मलीना। पाप पयोनिधि जन मन मीना।।**

'सतयुग में ध्यान से, त्रोता में यज्ञ से और द्वापर में पूजन से भगवान प्रसन्न होते हैं। किन्तु कलियुग पाप की जड़ है, मलिन है। इसमें मनुष्यों का मन पापरूपी समुद्र में मछली बना हुआ है। याने कलियुग में भावना प्रधन मन पाप से कभी अलग होना ही नहीं चाहता। इससे ध्यान,यज्ञ और पूजन व्यर्थ बन गए हैं।

आगे तुलसीदास जी कहते हैं-

**नहिं कलि करम न भगति बिबेकू। राम नाम अवलंबन एकू।।**
**कालनेमि कलि कपट निधनू। नाम सुमति समरथ हनुमानू।।**

'याने कलियुग में न कर्म है , न भक्ति है और न ही ज्ञान है। कपट की खान कलियुग रूपी कालनेमि को मारने के लिए राम नाम ही बु(िदाता और सामर्थ्य दाता हनुमान जी हैं।

**ऐहिं कलिकाल न साध्न दूजा। जोग, जग्य, जप, तप, ब्रत, पूजा।।**

सब बेकार हैं। पिफर क्या करें?रामायण के गौरव को आने वाली पीढ़ियों के सामने किस प्रकार प्रस्तुत करें कि वह नकारवाद के तूपफान में भी साकार रूप से महिमामंडित हो सके। एक सूरत हो सकती है। हम हनुमान बन जाएं। हनुमान राम के वाहक थे, हम रामायण के वाहक बनें। इसके लिए हमें यह जानना आवश्यक होगा कि हनुमान अपने हर कार्य में सपफल कैसे हुए थे-

**रामचन्द्र गुन बरनै लागा।**

प्रथम तो हनुमान राम नाम के वाहक बाद में, पहले तो वह राम के गुण-गान के वाहक थे। हमें केवल रामायण का वाहक नहीं बनना है। यदि हम तन-मन-ध्न से रामायण को अक्षुण्ण रूप में भावी पीढ़ी तक पहुंचाना चाहते हैं, तो हमें रामायण के दोहों और चौपाइयों की कथात्मकता के साथ साथ उनमें निहित अर्थों , सकेतों और भावनाओं को भी साथ लेकर चलना होगा। मंत्राों का पफल साध्क को तभी मिलता है, जब  वह अभीष्ट मंत्रा के अर्थ, संकेत और भावना को जानता है। हम रामायण पाठ तो करते हैं, कराते भी हैं। किन्तु सुने या पढ़े जाने वाले दोहों और चौपाइयों के न संदर्भ जानते हैं और न मूल अर्थ और संकेत। हनुमानजी राम की शक्ति का खुलासा करते हैं।

**खर दूषन त्रिासिरा अरु बाली।**
**बध्े सकल अतुलित बलसाली।।**

याने उन अर्थ और संकेतों को हमें तुरंत समझ में आ सकने के लिए घटनाओं से जोड़ना होगा। रामायण में निहित सभी मानवीय मूल्यों, उपदेशों, वरदानों, चमत्कारों को हमें उसी प्रकार कथात्मक रूप में तैयार करके भावी पीढ़ी तक पहुंचाना होगा, जिस प्रकार वेदों की वाणी को पुराण, कथाओं के माध्यम से आम जनता तक पहुंचाते हैं।

**जात पवन सुत देवन्ह देखा ..........**

हनुमानजी सीता की खोज में लंका की ओर चले, तो देवताओं ने उनके बल और बुि( की परीक्षा लेने के लिए सुरसा नामक सर्पों की माता को भेजा। उसने हनुमान को रास्ते में ही रोक लिया कि देवताओं ने मुझे तुम जैसा भोजन दिया है। आओ, मेरे मुंह में चले आओ। हनुमान की अनुनय विनय भी जब उसने नहीं सुनी, तो हनुमानजी क्रमशः अपना शरीर बढ़ाने लगे। सर्प माता भी उन्हें निगलने के लिए अपना मुंह उसी के अनुसार बड़ा करती गई। सहसा हनुमान छोटे होकर उसके मुंह में जा घुसे। जब तक सर्प माता मुंह छोटा करती-

**बदन पइठि पुनि बाहर आवा।**

तो हम ठहरे रामायण वाहक। भावी पीढ़ी के बीच हमें भी हनुमान के इस रूप का अनुसरण करना होगा। रामायण की मूल भावनाओं को गले से उतारने के लिए आने वाली पीढ़ी को बुि( से, बल से, परोक्ष-अपरोक्ष किसी भी रूप से प्रभावित करना होगा।

रामायण के विभिन्न पात्राों और नायकों के माध्यम से उन्हें उनके समक्ष चुनौतियों को हल करने का उपाय सुझाना होगा। सरल कथाओं के माध्यम से उन्हें बताना होगा कि राम अयोध्या के भावी राजा थे । सीता को रावण के चंगुल से छुड़ाने के लिए वह भरत को सूचित करके अयोध्या से सशस्त्रा सेना भी मंगा सकते थे। पिफर भी उन्होंने अपने कौशल से वनवासी जातियों की सेना संगठित करके उसके बल पर रावण को पराजित किया। क्यों?क्योंकि वह जानते थे- सीता उनकी पत्नी है और पत्नी की रक्षा करना पति का ही ध्र्म है। उस ध्र्म का पालन उन्होंने केवल अपने बाहुबल पर किया। एक सामाजिक मर्यादा का पालन किया।

भरत को तो रावण द्वारा सीताजी के अपहरण की बात तब पता लगी, जब हनुमानजी संजीवनी बूटी की खोज में हिमालय की ओर जा रहे थे। याने राम-रावण यु( के समय।

भावी पीढ़ियों को रामायण के माध्यम से हमें उनके अनुकूल चारा डालना होगा। सम्मान पाना है, तो सम्मान देना भी होगा। समर्थ बनना है, यश पाना है, तो अपने पराए का भेद मिटा कर सभी का समर्थन पाना होगा। सुख में सब साथ देते हैं, दुख में कोई साथ नहीं देता, किन्तु रामायण कहती है, पराए दुखों को बांटने से यश की राह सरल होती है। अन्याय के विरू( लड़ो, किन्तु विवेक और संयम को तिलांजलि मत दो-ऐसी अनेक शिक्षाओं से पूर्ण रामायण के संदर्भों को रोचक कथाओं के माध्यम से आने वाली पीढ़ियों तक पहुंचाने का संकल्प रामायण को युग-युगों तक जीवित रख सकता है।

यहां मैं अपने विषय से थोड़ा हटना चाहूंगा। हम बड़े प्रसन्न होते हैं, जब सुनते हैं कि विश्व के अध्किांश देशों में रामायण का प्रचार-प्रसार अविवादित है। किन्तु सचाई यह है कि इन अध्किांश देशों ने रामायण को केवल मंचीय नृत्य-गायन का साध्न बना रखा है। क्या वहां रामायण पाठ होता है?क्या वहां रामायण कथा होती है?क्या वहां रामायण को मुक्ति ग्रंथ के रूप में पूजा जाता है?कहीं नहीं।

पिफर ऐसी कोई मशीनरी नहीं कि वे मंच पर रामायण का कौन सा रूप दिखा रहे हैं- इसकी जांच-परख कर सके। ऐसे प्रदर्शनों से रामायण का नाम बेशक लोग जान लें, रामायण की मूल भावना के अर्थ तो सि( नहीं होते। क्या रामायण का मतलब केवल घंटे दो घंटे का मनोरंजन ही है?वह भी भगवान जाने, रामायण के अनुसार है भी या नहीं?हमें आने वाली पीढ़ियों तक रामायण 'बैले' के रूप में नहीं, रामायण 'बिजली' के रूप में पहुंचानी है। जिसके कुछ अर्थ हों, जिसमें जीवन की ऊर्जा हो, जिसमें जीवन की चमक हो।

आज जब संसार का स्वरूप बदल रहा है, मान्यताएं बदल रही हैं। अर्थ बदल रहे हैं, मूल्य बदल रहे हैं, समूचा वैचारिक तंत्रा बदल रहा है, यहां तक कि हम जिन मानवीय मूल्यों और संवेदनाओं की बात करते हैं, उनके स्वरूप भी इस बदलाव के मौसम में रंगहीन होते जा रहे हैं। बहुत से तथ्य हमारा मन भी स्वीकार करता है, किन्तु बु( नकारती है। अतः आने वाली पीढ़ियों के मामले में हमें वर्तमान-सच को स्वीकार करके उन समस्याओं को हल करना होगा, जो आज आस्था और अनास्था, विश्वास और अविश्वास, 'मान लो' और 'जान लो' के बीच आकर खड़ी हो गई हैं। और इस वैचारिक संघर्ष में आने वाली पीढ़ी के लिए हमें रामायण को और अध्कि तथ्यपरक रूप में उजागर करना होगा। हमें रामायण पाठ के साथ साथ यह सच्चाई भी उजागर करनी होगी कि रामायण में वर्णित स्थान आज भी संसार के तीर्थ स्थल बने हुए हैं। हमें बताना होगा चित्राकूट और अयोध्या के बारे मेंऋ जनकपुर और रामेश्वरम् के बारे मेंऋ लंका, पंचवटी, उज्जयनी, नासिक, काशी, कैलाश, भरद्वाज आश्रम, पम्पा, श्रृंगवेरपुर, प्रयाग के बारे में। हमें रामायण के दोहों से जोड़ना होगा सरयू को, गंगा को, यमुना को, गोदावरी, तमसा और गोमती को। हिमालय को विंध्याचल और मेकल पर्वत को। हमें बताना होगा-श्रृंगवेरपुर में निषादों की बस्ती थी। वहां से भगवान राम ने गंगा पार की थी। श्रृंगवेरपुर में गंगा आज भी है। निषादों की बस्ती के, खुदाई में मिले खंडहर आज भी कल की कथा सुनाते हैं।

हमें जोड़ने होंगे-रामायण में वर्णित घटनाओं से आधुनिक विज्ञान के तार, सूझबूझ और समझ के तार। पुष्पक विमान से श्रीराम कई दिन में अयोध्या पहुंचे थे। यह गति उस प्राचीन विमान की थी। आज का विमान लंका से अयोध्या 4-5 घंटे में पहुंच जाएगा। यंात्रिकी रामायण काल में भी जीवित थी, अणु सि(ांत रामायण काल में भी उपलब्ध था। वायुवेग से चलने वाले रथ, आग्नेय अस्त्रा, शिव के ध्नुष जैसे अमोघ शस्त्रा सभी कुछ अपने हिसाब से उस काल खंड में भी उपलब्ध थे।

**बर बिग्यान कठिन कोदंडा**

उस काल के औषध् विज्ञान ने तो मृत प्रायः को जीवन देने वाली संजीवनी बूटी तक उपलब्ध करा दी थी।

अनेक अमोघ प्रहार करने पर भी रावण की मृत्यु नहीं हो पा रही थी। विभीषण ने श्रीराम को बताया- ''रावण की नाभि में अमृत कुंड है, वहां संधन कीजिए।''

**नाभि कुंड पियूष बस याकें। नाथ जिअत रावन बल ताकें**

श्रीराम ने रावण की नाभि को भेदा। रावण की मृत्यु हो गई।

**सायक एक नाभि सर सोवा**

शरीर विज्ञान कहता है- मनुष्य का नाभि स्थल शरीर का सबसे संवेदनशील अंग है, जहां से गर्भस्थ शिशु को जीवन रस मिलता है।

नाभि के मूल में पीयूष ग्रंथि स्थित होती है, जो शरीर में जीवन रस को परिचालित करती है। तो बताइए-रामायण में बेसिर-पैर की क्या बात है?नाभि अमृत कुंड याने जीवित रखने वाले रस का स्रोत नहीं, तो और क्या है?

इसी प्रकार भगवान राम के स्पर्श से पत्थर बनी अहिल्या जी उठी। 'पत्थर बन जाना' सदियों पुराना मुहावरा है। जब भी किसी पर असीमित दुख अचानक टूटा, कहा जाता है- वह पत्थर बन गया। अहिल्या के बारे में तत्कालीन-स्थितियां भी कुछ ऐसी ही थीं कि वह दुख और शोक में पत्थर बन गई। राम के स्पर्श से उसकी जड़ता समाप्त हो गई। इसमें भ्रम की स्थिति कहां है?भ्रम की ऐसी स्थिति का स्पष्टीकरण हमें ही करना होगा, यदि हम रामायण को एक यथार्थवादी

र्ध्म ग्रंथ के रूप में आने वाली पीढ़ी को सौंपना चाहते हैं और उसकी श्र(ा तथा आस्था को जगाना चाहते हैं।

इसी प्रकार कुछ लोगों को हनुमानजी के अमोघ मुष्टि प्रहार पर शंका होती है। क्यों? क्या उन्हें वर्ल्ड चैम्पियन मुक्केबाज मुहम्मद अली के मुष्टि प्रहार पर कभी शंका हुई?

हनुमान, सुग्रीव तथा वानर सेना के बारे में कहीं पर भी रामायण में यह नहीं कहा गया है कि वे सब पशु थे। उनका चित्राण मानवोचित गुणों से विभूषित मनुष्य शरीर-धरियों के समान ही किया गया है। वानर तत्कालीन एक लाक्षणिक जाति थी।

वस्तुतः कपि का अर्थ बंदर भी होता है और हाथी भी। यदि कुछ लोग कपि का अर्थ बंदर लगाते हैं, तो हाथी क्यों नहीं लगाते। सच तो यह है कि कपि का एक अर्थ और भी होता है- भूरे बाल। हम यह मानकर क्यों नहीं चलते कि रामायण में वर्णित कपि का तात्पर्य भूरे बालों वाले मनुष्यों से है। इसके साथ-साथ वानर का अर्थ बंदर के अतिरिक्त एक प्रकार का सुंगध्ति द्रव्य भी होता है, जो चंदन या केसर से बनता है। इसी प्रकार बंदर का अर्थ होता है - एक स्तनपायी पशु, जिसकी कुछ बातें मनुष्य से मिलती हैं और जिसमें बु( कुछ विकसित होती है।

इस प्रकार इन सभी अर्थों पर और इनके लक्षणों पर विचार करने के पश्चात हम निष्कर्ष निकालते हैं कि रामायण में वर्णित कपि, बंदर या वानर लाक्षणिक शब्द-बोध के परिचायक हैं। जिनका अर्थ होता है - वन प्रांतरों में एकाकी निवास करने वाली एक मनुष्य जाति, जिसके शरीर पर भूरे बाल होते थे और जिसके शरीर से केसर की महक आती थी।

ऐसी जंगली-जातियां आज भी मिलती हैं, जिनके आचरण और बु( किन्हीं अंशों में सभ्य मनुष्य से मेल खाते हैं।

राक्षस भी तत्कालीन एक लाक्षणिक जाति थी। राक्षस का अर्थ है-दुष्ट प्रकृति का व्यक्ति। कुबेर के कोष-रक्षक को भी राक्षस कहते थे। यूं राक्षस भी विद्वान होते थे। बलशाली होते थे। राक्षस का मतलब विकृत रूप वाला मनुष्य-भक्षी नहीं। वानर जाति के लोगों को वानर शायद इसलिए कहा गया कि वे आज के स्पाइडर मैन की तरह सपाट ऊंचाइयों पर चढ़ सकते थे। लम्बी छंलागें लगा सकते थे और अतुलित बलशाली थे। रामायण में हनुमानजी स्वयं कहते हैं-

**साखा मृग कै बड़ि मनुसाई। साखा ते साखा पर जाँई।।**

श्रीराम के लिए सेतुबंध् का निर्माण किया था, तत्कालीन वानर इंजीनियर नल और नील ने। राम नाम लिखे प्रस्तर खंड तैराने का मंत्रा उन्हें दिया था-सुग्रीव के मंत्राी, बूढ़े जामवंत ने। और बडे़ विशालकाय वृक्षों और पत्थरों से उन्होंने पुल बनाया।

**अति उतंग गिरि पादप लिलहि लेहिं उठाई।**
**आनि देहिं नल नीलहिं रचहिं ते सेतु बनाई।।**

कई वर्ष पूर्व मैंने ऋँषिकेश में पानी पर तैरती शिला के दर्शन किए थे। पानी पर पत्थर तैराने की कला यूं तो इंजीनियरिंग का कमाल है, किन्तु जो पत्थर नल और नील ने राम नाम लिख कर तैराए थे- उनमें वे अपनी इंजीनियरिंग का श्रेय लेना नहीं चाहते थे। पूरी रामायण में श्रीराम के किसी भी सेवक ने अपने विलक्षण से विलक्षण कार्य का श्रेय नहीं लिया है - सब कुछ राम अर्पण है।

पानी पर शिला तैराने का मंत्रा है, जैसा ऋँषिकेश में मुझे पता चला कि शिला को अन्दर से खोखला कर दिया जाए। इस प्रकार तब के सेतुबंध् और आज के नावों के पुल में कोई अंतर नहीं है।

अंतर है, केवल हमारी सोच में। हमें निरन्तर अपनी प्राचीन संस्कृति से दूर रखा गया। हमारी सभ्यता और संस्कृति के साथ साथ हमारी सोच पर भी, जिसने शासन किया
उसी न अपना रंग चढ़ा दिया।

अक्सर मैं महसूस करता हूं कि धर्म ग्रंथों के प्रति हमारी आस्था और श्र(ा सिखों, मुस्लिमों और ईसाइयों की तुलना में आधे से भी कम है। हमारे धर्म ग्रंथ रद्दी में भी बिकते हैं और उन स्थानों पर भी रख दिये जाते हैं, जहां उन्हें नहीं रखा जाना चाहिए। जबकि गुरू ग्रंथ साहिब, कुरान और बाइबिल के साथ ऐसा नहीं होता। रामायण के प्रति आने वाली पीढ़ियों में श्र(ा और आस्था जगानी है, तो हमें रामायण को आदर भी उतना ही देना होगा। भगवान की मूर्ति के प्रति भी श्र(ा तभी जन्म लेती है, जब उसे मंदिर में स्थापित करते हैं।

हम आज रामायण को जितना तर्क सम्मत रूप देंगे, विज्ञान की दृष्टि से जितना उसे मजबूत बनाएंगे, उतने ही प्रखर रूप में वह उभरेगी। युग-युगों तक वह अटूट श्र(ा, आस्था और विश्वास का प्रकाश पफैलाएगी।

संक्षेप में इस लक्ष्य को पाने के लिए हमें दस नियमों का पालन करना होगा।

1. घर-परिवार में कम से कम सप्ताह में एक बार रामायण का अर्थ और भाव सहित सस्वर पाठ-बेशक 15-20 मिनिट के लिए ही।
2. रामायण के अनुसार घर का वातावरण, आपसी व्यवहार और बोलचाल।
3. रामायण की मूल भावनाओं के अनुसार कथा - कहानी सुनाएं या सुनें।
4. मंदिरों में पाठ के साथ साथ अर्थ, संदर्भ और भावों की व्याख्या का प्रबन्ध।
5. रामायण के विभिन्न पात्रों की चारित्रिक विशेषताओं पर चित्रों, पुस्तकों, कैलेन्डरों का नि:शुल्क वितरण।
6. संकट की स्थिति में उसका समाधन करने के लिए रामायण के दृष्टांत।
7. रामायण की शिक्षाओं का रामलीलाओं के माध्यम से **व्द ीममस** प्रदर्शन या मंचन या संकीर्तन।
8. आधुनिक उपलब्धियों से रामायण का यथासम्भव संयोग।
9. गुडमार्निंग के स्थान पर राम राम या जय श्रीराम।
10. उपहार में रामायण देने की परम्परा।

अब मैं पिफर विनम्र निवेदन करता हूं कि यदि हमें भावी पीढ़ियों के बीच रामायण को जीवंत बनाए रखना है, तो हमें अंधविश्वास, रूढ़िवादिता और कट्टरपन छोड़कर धर्मिक उदारवाद का सहारा लेना होगा। कालांतर में विजय उसी वैचारिक तंत्रा की होगी, जो भौतिकवाद की कसौटी पर खरा उतरेगा। और अंत में आप सभी को ध्न्यवाद देने से पूर्व, मैं आपसे विनती करना चाहूंगा कि आज जब आप यहां से उठें, तो एक निश्चय करके उठें कि महीने में कम से कम एक परिवार में आप रामायण को उसके समग्र रूप में स्थान अवश्य दिलाएंगे।
ध्न्यवाद।

# आधुनिक विश्व की प्रजातांत्रिक व्यवस्था में रामराज्य की भूमिका

*डॉ. चन्द्रकिरण अग्निहोत्री*

आधुनिक सदी मानव चेतना और लोकतांत्रिक समाज व्यवस्था की शताब्दी है । लोकतंत्र में व्यक्ति की स्वतंत्रता और उसके मानव अधिकार सुरक्षित होते हैं । यह एक समान मानव व्यवस्था पर आधारित शासन व्यवस्था है । आज का युग राजनैतिक लिप्सा के खोखलेपन की पिटारी में बन्द है और पारस्परिक मतभेद, फूट–कलह और साम्प्रदायिक मतवादों के चक्कर से ज्ञान का कोई रास्ता नहीं खोज पा रहा है । आतंकवाद, नैतिकता का अभाव, विश्वशान्ति की कामना के चक्रवात में घिरा मानव मानसिक शान्ति खो बैठा है । कुर्सी पाने के लिए प्रजातांत्रिक मूल्यों की बलि चढ़ाने में नहीं हिचकता । वर्तमान जीवन–फलक पर नई रेखाओं को अंकित करना होगा ऐसी व्यवस्था को लाना होगा जो विश्व में 'विश्व बन्धुत्व' के भाव को जाग्रत कर सके ।

मानव व्यवस्था पर आधारित शासन व्यवस्था को सुचारू रूप से चलाने के लिए प्राचीन भारत में इसका सबसे उत्तम प्रमाण 'रामराज्य' में मिलता है । जिसकी आदर्श रचना आज भी संसार के लिए प्रासंगिक, प्रमाणिक हो सकती है और रामराज्य का यह स्वरूप वैश्वी समाज को स्वतंत्र मानवी परिकल्पना से जोड़ सकता है । जो मानवता का विध्वंस कर रहे हैं ऐसे शासकों में चारित्रिक बदलाव लाकर कैसे उन्हें प्रजा का रक्षक बनया जा सकता है यह देश की समस्त रामायणों में वर्णित 'रामराज्य की कल्पना' में तो देखा ही जा सकता है किंतु संत तुलसीदास के 'रामचरितमानस' में वर्णित रामराज्य कितना प्रासंगिक है इसे समझ जाने पर समस्त विश्व सुख शांति की साँसे ले सकेगा । संकटकालीन परिस्थिति में दिव्य दृष्टि सम्पन्न द्रष्टा लोकनायक के पद पर कैसे आसीन हो और सशक्त नेतृत्व प्रदान कर सके इसके लिए तुलसीदास ने आदर्श राजा को गढ़ा है । जिस राजा या शासक का चरित्र गिर चुका है और जिसकी प्रजा भी 'यथा राजा तथा प्रजा' की कहावत को चरितार्थ कर रही हो वहाँ की शासन व्यवस्था कितनी चरमरा रही होगी इसका अंदाजा सहज ही लगाया जा सकता है । 'मानस' का 'कवियुग वर्णन' किसी युग के वीभत्स रूप को प्रकट करने में सक्षम है । क्या आज ऐसी स्थिति निर्मित नहीं है ? तुलसीदास ने राजा और प्रजा को पिता और पुत्र के संबंध में बाँधकर राजतंत्र के नवोत्थान के लिए आदर्श प्रस्तुत कर प्रजातांत्रिक जीवन प्रभावी और शासन व्यवस्था के प्रति जनता में एक राग का सर्जन किया । 'नृप नीति' का एक उदाहरण समर्थ तथ्य को स्पष्ट करता है –

***'मुखिया' मुख सो चाहिअर खान–पान कहुं एक ।***
***पावइ पोषइ सकल अंग तुलसी सहित विवेक ।।*** (मानस 2/3/4 दो.)

'आन्तरिक' रूप स्पष्ट है जैसे मुख भोजन को एक रस करके सम्पूर्ण अंगों का पोषण करता है उसी प्रकार राजा को प्रजा के समस्त प्राणियों का पेट भर कर उन्हें शक्तिमान बनाना चाहिए । यह तभी संभव है जब राजा विवेकवान हो । 'राजधर्म' में अधिकार' और कर्तव्य (राइट्स और ड्यूटीज़) का बड़ा महत्व है । विदेशी आचार्यों ने पहले अधिकार की बात सोची और फिर कर्तव्य की । भारतीय आचार्यों ने पहले कर्तव्य पर ध्यान दिया फिर अधिकार पर । उन्होंने कर्तव्य को इतनी प्रधानता दी कि धर्म शब्द का अर्थ ही हो गया कर्तव्य । राजधर्म में राज्य कर्तव्य ही प्रधानता से सोचा गया । उपर्युक्त दोहा इसी राज्य कर्तव्य को प्रमुखता देता है – ***''पालै पौषै सकल अंग तुलसी सहित विवेक''*** । आत्मोकर्ष और परापकर्ष को ही कई लोगों ने राजनीति का सार कहा है । वही राजधर्म का सर्वस्व है जिसमें आत्मकल्याण के साथ 'परहित भी निहित हो ।' तुलसीदास जनवादी मनोवृत्ति वाले थे अतः उन्होंने राजनीतिक व्यवस्था का पुनरूद्धार कर एक सत्संकल्प को व्यावहारिक बनाने का प्रयत्न कर नृप नीति की शुष्कता में सहृदयता का बीज डालकर एक नवीन राज्य–प्रणाली को जन्म दे सुख के फूलों की सृष्टि की । उनका रामराज्य प्रजा के सुख का मूल है । आदर्श राजा और शासन व्यवस्था के संबंध में मेकाले ने जो कुछ भी कहा है उसका स्वरूप वर्तमान युग की भिन्न–भिन्न शासन प्रणालियों में दृष्टिगोचर नहीं होता, उसकी कल्पना तो तुलसीदास के रामराज्य में ही सार्थक हुई है – ***'सबसे उत्तम सरकार वह है जो जनसाधारण को खुश रखना चाहती हो और जिसे यह भी पता हो कि लोगों को कैसे खुश रखा जा सकता है ... लोग उस सरकार से इतना परेशान नहीं होते जो शुरू से ही बहुत कमज़ोर हो, उस सरकार से वे ज्यादा परेशान होते हैं जो हर बात में दखल देती हो और उन्हें यहाँ तक हुक्म दे दे कि वह क्या पढ़े और क्या बोले या क्या खाएँ–पिएँ और पहनें ।*** इस प्रकार की बाधाओं से प्रजा–जीवन कटुता से भर जाता है और परिणाम होता है आंदोलन । अतः ऐसी शासन प्रणाली की व्यवस्था हो जिससे सहृदयता का बीज तथा संकल्प का अंकुर अंकुरित होकर शान्ति बनाए रखे यही तुलसीदास ने रामराज्य में दिखाने की चेष्टा भी की है । उन्होंने लोक तथा वेद की

समन्वयपूर्ण व्यवस्था को महत्वशाली स्थान दिया है । नृपनीति के साथ ही इन दोनों का भी महत्व है जिसे संतुलन और अंकुश की दृष्टि से रखा गया है । राजनीति के बड़े–बड़े सिद्धान्तों को सूक्तियों के रूप में सहज भाव रूप से प्रस्तुत किया गया है, देखिए –

*'भरत विनय सादर सुनिअं करिअं विचारू बहोरि ।*
*करब साधुमत लोकमत, नृपतनय निगम निचोरि ।।* (मानस 2/257/0 दो)

रामचरितमानस में तीन प्रकार के राज्यों का उल्लेख है । प्रथम प्रकार का राज्य है सत्यकेतु के ज्येष्ठ पुत्र प्रतापभानु का, जिसमें भूमि का कामधेनु के समान होना, प्रजा का समस्त दुःखों से रहित तथा सुखी होना, समस्त नर–नारियों का धर्मशील रहना, हरिमग्न तथा धर्म में रुचि रखने वाले मंत्रियों का राजा को हितकारी नीति बताना, राजा का गुरु, सुर, संत, पितर तथा महिदेवों का सम्मान करते हुए वेद प्रतिपादित कर्मों को सादर सम्पन्न करना । उसमें दानशील आदि सद्गुणों का होना वर्णित है । (देखिए मानस 1/155/1–6) । द्वितीय प्रकार का राज्य रावण का था जिसमें सिवा अत्याचार, अनाचार, चोरी, अधर्मवृद्धि के साथ ही घोर कुकर्मो का प्राबल्य था –

*बरनि न जाइ अनीति घोर–निसाचर जो करहिं ।*
*हिंसा पर अति प्रीति तिन्ह के पापहिं भवनि मिति ।।* (मानस 1/1831 दो)

यह एकाधिनापरवाद का प्रतीक था । तामसी गुणों वाला राजा जो स्वयं को ही ब्रह्म मान बैठा और सभी को कष्ट देने में निपुण था ।

*भुजबल बिस्व बस्य करि राखेसि कोउ न सुतेज ।*
*मंडलीकमनि रावण राज करै निज मौज ।।* (मानस 1/182/14–15 दो.)

ऐसे निरंकुश राज्य को नष्ट करने हेतु ही तृतीय राज्य राम का सुराज्य प्रतिष्ठापित किया गया जहाँ दैहिक, देविक तथा भौतिक तापों से कोई भी ग्रस्त नहीं है । सभी निज–निज धर्म पर, चलकर प्रीतिपूर्वक निरोग तथा दुःखों से हीन थे । कोई मूर्ख नहीं था सभी विद्वान लोग दम्भहीन, धर्मरत्, चतुरगुणी तथा ज्ञानी, कृतज्ञ, कपटहीन थे साथ ही मनुष्यत्ता प्राणियों में भी प्रीति का भाव था और प्राकृतिक वैभव सम्पन्नता से समृद्ध सभी सुखी तथा खुश थे ।

*दैनिक दैविक भौतिक तापा । रामराज नहि काहुहि ब्यापा ।*
*सब नर करहिं परस्पर प्रीती । चलहिं स्वधर्म निरत श्रुति रीति ।।*

जहाँ 'धर्मपालन की' भावना व्यक्ति में बलवती हो उठती है वहाँ प्रेम, सेवा और परमार्थ की भावना उसे परिवार, समाज और देश से आबद्ध कर एकसूत्र में बाँध देती है तथा मानव जगत के कल्याण का समाज बनता है । 'मानस' में रावणत्व पर राम की विजय दिखाकर प्रत्येक क्षेत्र में विश्रृंखलित व्यवस्था को पुनः जीवित करने हेतु श्रुति–स्मृति प्रतिपादित नैतिक आदर्शों को अपनाया गया है ।

समस्त राज्य की व्यवस्था और सुरक्षा का भार राजा या शासक पर होता है अतः उसे **'नराणां च नराधिपम्'** के भाव को ग्रहण करना होगा उसमें संतों के समान गुण होना चाहिए । 'महाभारत' में राजा के छत्तीस गुण तथा कौटिल्य अर्थशास्त्र में राजा के सोलह 'अभिगामिक', आठ प्रजा के, चार उत्साह के तथा तीस आत्मसंयम गुण बताए हैं । तुलसी ने सभी गुणों का समन्वय करते हुए राजा को ऐसा व्यक्ति माना है जो स्वार्थ से दूर लोकादर्श और लोकरंजन के नियम को मानें । राजा के समुचित व्यवहार को एक नितान्त महत्वपूर्ण माना गया है –

*भावी भानु किसानु सम नीति निपुन नरपाल ।*
*प्रजा भाग बस होहिग कबहुं कबहुं कलिकाल ।।* (दोहावली, दो. 507)

अर्थात् राजा में मारुती, सूर्य, अग्नि तीनों के गुण होना चाहिए । भावी के सदृश्य प्रजा का सरंक्षण तथा संवर्धन करना अर्थात् प्रजा को अम्युदय और निःश्रेयस के मार्ग पर ले जाने हेतु बाहरी आक्रमणों से बचाना, आंतरिक विद्राहों को शान्त करना तथा सूर्य की तरह चारों और प्रकाश फैलाना अर्थात् नैतिक गुणों को विकसित करना और किसान के सदृश्य उनका भरण पोषण करना । यहाँ सूर्य का तात्पर्य दूसरा भी है – समभावना । सभी को एक दृष्टि से देखना । आज सारे विश्व में शासक इस भाव को अपनाए तो देश में बैर, आतंक, कुनीति को प्रश्रय ना मिले । राज्य प्रजावर्ग की सम्पत्ति है और उसकी सुरक्षा का भार राजा पर होता है । अतः धर्मसाधक भरतजी इसके प्रति अपनी अयोग्यता बताते हुए कहते हैं –

*'मोहि राजु हठि देइहहु जबहीं । रसा रसातल जा इहि तबहिं ।।'*

इस उक्ति का यह तात्पर्य नहीं कि वे राजनीति से अनभिज्ञ थे अपितु राम के होते हुए वे राज्य नहीं चाहते थे, वे राजमद से दूर थे, यह तो उनकी विनम्रता ही है । राजा में नीतिज्ञता का समावेश परम आवश्यक है । नीति दो प्रकार की होती है, प्रथम 'पारस्परिक नीति' द्वितीय 'स्वतंत्र नीति' । प्रथम नीति में राजा मंत्रिगण की सम्मति लेकर कार्य करता

है द्वितीय वैयक्ति स्वातन्त्र्य की प्रधानता है । नीति का अनुसरण न करने वाला नृप सदैव शोचनीय है –

*'सोचिय नृपति जो नीति न जाना'*
(मानस 21/171/4)

*'जासु राज प्रिय प्रजा दुखारी । सो नृप अवसि नरक अधिकारी ।*
*रहहु असि नीति बिचारी । जनक लखनु भये कामुक भारी ।'*
(मानस 2/71/6–7)

ऐसा शासक जो कोलं, किरात, शबरी, भिल तथा निषाद तक से प्रेमपूर्वक व्यवहार करे उन्हें उनका अधिकारी दे आज भी युग की यही माँग है ।

*'प्रभु तरुवर कपि डार पर ते किए आपु समान ।*
*तुलसी कहूं न राम से साहिब सील निधान ।'*
(मानस 1/29 दो.)

राम भरत को राजधर्म का उपदेश देते हुए कहते हैं –

*'देसु कोसु पुरजन परिवारू । गुरुपद एहि लाग छरूभारू ।*
*तुम मुनि मातु सचिव सिखमानी । पालेहु पुहुमि प्रजा रजधानी ।।*
(मानस 2/314/7–8)

तुलसीदास के राजतंत्र के विषय में लिखा गया है – ***'आजकल की तरह राजनीति में व्यक्तिगत जीवन और सार्वजनिक जीवन में भेद नहीं था । राजा का जीवन प्रजा के सामने एक खुली पुस्तक के समान होता था ।'*** (गोस्वामी तुलसीदास, डॉ.श्यामसुन्दर दास, पृ. 159)

सर्वांगपूर्ण सुखदायक रामराज्य की स्थापना ऐसा कौतुहल जनक खेल संसार में शायद ही किसी ने रचा हो, जैसा तुलसीदास ने रच दिया ।

राजनीतिज्ञ तुलसीदास ने अपने युग में जिस राजतंत्र प्रणाली को प्रतिपादित किया वह आधुनिक युग के वैधानिक प्रजातंत्र का ही रूप था जिसके अंतर्गत राजा के समस्त अधिकारों का उत्तराधिकारी मंत्रिमंडल होता था और उसके निर्णय पर ही राजनैतिक कार्य पूर्ण होते थे । यही कारण था कि राजा दशरथ प्रजा की सम्मति से ही तथा सभासदों और गुरुजनों की सम्मति से राम के राज्याभिषेक के लिए अनुमति मांगते हैं तथा राजा को चुनने का अधिकार पंचों को देते हुए कहते हैं –

*'जौ पंचहि मत लागइ नीका । करहु हरषि हिय राम हि टीका ।।*

उन्होंने ऐसे ही व्यक्ति को प्रस्तावित किया है जो सबका प्रिय है, अतएव इस प्रस्ताव के पूर्व वे कहते हैं –

*'सेवक सचिव सकल पुरवासी । जे हमारे अरि मित्र उदासी ।*
*सबहि रामु प्रिय जेहि विधि मोही । प्रभ असीस जनु तनु धरि सोही ।।'*
(मानस 2/5/4, 2/3/2–3)

उस युग में तुलसीदास ने जिस सुन्दर निर्वाचन प्रणाली को प्रस्तुत किया था और वह सफल भी हुई । यह प्रणाली क्या आज के लिए उपयुक्त नहीं है । रामराज्य में व्यवस्थापरक नीति को अपनाया गया है । उन्होंने व्यक्ति के विचार या भाषण को दण्ड द्वारा बदलना उचित नहीं माना है, 'साम' नीति को महत्व दिया है । दूसरी ओर रावण भय, दण्ड भेद नीति तथा छल–कपट के द्वारा शासन चलाता है । उसकी स्वेच्छाचारिता आतंकपूर्ण राज्य की स्थापना करती है । आज आतंकवाद चहुँ ओर फैला है उसे समाप्त करने हेतु रामराज्य की नीति को अपनना श्रेयस्कर होगा । 'राज्य' प्रजा की धरोहर है और राजा उसका प्रतिनिधि इसलिए उसे अनन्य प्रजा के सेवक के नाते कार्य करना होगा । स्वामी के रूप में नहीं । 'मानस का रामराज्य जिस राजतंत्र पर आधारित था वह 'इंस्टीट्यूशनल (पाप्युलर) मानर्की' का एक ऐसा श्रेष्ठ उदाहरण है, जिसके सामने वर्तमान प्रजातंत्र भी हेय दीख पड़ेगाा । क्योंकि भाई भरत के अनुपम त्याग ने समाजतत्व को श्रेष्ठता प्रदान करते हुए, उसमें दैवी तत्व भर दिया था । इसके विपरीत असुरत्व की प्रधानता के कारण रावण और कंस के गणतंत्र भी समाज को दुःखदायी सिद्ध हुए । इसलिए **पोप** के शब्दों में ***'फार फार्म्स ऑफ गवर्नमेन्ट लट फूल्स रोटेक्ट, व्हाट एडमिनिस्टर्ड बस्ट इज़ बस्ट ।'*** (मानस में भारतीय समाजवाद, राष्ट्रसेविका, रामायण अंक, चतुर्थ अंक, 1973 ई.)

'मानस' में वर्णित रामराज्य एक महान तेजपिंड (सर्चलाइट) की तरह हैं । इस शासन में बुद्धिवादी और भाववादी विचारधाराओं का सुगम संगम हुआ है । अतः अँग्रेजी विद्वान ने कहा है कि सत्रहवीं शताब्दी में भारत में दो साम्राज्य उदित हुए – पहला अकबर का साम्राज्य और दूसरा तुलसी का साम्राज्य । अकबर का साम्राज्य कुछ वर्षो में समाप्त हो गया, किन्तु तुलसी का साम्राज्य अब भी बना हुआ है ।

तुलसीदास ने ज्येठ अधिकार को सुरक्षित रखते हुए भी राम पंचायत के द्वारा अन्य भ्राताओं को भी प्रमुखता दी है । ***'कदाचित् राम पंचायतन ही पंचायतन राज्य का प्रथम बीज है जो तबसे अरिष्ठ शासन, अल्पशासन और जनतंत्र आदि अनेक रूपों में पल्लवित हुआ है ।'*** (अरिस्टोक्रेसी, आविगार्की, डिमोक्रेसी, गो.तुलसीदास, डॉ. रामदत्त भारद्वाज, पृ. 442)

रामराज्य का उत्तरदायित्व मंत्रिमंडल पर रहता है अतः यदि मंत्री सुयोग्य है तो बिगड़ा शासनन भी सुधर सकता है । मंत्री राजा का दाहिना हाथ होता है । बालि द्वारा सुग्रीव जब निकाला जाता है तब उसके मंत्री साथ देते हैं तथा साथ रहते हैं । किष्किन्धाकाण्ड में सुग्रीव मंत्रियों सहित .......मूक पर्वत पर निवास करता है । इस प्रकार विभीषण द्वारा लंका का त्याग करने पर उसके मंत्री साथ रहते हैं जिनके नाम अनल, पनस, सम्पत्ति और प्रभति थे । रामराज्य में सुयोग्य मंत्री थे जो नीति का समर्थन कर कार्य किया करते थे । आधुनिक युग में मंत्रियों की बाढ़–सी आई हुई है वे चाहे योग्य हों या अयोग्य निर्वाचित हो ही जाते हैं किन्तु तुलसीदास ने तो शांत, सुयोग्य सचिवों के ही हाथ राज्य–कार्य सौंपा है तथा सौंपने के संबंध में यह लिखा है –

***'रैयत राज–समाज, घर, तन, धन धरम सुबाहु ।***
***शांत सुसचिवत सौंपि सुख बिलसहि नित नर नाहूं ।।'***

**(दोहावली, तुलसीदास दो.52)**

राज्य संचालन में अमात्यमण्डल (सचिव) की आवश्यकता होती है । 'मनुस्मृति' में सात या आठ सचिवों की नियुक्ति का उल्लेख मिलता है – ***'स्वराज्य स्वदेश में उत्पन्न हुए वेदादि शास्त्रों के ज्ञाता, शूरवीर जिनका लक्ष्य अर्थात् विचार निष्फल न हो और कुलीन एवं सम्यक सुपरीक्षित सात अथवा आठ उत्तम, धार्मिक, चतुर सचिवों की नियुक्ति करनी चाहिए ।'*** (मनुस्मृति, 7/54)

दशरथ के दरबार में भी सात–आठ सचिव होने का उल्लेख है तथा जिनमें सुमन्त प्रधान सचिव थे । रावण दरबार में भी प्रहस्त, माल्यवन्त आदि प्रमुख सचिव थे । राजा प्रतापभानु के वर्णन में भी सचिवों का उल्लेख है । ये सचिव नीतिवान, चतुर तथा राजा के हितैषी होने चाहिए तथा ठकुरसुहाती करने वाले नहीं होना चाहिए । आज के युग में ठकुरसुहाती ने ही राज्यों को विनाश की ओर धकेला है । रावण की सभा में मंत्रीगण उसी की इच्छानुसार मंत्रणा देते थे किन्तु 'प्रहस्त' शाश्वत सत्य का उद्घाटन करते हुए

कहते हैं –

***'सबके बचन श्रवण सुनि कर प्रहस्त कर जोरि ।***
***नीति विरोध न करिअ प्रभु मन्त्रिन्ह मति अति थोरि ।।'***

**(मानस 6/8 दो.)**

कामन्दकीय नतिसार में मंत्रियों के उपयोगी गुणों का वर्णन है । मंत्री की निर्भीकता को तुलसीदास श्रेष्ठ मानते हैं, क्योंकि –

***'सचिव बैद गुर तीनि जौं प्रिय बोलहिं भय आस ।***
***राज धर्म तन तीनि कर होइ बेगिहीं नास ।।'***

**(मानस 5/37 दो.)**

रामराज्य में गुरु वशिष्ठ को यह सम्मान प्राप्त था कि वे समस्त कार्यों में धर्मसम्मत परामर्श देते रहते हैं । राजा दशरथ ने सर्वप्रथम इन्हीं गुरु से सम्मति लेकर राम को युवराज बनाने की इच्छा प्रकट की थी । राम तो भरत को राजनीति का उपदेश देते समय समस्त भार गुरु चरणों पर रख देते हैं ।

***'देसु कोसु पुरजन परिवारू । गुर पद रजहिं लाग छरुभारू ।।'***

'अर्थशास्त्र' में कहा गया है कि मंत्रणा हेतु मंत्री परिषद का होना आवश्यक है । 'मानस' में मंत्री परिषद् के साथ ही प्रजा–सभाओं का उल्लेख हुआ है । चित्रकूट में जिस सभा का आयोजन हुआ है और उसमें जो व्यावहारिक रूप हमें दिखाई देता है वह सभा को सम्पूर्ण ऊँचाई तक ले जाता है । यहाँ सभी आत्म रुचि में अनु..... अभिव्यक्ति को रूप देते हैं तथा मर्यादित दांवपेंच दिखाई देता है । राम लंबा युद्ध के पूर्व मंत्रणा लेना नहीं भूलते –

***'रिपु के समाचार जब पाए । राम सचिव सब निकट बोलाए ।***
***लंका बांके चारि दुआरा । केहि बिधि लागिअ करहु बिचारा ।।'***

**(मानस 6/39/1–2 दो.)**

राम की सेना के पार उतर आने पर रावण भी मंत्रियों से भावी नीति हेतु विचार–विमर्श करता है । राष्ट्र के संरक्षण तथा संवर्धन हेतु मंत्रियों का होना आवश्यक है ।

सेना राज्य की सबसे बड़ी शक्ति मानी गई है और इसके लिए अत्यन्त वीर योद्धा तथा चुने हुए सेनापतियों का होना आवश्यक होता है जिससे व्यवस्थित देश से सेना का संचालन किया जा सके । प्राचीन नीतिशास्त्रों में चतुरंगिणी सेना का उल्लेख मिलता है । आज भी जल, थल, वायु सेना सभी देशों में पाई जाती है ।

युद्ध नीति को व्यावहारिक रूप में प्रस्तुत करना राम जैसे कुशल राजनीतिज्ञ का ही काम था कि उन्होंने राजनीति में सेना बल के साथ देव बल पर भी महत्व दिया है । इसक लिए यज्ञ, अनुष्ठान आदि किये जाते हैं । राम ने सेतुबन्ध प्रसंग में लौकिक तथा दैवी दोनों प्रकार के शत्रु सहायकों को अपने वश में कर लिया । विभीषण जैसा नीतिज्ञ लौकिक तथा रावण के प्रबल सहायक श्री शंकरजी को अपना समर्थक बना लेना राजनीति का महत्वपूर्ण दृष्टिकोण है । रावण शंकरजी का भक्त था अतः अनुष्ठान किया –

*'करिहौं इहां संभुथापना । मोरें हृदय परम कल्पना ।।'*

(मानस 6/2/4)

राम नीति में कुशल एवं अद्वितीय व्यवहार कुशल थे, अतः वे सैनिक तथा सेनापतियों के बल की सराहना करते हुए उनके प्रति कृतज्ञता ज्ञापित करते थे जिससे सैनिक दूने विश्वास और उत्साह से युद्ध में तत्पर होते थे । युद्ध के अनन्तर राम विभीषण द्वारा प्रेषित उपहारों को वानरों में बांटते हुए कहते हैं –

*'तुम्हरे बल मैं रावनु मार्‌यो । तिलकु बिभीषन कहुं पुनि सार्‌यो ।।'*

(मानस 6/118/4)

यहाँ आचार की दृढ़ता आज के युग में कितनी प्रासंगिक हो सकती है आप समझ सकते हैं । यहीं तक नहीं राम राज्याभिषेक के समय सुग्रीव आदि को बुलाकर उनकी सेवाओं की श्लाघा करते हुए अपनी विनम्रता प्रदर्शित करते हैं –

*'अनुज राज संपति बैदेही । देह गेह परिवार सनेही ।*
*सब मम प्रिय नहीं तुम्हहिं समाना । मृषा न कहौं मोर येह बाना ।।'*

(मानस 7/16/6–7)

राज्य में कोश का महत्वपूर्ण स्थान है इससे राज के ऐश्वर्य तथा तप तेज में वृद्धि होती है । कोश में धन एकत्र करने का साधन न्याय तथा धर्मसम्मत होना चाहिए । यह साधन कर द्वारा प्राप्त द्रव्य, अधीनस्थ राजाओं से प्रदत्त भेंट तथा पर्वत समान आदि प्राकृतिक साधनों से धन प्राप्त किया जा सकता है । कर द्वारा धन प्राप्त करना आज के युग में सर्वसुलभ साधन है किन्तु कर धन द्वारा लेना है तो सूर्य के रूप में जिससे करदाता को कर देने में कष्ट का अनुभव न हो । रामराज्य में प्राकृतिक साधन से फलीभूत द्रव्यों के मिलने का परिचय है –

*'प्रगटीं गिरिन्ह बिबिध मनि खानी । जगदातमा भूप जगजानी ।*
*सागर निज मरयादा रहहीं । डारहिं रत्न तटन्हि नर लहहीं ।।'*

(मानस 7/23/7,9 दो.)

युद्ध नीति को व्यावहारिक रूप में प्रस्तुत करना राम जैसे कुशल राजनीतिज्ञ का ही काम था कि उन्होंने राजनीति में सेना बल के साथ देव बल पर भी महत्व दिया है । इसक लिए यज्ञ, अनुष्ठान आदि किये जाते हैं । राम ने सेतुबन्ध प्रसंग में लौकिक तथा दैवी दोनों प्रकार के शत्रु सहायकों को अपने वश में कर लिया । विभीषण जैसा नीतिज्ञ लौकिक तथा रावण के प्रबल सहायक श्री शंकरजी को अपना समर्थक बना लेना राजनीति का महत्वपूर्ण दृष्टिकोण है । रावण शंकरजी का भक्त था अतः अनुष्ठान किया –

*'करिहौं इहां संभुथापना । मोरें हृदय परम कल्पना ।।'*

(मानस 6/2/4)

राम नीति में कुशल एवं अद्वितीय व्यवहार कुशल थे, अतः वे सैनिक तथा सेनापतियों के बल की सराहना करते हुए उनके प्रति कृतज्ञता ज्ञापित करते थे जिससे सैनिक दूने विश्वास और उत्साह से युद्ध में तत्पर होते थे । युद्ध के अनन्तर राम विभीषण द्वारा प्रेषित उपहारों को वानरों में बांटते हुए कहते हैं –

*'तुम्हरे बल मैं रावनु मार्‌यो । तिलकु बिभीषन कहुं पुनि सार्‌यो ।।'*

(मानस 6/118/4)

यहाँ आचार की दृढ़ता आज के युग में कितनी प्रासंगिक हो सकती है आप समझ सकते हैं । यहीं तक नहीं राम राज्याभिषेक के समय सुग्रीव आदि को बुलाकर उनकी सेवाओं की श्लाघा करते हुए अपनी विनम्रता प्रदर्शित करते हैं –

*'अनुज राज संपति बैदेही । देह गेह परिवार सनेही ।*
*सब मम प्रिय नहीं तुम्हहिं समाना । मृषा न कहौं मोर येह बाना ।।'*

(मानस 7/16/6–7)

राज्य में कोश का महत्वपूर्ण स्थान है इससे राज के ऐश्वर्य तथा तप तेज में वृद्धि होती है । कोश में धन एकत्र करने का साधन न्याय तथा धर्मसम्मत होना चाहिए । यह साधन कर द्वारा प्राप्त द्रव्य, अधीनस्थ राजाओं से प्रदत्त भेंट तथा पर्वत समान आदि प्राकृतिक साधनों से धन प्राप्त किया जा सकता है । कर द्वारा धन प्राप्त करना आज के युग में सर्वसुलभ साधन है किन्तु कर धन द्वारा लेना है तो सूर्य के रूप में जिससे करदाता को कर देने में कष्ट का अनुभव न हो । रामराज्य में प्राकृतिक साधन से फलीभूत द्रव्यों के मिलने का परिचय है –

*'प्रगटीं गिरिन्ह बिबिध मनि खानी । जगदातमा भूप जगजानी ।*
*सागर निज मरयादा रहहीं । डारहिं रत्न तटन्हि नर लहहीं ।।'*

(मानस 7/23/7,9 दो.)

जहाँ कोशों का इन साधनों से भरा रहना वर्णित है वहीं इनका श्रेष्ठ कार्यों में सदुपयोग करना भी । अन्याय तथा अत्याचार से भरे कोश कभी भी स्थिर नहीं रह सकते । जैसा कि रावण के साथ हुआ । राम ने विभीषण द्वारा लंका से लाए आभूषणों को भेंट में प्राप्त होने पर उसे आकाश से गिरवाया जिसे वानर और निशाचरों ने लूटा । कारण स्पष्ट है कि वह सम्पत्ति न्याय से अर्जित नहीं थी । राम ने राज्याभिषेक के पश्चात् करोड़ों यज्ञ किए और अपने प्रजाजनों को सम्पूर्ण सुख प्रदान किया । श्री की अचलता हेतु हनुमान ने रावण से कहा था –

*'राम चरन पंकज उर धरहु । लंका अचल राजु तुम्ह करहू ।।'*

(मानस 5/23/1)

युद्ध नीति कैसी हो इसके संबंध में राम धर्मयुद्ध के समर्थक थे अतः उन्होंने युद्धनीति का दूसरा आधार आध्यात्मिकता को माना है जिसे विभीषण के प्रति राम द्वारा प्रतिपादित धर्मरथ के सम्बन्ध में स्पष्ट किया गया है –

*'सुनहू सखा कह कृपानिधाना । जेहि जय होइ सो स्पंदन आना ।।*
*सौरज धीरज तेहि रथ चाका । सत्य शील दृढ़ ध्वजा पताका ।।*
*बल विवेक दम परहित धोरे । क्षमा कृपा समता रजु जोरे ।।*
*ईस भजनु सारथी सुजाना । बिरति धर्म संतोष कृपाना ।।*
*दान परसु बुधि सक्ति प्रचंडा । बर विज्ञान कठिन कोदंडा ।।*
*अमल अचल मन त्रोन समाना । सम जय नियम सिलीमुख नाना ।*
*कवच अभेद विप गुर पूजा । एहि सम बिजय उपाय न दूजा ।।*
*सखा धर्ममय अस रथ जाकें । जीतन कहुं न कतहुं रिपु ताकें ।।*
*महा अजय संसार रिपु जीति सकै सो वीर ।*
*जा कें अस रथ होई दृढ़ सुनहु सखा मति धीर ।।*

(मानस 6/85 छं. 6/80/4–10)

आचरण की जिस ऊँचाई को यहाँ दिखाया है वह आज कितनी अनुकरणीय है । राम का यह कथन *'नहि जय होइ सो स्पन्दनु आना'* का भाव जय देने वाले आध्यात्मिक रथ से है जो भौतिक तथा बाह्य रूप में व्याप्त न होकर भीतरी धर्ममय रथ माना गया है । जिसके संबंध में कृष्ण ने कहा है – *'यतोधर्मस्ततोजयः'* । नैतिकता से युक्त राजनीति अनुकरणीय है ।

तुलसीदास ने दौत्यकर्म और गुप्तचर विभाग में संबंध में बहुत स्पष्ट रूप से कहा है कि दूत का मुख्य कार्य सन्धि और विग्रह कराना है अतः उसे सर्वशास्त्र–विशारद, इंगित आकार और चेष्टा जानने वाला पवित्र, कुशल, स्मृतिशाली प्रतिभा सम्पन्न देशभाव परिस्थिति का ज्ञाता, सुन्दर निर्भीक तथा वाग्मी होना चाहिए । हनुमान राम के परम भक्त दूत हैं जिनमें ये सभी गुण विद्यमान है । दूतों द्वारा ही सीतान्वेषण हुआ है । रावण–हनुमान संवाद शील से संयुक्त है । रावण अंगद संवाद में भेदनीति दिखाई देती है दोनों ही संवादों में वाक्पटुता देखी जा सकती है । इसी प्रकार गुप्तचर के रूप में हनुमान का सुन्दर वर्णन है उनके लिए कहा गया है कि ***"जासूस भी कैसा बना हुआ था । रावण की सभा का पूरा भेद लेना था, उसकी बुद्धि की थाह लेनी थी, मौके की किसी बात से चूका नहीं । आग की आग लगाई और ऊपर से नीचे तक लंका के दुर्गम दुर्ग को छान डाला तब लौटा । यह भगवान शंकर का पुत्र देवताओं का सबसे बड़ा बुद्धिमान और बलवान चर था ।'*** (रामचरितमानत की भूमिका, डॉ. रामदास गौड, पृ.76) । राम ने 'साम, दाम, दंड, भेद' चारों नीति में से साम नीति को ही विशेष रूप से अपनाया है । रामराज्य का वर्णन करते हुए मानसकार ने लिखा है कि 'दण्ड' कहीं था तो केवल सन्यासियों के हाथ में अपने आश्रम की मर्यादा हेतु सन्यासी हाथ में दण्ड रखते थे । रामराज्य में दण्ड की आवश्यकता थी ही नहीं –

*'दंड जतिन्ह कर भेद जहं नर्तक नृत्य समाज ।*
*जीतहु मनहिं सुनिउ अरू रामचन्द्र कें राज ।।'*

(मानस 7/22 दो. यहां परिसंख्या अलंकार द्वारा कहने की पद्धति अपनाई गई है ।)

राम शत्रु की छल–कपटपूर्ण नीति को समझते हुए भी पहले धर्म सम्मत मार्ग अपनाते हैं तदनन्तर कहते हैं –

*'जो न होइ बल गृह फिरि जाहू । समर विमुख मैं हतौं न काहू ।।*
*रन चढ़ि करिअ कपट चतुराई । रिपु पर कृपा परम कदराई ।।'*

राम को क्रोध भी आता है किन्तु वे उत्तेजित होकर धर्म को नहीं भूलते । बिगड़े हुए मित्र को राह पर कैसे लाना देखिए –

*'भय देखाइ लै आवहु तात सखा सुग्रीव ।'*

(मानस 4/18 दो.)

दुर्बल राजा बलिष्ठ शत्रु के साथ किस प्रकार की नीति का आलम्बन करें इसका उल्लेख तुलसीदास ने दोहावली में करते हुए कहा है –

*'सत्रु समानो सलिल ज्यों, राख सीस रिपुनाउ ।*
*बूडत लखि, पग डगत लखि चपरि चहूं दिसिधाउ ।।'*

आज के युग में यही नीति अपनाई जा रही है । जहाँ किसी देश में 'गृहयुद्ध' अथवा 'बाहरी आक्रमण' हुआ नहीं कि दूसरे देश उसे झपटने के लिए तैयार हो उठते हैं । इस रूप को तुलसीदास ने रावण की राजनीति में दिखाया है और उसकी आलोचना करते हुए राम की व्यवहारवादी सुरुचिपूर्ण शान्तिप्रिय 'साम नीति' का समर्थन किया है । यही नीति आज विश्वयुद्ध होने की संभावना से इंकार करती है । रामराज्य में सम्राट सत्ता और लोकमत की सत्ता के नए संबंध हैं । राजनीति से 'दण्ड' और 'भेद' के दो अंग लगभग हटा दिये हैं । राज्य के आदर्श में 'सुख' और 'सम्पत्ति' को चरम मूल्य माना है । किन्तु इसके साथ ही दण्डनीति पर आधारित पुरुषार्थ के स्थान पर साम तथा दान नीति पर आधारित 'पुरुषार्थ' को ही प्रधानता दी है । राजा राम निषादराज द्वारा राम की सत्ता स्वीकार कर लेने पर उसके साथ साम नीति ही बरतते हैं । बाकी के साथ दण्ड नीति का प्रयोग करते हैं क्योंकि उसके भाई की पत्नि का हरण करके दुष्कार्य किया था । दान नीति का प्रयोग विभीषण के साथ किया गया है । भेद नीति का व्यावहारिक रूप रावण की नीति में मिल ही जाता है ।

बारम्बार समझाने पर भी जब प्रतिद्वन्दी न माने तब विनय से काम नहीं चलता । इसलिए समुद्र से राम ने पहले तो विनय की फिर क्रोध करके भय दिखाया –

*'विनय न मानत जलधि जड़ गए तीनि दिन बीति ।*
*बोले राम सकोप तब भय बिनु होइ न प्रीति ।।'*

(मानस 5/57)

अतः वर्तमान युग में भी इसी प्रकार की यथा समय नीति अपनाकर शासन को शत्रुओं से बचाया जा सकता है ।

अन्तर्राज्य सम्बन्ध अथवा राजनय एवं संधि–विग्रह के संबंध में भी किसी प्रकार की राजनयिक क्रियाएं होना चाहिए । दूसरा उल्लेख मनु स्मृति, शुक्र नीति, याज्ञवल्कय स्मृति, किरातार्जुनीय, मुद्रा राक्षस तथा कौटिल्य का अर्थशास्त्र आदि अनेक ग्रन्थों में मिलता है । प्राचीन काल में राज्य की वैदेशिक नीति का संचालन षडगुण्य के सिद्धान्त द्वारा किया जाता था जिसका विवेचन महाभारत, अर्थशास्त्र, मनुस्मृति आदि सभी प्राचीन ग्रन्थों में किया गया है । इसके छः अंग – सन्धि, विग्रह, आस्म, यान, संश्रय और द्वैधीभाव बताए गए हैं जिसकी विस्तृत व्याख्या कौटिल्य ने की है । रामचरितमानस में अनेक राज्यों के व्यवहार तथा संबंध का वर्णन किया है । अश्वमेघ यज्ञ तथा स्वयंवर इसी दृष्टि से महत्वपूर्ण माने जा सकते हैं । षाड्गुण्य नीति का पालन राम किस प्रकार करते हैं देखिए – 'राम ने रावण से युद्ध की तैयारी हेतु जो समय लेना चाहा वह 'यान' का उदाहरण है । सुग्रीव और विभीषण और रावण के मध्य 'द्वैधीभाव' को पालन हुआ । राम और रावण का युद्ध 'विग्रह' है, इस युद्ध में अन्य आर्य राजाओं ने योग नहीं दिया यह उनकी तटस्थता की नीति का प्रतीक हुआ तथा शक्तिशाली रावण के सामने अन्य राजाओं का झुकना 'संश्रय' का उदाहरण है । एकछत्र राज्य की स्थापना हेतु राम ने मित्रता को अत्यधिक महत्व दिया है । राम के तीन सखा – गृहराज निषाद, सुग्रीव और विभीषण से मित्रता करके नीतिपालन कर मर्यादा की रक्षा करते हैं क्योंकि प्रीति और विरोध समान से हुआ करता है ।

*'प्रीति विरोध समान सम करिय नीति अस महि ।'*

'मानस' की नृप नीति सभी प्रकार की नीति से सम्पुष्ट थी । मर्यादावादी तुलसीदास ने सर्वत्र मर्यादा का ध्यान रखा है । उन्होंने राजनीति में भी अनुशासन को प्रतिष्ठित रखा है । आज के युग की विषय राजनीति को दूर करने के लिए राम की नीति अति प्रासंगिक है ।

आजकल प्रचलित शासन में समाजवाद तथा साम्यवाद का बड़ा जोर है, किन्तु आज इस राजसत्ता से सबका विश्वास उठता ही जा रहा है । मनुष्य के भीतर भेद और विषमता का घटना तो दूर रहा यह भावना और भी तीव्र होती जा रही है । प्रजा संत्रस्त और दुःखी है, चारों ओर अराजकता और विप्रलम्भकारी स्थिति निर्मित होती जा रही है । जहां सामाजिक स्थिति पर जोर दिया जाता है वहीं स्थिति विषम होती जा रही है । 'समाजवाद' इस दिशा में प्रयत्नशील है कि 'मनुष्य' मात्र को समान समझने की सुदृढ़ नींव पड़ जाए । समाजवादी धारणा तथा राज्यादर्श में निम्नांकित आधारभूत तत्वों का उल्लेख हुआ है –

(1) सभी व्यक्ति समान है । कोई किसी से घट–बढ़कर नहीं । अतः सभी को समान अवसर प्राप्त होना चाहिए ।
(2) प्रत्येक व्यक्ति को अपनी क्षमता अनुसार काम करना चाहिए ।
(3) प्रत्येक व्यक्ति को उसके कार्य के अनुसार मूल्य प्राप्त होना चाहिए ।
(4) जो काम न करेंगे, उन्हें खाना पाने का कोई अधिकार नहीं ।

(5) प्रत्येक का काम समाजहित के लिए होना चाहिए ।

(6) सम्पत्ति व्यक्ति की नहीं समाज की है । आदि

जहाँ प्रजातंत्र होगा वहीं समाजवाद भी सफल होने की संभावना हो सकती है । तुलसीदास का रामरात्य तो एक तेजपिण्ड है । इस शासन में बुद्धिवादी और भाववादी विचारधाराओं का सुभग संगम हुआ है । रामराज्य अत्यंत बुद्धि सम्पन्न विप्र विद्वान मण्डली द्वारा अभिमंत्रित है, जिसमें स्वार्थहीनता, ऐहिकता आदि उद्योगामी गुणों का नामोनिशान भी नहीं है । उत्तम जनों की सम्पत्ति प्रजा जीवन के पौधे का हरा–भरा करने के लिए शीतल जल देती रहती है । वे नीति–निर्धारक राम उनके दिव्य विचारों से अनुप्राणित हैं, भोगात्मा के स्थान पर योगात्मा बने हुए हैं और कार्यपालक राजा हैं । वे सबमें अपना अधिवास देखते हैं –

*'सर्व भूतस्थमात्मानं सर्व भूतानि चात्मनि ।*
*ईक्षते योग युक्तात्मा, सर्वत्र समदर्शन ।।'*

(अर्थात् योगयुक्त व्यक्ति अपने को सभी प्राणियों में, सभी प्राणियों को अपने में सदैव देखता है ।)

रामराज्य में प्रजातंत्र और समाजवाद तो देखा ही जा सकता है किन्तु इससे भी बढ़चढ़ कर उन्होंने नृप नीति की व्यवस्था की जो आज भी अनुकरणीय है जिससे आपसी वैमनस्य तथा विषमता का कहीं स्थान नहीं रह जाता । समाजवादी धारणा में सबको समान समझना होता है । 'मानस' में ही नहीं अपितु समस्त संत कवियों की रचनाओं में समता का भाव निरूपित है । **गीता** में कहा गया है –

*'शुनि चैव श्वपाके च पण्डिताः समदार्शिनः ।'* **(गीता 5/8)**

रामराज्य में भेदभाव ही नहीं द्वेषभाव का भी अभाव है वहाँ तो सभी प्रसन्न एवं सुखी हैं –

*'रामराज बैठे त्रिलोका । हरषित भए गए सब सोका ।*
*बयरु न कर काहू सन कोई । राम प्रताप विषमता खोई ।।'*
**(मानस, 7/20/7–8)**

प्रत्येक व्यक्ति निर्बैर है । विषमता बैर से ही पनपती है । जब बैर ही नहीं तो ह्रदय में कोई भी विकार अकारण नहीं पनपेगा । रामराज्य में सभी अपनी योग्यतानुसार कार्य करते थे । यही नहीं सभी पुण्य कर्म अर्थात् लोक कल्याण की भावना से आप्लावित थे । सभी गुणवान पण्डित हैं, कोई मूर्ख और आलसी नहीं । पाप–ताप का कहीं पता नहीं । सभी अपने कर्म–कर्तव्य सुन्दर ढंग से पूर्ण करने में जुटे हैं । जहाँ ऐसा जीवन हो क्या वह पृथ्वी किसी स्वर्ग से कम होगी –

*'सब नर करहिं परस्पर प्रीती । चलहिं स्वधर्मनिरत श्रुतिरीती ।*
*नहिं दरिद्र रोग दुखी न दीना । नहिं कोउ अबुध न लक्षनहीना ।।*
*सब निर्दंभ धर्मरत धुनी । नर अरू नारि चतुर सब गुनी ।*
*सब गुनग्य पंडित सब ग्यानी । सब कृतग्य नहिं कपट सयानी ।।*
... ... ...
*सब उदार सब पर उपकारी । विप्रचरण सेवक नर नारी ।।''*
**(मानस, 7/21/2,6,8, 7/22/7)**

यही कारण था कि किसी को दैहिक, दैविक, भौतिक ताप नहीं था । प्रजाजन सुन्दर, रोगहीन और दर्शनीय थे ।

रामराज्य में व्यक्तिगत सम्पत्ति का महत्व न होकर समस्त समाज के लिए उपयोगी सम्पत्ति का महत्व था । यह प्रश्न भी कि जो जितना कार्य करेगा उसे उतना ही प्राप्त होगा । यह प्रश्न वहीं उठता जहाँ अच्छे कर्म करने वाले थे क्योंकि स्वयं राज ही न्यायप्रिय और त्यागी था । अतः आर्थिक स्थिति दृढ़ थी । कोश धनधान्यपूर्ण था । किसी को ऋण मांगने की आवश्यकता न थी । शरीर, मन और आचरण से समृद्ध जनता में स्वार्थवृत्ति, पिशुनता, हीनभावना, पक्षपात, अनुचित नीति–रीति चश्मा लगाकर ढूंढने पर भी नहीं दृष्टिगोचर होती थी ।

*रामराज कर सुख संपदा । बरनि न सक फनीस सारदा*
.... .... .... ....
*दंड जतिन्ह कर भेद जहं नर्तक नृत्य समाज ।*
*जीतहु मनहिं सुनिअ अस रामचंद्र कें राज ।।*

**(मानस, 7/22/6, 7/22)**

जहाँ देश पूर्ण समृद्ध शक्तिशाली नहीं होगा वहीं देश में गरीबी व्यापेगी और मनुष्य की दैनिक आवश्यकताओं की पूर्ति न हो पाने से विद्रोह पनपेगा तथा बौद्धिक और आत्मिक विकास रुक जायेगा, जैसा कि आज की स्थिति स्पष्ट बता रही है, किन्तु तुलसीदास ने ऐसे राज्य की स्थापना करवाई जहाँ इस सबका नामोनिशान तक न था अपितु –

*फूलहिं फरहिं सदा तरु कानन । रहहिं एक संग गज पंचानन ।।*
*खग मृग सहज बयरु बिसराई । सबन्हिं परस्पर प्रीति बढ़ाई ।।*
.... .... .... ....
*लता बिटप मागे मधु चवहीं । मन भावतों धेनु प्य स्त्रवहीं ।।*
*ससि संपन्न सदा रह धरनी । त्रेता मैं कृतजुग कै करनी ।।*
*प्रगटी गिरिन्हि बिबिध मनिखानी । जगदातया भूप जग जानी ।।*
... ... ... ...
*सागर निज मरजादा रहहीं । डारहिं रत्न तटन्हि नर लहहीं ।।*

(मानस, 7/23/1–9)

जहाँ राजनीतिक धरातल ऊंचा होगा वहीं प्रजा का मानसिक, वैचारिक तथा शारीरिक धरातल भी ऊँचा उठेगा तथा आचारिक भावना बलवती होती जायेगी । इस (रामराज्य) राज्य में सर्वजन सुलभ उपयोग की वस्तुओं के अतिरिक्त अयोध्या के निवासियों की सम्पत्ति वैभव भी आकर्षक था । रामराज्य में प्रकृति स्वयं मनुष्य की वशवर्तिनी हो गई थी, अतः मानव सेवा में स्वयं को निछावर कर अहोभाग्य समझती थी । फिर भला दुकाल जैसा दानव क्यों प्रवेश करेगा । –

*सरिता सकल बहहिं बर बारी । सीतल अमल स्वाद सुखकारी ।।*
*सरसिज संकुल सकल तड़ागा । अति प्रसन्न दस दिसा विभागा ।।*
*बिधु महि पूर मयूखन्हि रबि तप जेतनेहिं काज ।*
*मांगें बारिद देहिं जल रामचन्द्र के काज ।।*

(मानस, 7/23/8,10, 7/23)

इतना बड़ा सुखः तो देवों के लिए भी स्पृहणीय बन सकता है । समता अर्थात् समाज में सम्पत्ति पर अधिकार के समान होने का सबसे बड़ा और क्या प्रमाण मिलेगा कि प्रत्येक वस्तु बाजार में आवश्यकतानुसार प्राप्त हो जाती थी और मूल्य भी चुकाना आवश्यक न था –

*'बाजारु चारु न बनई बसतं बस्तु बिनु गथ पाइए ।'*

(मानस, 7/28/9 छंद)

रामराज्य के अंतर्गत कर्म की प्रधानता बहुत महत्व रखती है अर्थात् प्रत्येक व्यक्ति को चाहे वह बड़े पद पर हो या छोटे पर उसे अपना कार्य करना पड़ता था । सीता सब सुविधाओं के होते हुए भी तथ सेवक और दासियों के रहते भी घर का काम स्वयं कर सुख का अनुभव करती थीं तथा रामचन्द्र की आज्ञा का पालन करती थीं –

*'जद्यपि गृह सेवक सेवकिनी । बिपुल सदा सेवाविधि गुनी ।*
*निज कर गृह परिचरजा करई । रामचंद्र आयस अनुसरई ।।*

(मानस, 7/24/5–6)

तुलसीदास राजकीय व्यवस्था को सामाजिक व्यवस्था पर आश्रित मानते थे । यही कारण था कि उन्होंने समाज संबंधी धारणा की बड़ी गहरी नींव डाली थी । सामाजिक व्यवस्था पंचायत या जनमत पर आधृत थी ।

रामराज्य में प्रत्येक व्यक्ति के भीतर त्याग की प्रबल भावना थी । लोलुपता और धनपद का अभाव था । दशरथ, राम और भरत जैसे व्यक्ति इसके प्रत्यक्ष उदाहरण हैं । समानता का भाव का एक उदाहरण प्रस्तुत है । राम के हृदय में राज्याभिषेक से सम्बद्ध कैसा तर्क–वितर्क उठता है –

*'जनमें एक संग सब भाई । भोजन सयन के लि लरिकाई ।*
*विमल बंस येह अनुचित एकू । बंधु बिहाइ बड़ेहिं अभिषेकू ।।'*

(मानस, 21/10/5,7)

राम की व्यवस्था तो आंतरिक चेतना, सच्चाई, ईमानदारी, सहृदयता को जाग्रत करने वाली थी । ऊँच–नीच भावना का अभाव था । वशिष्ठ और निषाद का मिलन सका प्रमाण है –

*'राम सखा रिषं बरबस भेंट । जनु महि लुठत सनेहु समेट ।'*

(मानस, 7/242/6)

'महि–लुठत सनेह समेटा' हृदय की आंतरिकता, स्नेहपूर्ण तत्परता का द्योतक है ।

महात्मा गाँधी ने भी 'रामराज्य' की स्थापना करती चाही थी क्योंकि वे चाहते थे कि शासन राम के गुण अपनायें और जनता उनकी प्रजा के गुण को अपनाकर सुखी और समृद्ध राज्य स्थापित करे । उस राजतंत्र के सामने विश्व के विविध तंत्र दिन के दीपक बन जाते हैं । सत्य, अहिंसा, सेवा, शील, संघटन आदि सभी कुछ उसमें मिलेगा । ***'समस्त विश्व को गिरवी रखकर भी यदि तुलसीदास का रामराज्य मिलता हो तो भी सौदा कर लेना बुरा नहीं है ।'*** (समिति पत्रिका, जुलाई 1971, पृ.13) रामराज्य के विषय में कहा गया है – ***'रामराज्य उनके अध्यात्म जगत की घटना है, क्योंकि वह***

*अन्ततः धर्मराज्य है । इसी को लेकर उन्होंने कवियुग से मोर्चा लिया है । उन्होंने जिस जागरण की सिद्धि की, वह आध्यात्मिक जागरण है, जिसके लिए कहा गया है — उत्तिष्ठत, जाग्रत प्राप्यवरन्निबोधतता । नानक हिंसा में, कबीर जीवन की नश्वरता में, तुलसीदास धर्मग्लानि से अध्यात्म जगत के पथिक बने ।'*
(तुलसी की हृदय व्यथा, राजरतन भटनागर, तुलसीदास, जून 1972, पृ.46)

तुलसी के राजनीतिक आदर्श में वस्तुतः प्रजातंत्र के समस्त बीजभूत तत्व खोजे जा सकते हैं जिसमें निर्देशक तत्वों पर विचार करते हुए कहा गया है कि सामाजिक, आर्थिक एवं राजनीतिक क्षेत्रों में सबको समान अवसर प्रदान करके न्याय दिलाना राज्य का कर्तव्य होगा । रामराज्य में आचरण की सर्वोच्च ऊँचाई प्रदान की है । आज विश्व में आचरण की महत्ता प्रतिपादित हो जाए, नैतिकता हर क्षेत्र में आ जाए तो शान्ति की खोज में उसे भटकना ना पड़े । डॉ. रामरतन भटनागर कहते हैं कि — *वे हमारे राममय जगत् में ही अतीन्द्रिय सौंदर्य की खिड़कियाँ खोलकर हमारे आत्मा के बन्दीगृह को नए रंग—शब्द—गंध से भर देते हैं ।'* डब्ल्यू डालस पी.हिल ने रामचरितमानस को भारत की जनता का मुक्तिदूत कहा है परन्तु वास्तव में समस्त राम काव्यों से प्रभावित होते हुए भी अपनी मौलिकता के कारण मानस भारत का ही नहीं विश्व की जनता का मुक्तिदूत बन गया है । सर जार्ज ग्रिर्सन, वरान्निकोव, डॉ. कामिक बुल्के, एक.पी.तेसीतोरी आदि पाश्चात्य विचारक भी तुलसी के मानस को अन्य रामायण से अलग अनुकरणीय आदर्श वाला ग्रन्थ मानते हैं । अतिचारिता एवं निरंकुशता का जो भयावह रूप संसार में दिखाई दे रहा है उसे मात्र तुलसी की नृप नीति को अपनाकर दूर किया जा सकता है ।

अन्त में मैं यही कहूँगी —
*कीरति भनति भूति भलि सोई ।*
*सुरसरि सम सब कहं हित होई ।।*
तथा —*सीय राजमय सब जग जानी । करउं प्रणाम जोरि जुग पानी ।।*

सभी रामायण प्रेमियों को मेरा शत—शत प्रणाम ।

# Role of Ramayana on World Thought, art & culture

डॉ० चन्द्रभूषण मिश्र

रामायण का अर्थ है राम का घर । राम सत्य स्वरूप धर्म के विग्रह हैं । रामायण काल में दो संस्कृतियों का वर्णन मिलता है– दशरथ संस्कृति, दशमुख संस्कृति । दशरथ जो दशों इन्द्रियों पर सवार हो, दशमुख जो दशों इन्द्रियों से भोग करे। अतः, दोनो संस्कृतियों की भिन्नता की पृष्ठभूमि में ही रामायण कालीन विचार, कला और संस्कृति का वर्णन मिलता है । दशरथी संस्कृति को देव वर्ग में रखा जाता है तथा रावण की संस्कृति को राक्षस वर्ग में रखा जाता है । रामायण कालीन नगर स्थापत्य कला का सुन्दर नमूना था । नगरों की प्रतिष्ठा दुर्गो के रूप में थी जिसकी रक्षा हेतु विशाल चहार दीवारी तथा दुर्गम खाईयों का निर्माण हुआ था । चहार दीवारियों में ही प्रत्याक्रमण के अनेक साधन संलग्न थे । स्थापत्य कला और सौन्दर्य दोनों ही महलों की शोभा बढ़ाते थे । नगर प्रायः नदियों के किनारे निरोग वातावरण में बसाए गए हैं कोई पद्मदल के समान कोई अर्धचन्द्राकार और कोई अष्टकोणात्मक है । चौराहे, उद्यान, तालाब, सुव्यवस्थित बाजार नगर की शोभा बढ़ाते थे । चारों दिशाओं के राजमार्ग राज्य प्रासाद तक आते थे । आमोद–प्रमोद, आराम, विहार के समुचित साधनों का सुन्दर सदुपयोग मिलता है ।

रामायण कालीन नगर ग्राम और आश्रम में प्रधान अयोध्या, जनकपुर, लंका, किष्किन्धा, तक्षशिला, पुष्पकलावती, मधुपुरी आदि के नाम उल्लेखनीय है । किसानों की बस्तियों को ग्राम तथा ग्वालों की बस्तियों को घोष कहा जाता था । ऋषियों के आश्रम उस समय के सांस्कृतिक, वैचारिक और कला के केन्द्र माने जाते थे । वहां की रीति–नीति से ही नगर प्रभावित होता था । ये आश्रम प्रायः कोलाहल से दूर एकान्त में बसाये जाते थे जिसके निर्माण में बाँस, वृक्षों की शाखाओं, पत्तों, मिट्टी, घास और रस्सियों का प्रयोग होता था । आश्रम या तपोवन के अधिष्ठाता को कुलपति कहा जाता था जहां से आध्यात्मिक ऊर्जा का प्रस्फुटन होता था । वनवास कष्टपूर्ण होने पर भी पूण्य संचय, देवपूजा, संध्यातर्पण, वेदघोष, स्वाध्याय आदि के लिए आवश्यक माना जाता था । फल, मूलों पर निर्वाह करने वाले सहिष्णु और तितिक्षु होते थे । जंगलो में रहने वाले ऋषि आर्य संस्कृति के संस्थापक और प्रचारक होते थे । इन्हें आदर्श पुरूष के रूप में माना जाता था । वाल्मीकि, वशिष्ठ, भारद्वाज, याज्ञवल्क्य, शतानन्द, अत्रि, अगस्त्य, परशुराम, वृहस्पति लोमश, वामदेव, सुतीक्षण, विश्वामित्र, गौतम आदि को रामायणकालीन प्रतिनिधि महर्षियों के रूप में जाना जाता है ।

रामायण महर्षि वाल्मीकि की मनोहर रचना है जिसमें संगीत के विविध छन्द आकर्षक शैली संवेदनशील संवाद और विविध कला का संगुंफन है ।

मधुमयभणितीनां मार्गदर्शी महर्षिः ।

रामायण महाकाव्य में तत्कालीन समाज का पूरा चित्रण मिलता है। वाल्मीकि का पहला श्लोक ही करूणा से उत्पन्न हुआ है । क्रौच, क्रौची के रोमंथन काल में एक का मारा जाना ही वाल्मीकि की करूणा का श्रीगणेश है इसलिये भगवान राम को करूणा वरूणालय कहा जाता है ।

कारूण्यरूपं करूणाकरंत<br>श्रीरामचन्द्रं शरणं प्रपदेय

काव्य के अतिरिक्त इसमें युग का आख्यान, इतिहास, दर्शन, नक्षत्र विद्या, ज्योतिष, आर्युवेद, प्राणिशास्त्र, अंकगणित, रेखागणित तथा वैज्ञानिक विषयों से संबंधित अनेक विषयों के दर्शन होते हैं । इसमें कवि की कलात्मकता, अभिरूचि, स्थापत्य कला, चित्र कला, वास्तु कला, संगीत कला और नाट्य कला का परिष्कृत वर्णन मिलता है । कला के अनुशीलन में योग और भक्ति का आश्रय लिया जाता है । योग से वह विषयों के साथ तादात्मय स्थापित करता था तथा भक्ति से उसे मूर्त रूप प्रदान करता था ।

यद्यपि रामायण कालीन संस्कृति धर्म से प्रभावित थी तथापि वेदों का प्रभाव सर्वत्र दिखाई देता था । धार्मिक अनुष्ठान जीवन के विविध पक्षों में अनवरत चलता था जैसे मकान बनाने के पहले भूमि पूजन, गृह प्रवेश के पहले वास्तु पूजन, नई फसल प्रयोग से पहले आग्रयन किया जाता था । महत्वपूर्ण कार्य आरम्भ के पहले स्वस्तयन तथा गणपति पूजन का विधान था । दैनिक कार्यो में स्नान, अर्घ, तर्पण, मार्जण, प्राणायाम, गायत्री यज्ञ, अग्निहोत्र और देवतार्चन की प्रमुखता थी । अन्तयेष्टी में प्रेत कार्य, उदक क्रिया, पिण्ड दान, निर्वाण क्रिया तथा श्राद्ध कर्म की प्रमुखता थी । जगह—जगह पर मंदिरों के भी उल्लेख मिलते हैं । जिसमें विभिन्न देवी देवताओं की मूर्तियां स्थाापित थी । इसी तरह तीर्थ यात्रा, गौ सेवा, यज्ञ अनुष्ठान हुआ करता था । पंचदेवोपासना की प्रधानता थी परन्तु शिव और विष्णु भक्तों में विरोध नहीं था । गंगा—यमुना, संगम क्षेत्र, वट—वृक्ष, पीपल पृक्ष, गया, चित्रकूट, हिमालय जैसे प्राकृतिक उपादानों में देवबुद्धि रखी जाती थी । नैतिकता का स्तर बहुत ऊँचा था । अयोध्या निवासी धर्मात्मा, निलोभी, सत्यवादी, संतोषी, संयमी, शीलवान और बहुश्रुत सदाचारी होते थे इसलिये रामायण में प्रतिज्ञापालन, सत्यवादिता, कृतज्ञता तथा दानशीलता के उदाहरण जगह—जगह मिलते है । कर्म सिद्धान्त में अटूट निष्ठा के कारण कर्म फल से मिलने वाले स्वर्ग—नरक के प्रति काफी सचेत थे । जीवन में आशा और निराशा का सम्मिश्रण होता था पर धर्म को ही मूल उत्कर्ष माना जाता था ।

धर्मेण लभते सर्व धर्मसामिंद जगत ।

सात्विक और दैवी जीवन की ओर प्रेरित करने वाली सभी बातें धर्म के अन्र्तगत थी । रामायण के चरित्र—चित्रण में धर्म की साकार मूर्तियों में धर्म के ज्वलंत आदर्श विद्यमान है । विभीषण में शरणागत धर्म का, हनुमान में सेवक धर्म का, सुग्रीव में सखा धर्म का, दशरथ में पितृ धर्म का, श्री राम में पुत्रधर्म, पतिधर्म और राजधर्म का, कौशल्या में स्त्री धर्म का, सीता में पत्नी धर्म का तथा भरत और लक्षमण मे भ्रातृ धर्म का मूर्तिमान आदर्श सन्निहित है ।

रामायणकालीन सामाजिक व्यवस्था में वर्णाश्रम की प्रधानता थी । वेदाध्ययन, व्रत, नियम पालन, यज्ञानुष्ठान तथा दान ये द्विजों के साधारण धर्म थे । स्वाध्याय, अध्यापन, तपस्या और प्रतिग्रह ब्राहमणों के विशिष्ट कर्म थे । पुरोहित और ऋत्विक् बनने का अधिकार केवल ब्राह्मणों का था । तत्कालीन ब्राह्मणों के कर्मानुसार पांच विभाग किये जा सकते है :

**देव ब्राह्मण** — जो प्रतिदिन स्नान, संध्या, जप, होम, अतिथि पूजा और बलि वैष्णदेव के साथ सत्यवादिता और सदाचार का निर्वाह करते है ।
**मुनि ब्राह्मण** — जो जंगल में रहकर फलमूल से निर्वाह करते हुए तपस्या करे ।
**द्विज ब्राह्मण** — जो वेदाध्ययन करते हुए अनासक्त होकर सांख्य और योग का चिन्तन करे ।
**क्षात्र ब्राह्मण** — जो क्षत्रियों के समान युद्ध में भाग ले । जैसे परशुराम, भृगु आदि ।
**वैश्य ब्राह्मण** — जो कृषि और गौपालन द्वारा जीवन निर्वाह करे ।

ब्राह्मण अवध्य होते थे ब्रह्म हत्या महापातक माना जाता था । समाज में अन्तिम स्थान दिया जाता था । भगवान श्री राम को भी ब्राह्मणानामुपासकः कहा गया है ।

क्षत्रियों का काम प्रजा की रक्षा करना था । श्री राम के अनुसार क्षत्रिय धनुष इसलिये धारण करता है कि संसार में 'आर्त' शब्द कर अस्तित्व न रहे ।

क्षत्रियैर्धार्यते चापो नार्तशब्दो भवेदिति । (३/१०/३)

क्षत्रिय भी ब्राह्मणों को शिर्षस्थ मानकर उनकी रक्षा करते थे । ब्राह्मण और क्षत्रिय दोनों कर भाग से मुक्त थे । अयोध्या तथा अन्य नगरो में वैश्य लोग कृषि, गौपालन के साथ—साथ वाणिज्य व्यवसाय करते थे । जिससे उन्हें अधिकतर कर चुकाना पड़ता था । अपने ऐश्वर्य के कारण अयोध्या आदि नगरो में प्रभावशाली नागरिक

कहलाते थे । वैश्यों के व्यापारिक संघ को श्रेणीगण और नैगम कहा जाता था ।

तीनों वर्णो की सेवा करना क्षुद्रो का विहित कर्म था । वे यज्ञों में उपस्थित तो होते थे पर उनको अनुष्ठान का अधिकार नहीं था । चाण्डाल लोग अछूत माने जाते थे । वे प्रायः नीले रंग का कपड़ा, लोहे के गहने प्रयोग करते थे । ब्राह्मण सत्वगुणी, क्षत्रिय रजोगुणी तथा वैश्य में दोनो गुणों की प्रधानता होती थी । सबके बीच सद्भावनापूर्ण व्यवहार था । वर्ण विद्वेष की चर्चा नहीं होती थी । सर्वथा सुखी चारो वर्णों के लोग धर्मपूर्वक जीवनयापन करते थे।

संयुक्त परिवार की प्रणाली में परिवार का एक मुखिया होता था जिसकी आज्ञा सबको सिरोधार्य थी । परिवार में ज्येष्ठ पुत्र को सब तरह का अधिकार होता था तथा वही पिता का उत्तराधिकारी माना जाता था । स्त्रियों द्वारा सुयोग्य पुत्र के लिये तपस्या करने के उदाहरण मिलते है । पिता – पुत्र में, भाई–भाई में, पति–पत्नी में, देवर–भाभी में, सास–बहू में बड़े स्नेहसिक्त और अनुकरणीय सम्बन्ध होते थे । कुटुम्ब के अनुशासन में तरूण वर्ग स्वार्थ त्याग निश्छल प्रेम और सेवा भावना जैसे आदर्श गुणो को हृदयङ्गम करता था ।

पारिवारिक स्थिरता, लौकिक सुख और पारलौकिक कल्याण के लिये विवाह आवश्यक माना गया है। कन्या का विवाह और पुत्र का विवाह उचित समय पर किया जाता था । विवाह के पूर्व वर–वधु में परिचय नहीं रहता था । सीता, शान्ता और मंदोदरी ने भी पतियों के दर्शन नहीं किये थे । परन्तु कन्या को पति वरण में स्वतंत्रता नहीं थी इसलिये स्वंयवर की प्रथा भी पिता सम्मत होती थी । इसलिये जब वायु ने कुषनाम की कन्याओं से विवाह का प्रस्ताव किया तब उन्होने कहा कि हम उसी की पत्नी बनेंगें जिन्हें हमारे पिता हमें अर्पित कर देंगे । पुत्रों का विवाह भी पितृ आज्ञानुसार होता था । धनुषभंग के बाद भी श्रीराम ने पितृ आज्ञा के बाद ही सीता का पाणिग्रहण किया था ।

प्रिया तु सीता रामस्य दाराः पितृकृता इति। (१/७७/२६)

कन्या धन के रूप में पुत्री को उपहार देने की परम्परा थी । स्त्रियां प्रायः पतिभक्ता होती थी । परन्तु स्त्रियों द्वारा पति त्याग की परम्परा भी मिलती थी । एक पत्नीव्रत होने का विधान था परन्तु राजाओं और धनियों में बहु विवाह की भी परम्परा थी ।

प्रेम का आदर्श व्यावहारिक था। रामायण में पारस्परिक अनुराग को ही महत्व दिया गया है । वाल्मीकि ने अविवाहित और असंजत प्रेम को निन्दित और दण्डित कहा है । कन्याओं को परिवार में उचित आदर मिलता था । अपने पिता के घर में रहकर स्त्रियोचित गुणों का विकास कर लेती थी । स्त्री–पुरूष, दुख–सुख, यज्ञ–यगादि में एक दूसरे के साथ होते थे । स्त्रियाँ प्रायः अपने को सुसज्जित रखती थी । उनके प्रति उच्च शिष्टाचार का पालन किया जाता था ।

रामायण काल में आहार बहुत सुरूचिपूर्ण होते थे । भोजन के चारों प्रकार का उपयोग किया जाता था – भक्ष, भोज्य, चोष्य और लेहय । लोगों का प्रमुख आहार गेहूँ और चावल था । दूध और दूध से बने पदार्थो का प्रयोग किया जाता था । धृत, तैल, लवण के साथ–साथ मिर्च–मसाले व खटाई के प्रयोग में भी वे लोग दक्ष थे । आम, बेर, दाड़िम, इच्छु, जम्बू, खजूर, कदली, नारिकेल, पनस, जैसे फलों की अधिकता थी । मांसाहार की तुलना में शाकाहार को श्रेष्ठ माना जाता था । विशेष अवसरों पर सामूहिक भोजन की व्यवस्था होती थी ।

सूती, रेशमी, ऊनी, सुनहरे, चमकीले रंग–बिरंगे वस्त्रों का व्यवहार प्रायः होता था । वनवासी लोग कुश, चीर और वलकल पहनते थे । पवित्र कार्य में रेशम का व्यवहार किया जाता था । स्त्री–पुरूष प्रायः दो ही वस्त्र पहनते थे – उत्तरीय और अधोवस्त्र । स्त्रियां अपने अधोवस्त्र को रस्सी से बांधकर पहनती थी । साड़ी पहनने की कई शैली प्रचलित थी। सिर पर साधारण लोग भी मुकुट पहनते थे और राजा लोग किरीट पहनते थे पगड़ी का

व्यवहार भव्य लोग ही करते थे । पैरों में लकड़ी की पादुकाएं और चमड़े का उपानह धारण किया जाता था । नर नारी दोनों आभूषण प्रिय थे । सैनिक युद्ध में भी आभूषणों से सज्जित होकर जाते थे । हीरा–जवाहरात तथा पुष्पों का प्रयोग श्रृंगार के लिये किया जाता था। चन्दन और अंगराग की बहुतायत थी ।

इस युग को आदर्श शिष्टाचार का युग कहा जाता था । शिष्टता, मधुर संवाद, विनम्र व्यवहार सब में पाया जाता था । पंच महायज्ञों में अतिथि सत्कार का विशिष्ट स्थान था । राजा और प्रजा दोनो ही अपनी शक्ति के अनुसार अतिथ्य करते थे । अतिथ्य के बाद ही कुशल समाचार पूछे जाते थे । बड़े–छोटों की बैठने की व्यवस्था भी बुद्धि के अनुसार थी । प्रणाम, प्राणजल, अंजलीपुट, प्राणिपात, नामोच्चारण तथा प्रदक्षिणा के द्वारा सम्मान व्यक्त किया जाता था । गुरूजन छोटों का आलिंगन कर तथा उनका मस्तक सूंघकर अपना स्नेह प्रकट करते थे । समव्यस्क आपस में आलिंगन और हस्तस वीड़न किया करते थे । चलते समय बड़े आगे तथा छोटे विनीत भाव से पीछे चलते थे ।

तत्कालीन सम्बोधन प्रणाली भी बड़ी शिष्ट और गौरवपूर्ण थी, ब्राह्मण प्रायः संस्कृत में बोलते थे । उपकारों के लिये कृतज्ञता और अपराध के लिये क्षमा मांगने का रिवाज था । लोकाचार और समय का पालन सबके लिये आवश्यक था । लोकायवाद से सब डरते थे । अच्छे कामों के लिये साधुवाद देने की परम्परा थी । विशिष्ट व्यक्तियों के पास उपहार लेकर जाने की प्रथा थी । मित्रता प्रायः अग्नि को साक्षी लेकर की जाती थी। अपनी प्रामाणिकता के लिये प्रिय वस्तु की शपथ ली जाती थी । अपनी बात मनवाने के लिये हड़ताल का भी प्रयोग किया जाता था । ज्योतिष, भाग्य, स्वप्न आदि के फल को माना जाता था ।

अयोध्या में कोई भी कामी, कृपण, क्रूर, मूर्ख अथवा नास्तिक देखने को नहीं मिलता था । वाल्मीकि के अनुसार जन्म–जन्मान्तर के संस्कार के अनुसार ही व्यक्ति अच्छा और बुरा होता है । रावण की माता ने कुसमय विश्रवा मुनि से गर्भाधान के लिये प्रार्थना की थी जिसके फलस्वरूप रावण और कुम्भकरण जैसे क्रूर और दुराचारी पैदा हुए थे। इन लोगो का वेदाभ्यास तथा कठोर तप भी इस संसार को मिटा नहीं सका । रामायण काल में गुरूसेवा की प्रमुखता थी । प्रतिपदा अनध्याय का दिन होता था। वासिष्ठों, तैत्तिरीयों, काठकों, मानवों तथा अगस्त्य और कौशिक ऋषियों के शिक्षालयों में परम्परागत शिक्षा की व्यवस्था थी । शिक्षा के द्वारा शारीरिक, मानसिक, व्यवहारिक तथा नैतिक विकास किया जाता था । जिसमें धनुर्विद्या, गदा–युद्ध, मल्य युद्ध के साथ ही वेद–वेदान्तरों काव्य–साहित्य, इतिहास, ललित कला, अर्थशास्त्र और राजनीति जैसे विषय का ज्ञान कराया जाता था । राम की शिक्षा सर्वांगपूर्ण थी । गौ, ब्राह्मण, चातुर्वर्ण्य, कुटुम्ब और देश की रक्षा के लिये पर्याप्त शारीरिक बल का संपादनः सर्वाङ्गीण, न कि एकाङ्गी ज्ञान की अपेक्षा, पुस्तकीय विद्या की अपर्याप्तता, सांस्कृतिक उत्थान, विचार–स्वातंत्र्य, शिक्षा के नैतिक और धार्मिक पहलुओं पर आग्रह, चरित्र गठन, व्यक्तित्व का सार्वगीण विकास तथा सामूहिक कर्त्तव्यों का पालन ये सब शिक्षा के आदर्श थे ।

स्वर्णमयी लंका की बनावट भी बहुत कुछ रामायण संस्कृति के अनुसार ही है । सोने से बना हुआ सोने की चहारदीवारी जिसपर मीनाकारी की गई थी । राजमार्ग, गलियां, बाजार सब सुन्दर थे । हाथी, घोड़ो, खच्चरों के समूह के साथ–साथ पैदल और रथो वाले सैनिक दिखाई देते थे । वन, बाग, उपवन की सजावट अच्छी थी । जहाँ नर–नारी, सुर और गन्धर्व की कन्याएं सब का मन–मोह लेती थी । बड़े–बड़े पर्वत के आकार वाले पहलवान मल्य युद्ध करते थे जो प्रायः भैंसा, मनुष्य, गाय, गधा, बकरे आदि का भोजन किया करते थे । लंका की संस्कृति भिन्न थी पर नगर का निर्माण प्रायः एक ही तरह से किया गया था । रावण का अर्थ होता है संसार को रूलाने वाला अतः देवता आदि भी उसकी भृकुटी को निहारते रहते थे । इसे शास्त्रों में भोग नगरी के रूप में जाना जाता है ।

समासतः रामायणकालीन विचार, कला और संस्कृति आदर्श के रूप में आज भी परिगणित है । यही कारण है कि हम आज भी रामराज्य की कल्पना करते है । परस्पर स्नेह, सद्भाव के साथ जीवनयापन करना रामराज्य का मूल माना जाता है अतः उस अनुकरणीय संस्कृति का आदर्श ही सर्वोपरि है ।

# पारिवारिक मूल्यों का अनुपम कोश : 'राम चरितमानस'

डॉ शकुन्तला कालरा

रामकथा भारतीय संस्कृति का उज्ज्वलतम प्रतीक है। हमारी संस्कृति में जिन पारिवारिक मूल्यों का सन्निवेश रहा है, उन सबका समाहार रामकथा में मिलता है। वाल्मीकि और तुलसीदास ने अपनी रामकथा के माध्यम से जिन नैतिक आदर्शों की स्थापना की है, वे विश्वजनीन हैं। परिवार और समाज के हर संबंध का जीता-जागता आदर्श हैं इनके ग्रंथ। भारत की समस्त जनता के लिए एक नैतिक मेरूदंड हैं। यही कारण है कि चौथी शताब्दी ईसा पूर्व में जिस रामायण की रचना हुई उसकी लोकप्रियता अक्षुण्ण है। रामकथा का प्रारंभ चाहे भारत से हुआ हो, लेकिन कालान्तर में उसका प्रसार सम्पूर्ण दक्षिण पूर्व एशिया में हो गया। स्याम देश, लाओस, कम्बोज देश, श्री लंका, जापान, चीन, बर्मा, नेपाल आदि देशों में इसने विस्तार पाया।

वाल्मीकि की 'रामायण', तुलसीदास का 'रामचरितमानस' और मैथिलीशरण गुप्त का 'साकेत' रामगाथा-परम्परा के प्राण हैं। रामकथा के इन गौरव ग्रंथों में भारतीय परिवार के विभिन्न संबंधों की गरिमा को जिस ढंग से दर्शाया गया है, वहाँ दशरथ-परिवार का प्रत्येक सदस्य समाज के सामने आदर्श रखता है। पिता-पुत्र, माता-पुत्र, भाई-भाई, पिता-पुत्री श्वसुर-जामातृ, सास और बहू, देवर-भाभी, देवरानी-जिठानी के परस्पर व्यवहार का जो आदर्श प्रस्तुत किया गया है वह निश्चय ही श्लाघनीय है।

तुलसीदास का 'रामचरितमानस' उत्कृष्ट काव्यग्रंथ के साथ-साथ भक्तों का अनुपम भक्तिग्रंथ और दार्शनिकों का दर्शन-ग्रंथ तो है ही, भारतीय जीवन मूल्यों का संरक्षक ग्रंथ भी है। यह युग-विशेष का काव्य नहीं, अपितु युग-युगों का काव्य है। सदैव सामयिक बनी रहने वाली कालजयी रचना है। इसका प्रमाण है यह अन्तर्राष्ट्रीय रामायण संगोष्ठी ($22^{nd}$ IRC)। रचयिता और कथानायक की जन्मभूमि से हज़ारों मील दूर और शताब्दियों बाद भी इसके शाश्वत मूल्यों पर विश्व से आए विभिन्न विद्वान और विषय के विशेषज्ञ खुली चर्चा कर रहे हैं।

व्यक्ति, परिवार, या समाज वही सुन्दर और स्वस्थ हो सकता है, जो विवेक द्वारा परिचालित हो। सुमति जिसकी मार्गदर्शक हो और आत्मानुशासन जिसका संचालक हो। 'मानस' के समान सम्मति-प्रदायक और कोई ग्रंथ विश्व में नहीं। मानस के रूप

में तुलसीदास की दिव्य वाणी, उनका पवित्र लोकविधायक संदेश भावी पीढ़ियों के लिए महत् सांस्कृतिक जीवन का विराट् संकेत है। उनके मानस में पारिवारिक संस्कारों का वह प्रखर आलोक है जो हर युग में अपना प्रखर प्रकाश बिखेरता आया है और जिसकी दीप्ति मानव को आज भी मार्गदर्शन करा रही है।

आज हर मनुष्य की चाहत है कि उसके पारिवारिक दामन में खुशियाँ ही खुशियाँ हों, लेकिन क्या कारण है कि ऐसा नहीं हो पाता। सुख और खुशहाली का यह सिलसिला सुदीर्घ काल से चला आ रहा है। खुशी दुनिया की वह गुत्थी है जिसे सुलझाने के प्रयास में विश्व भर के मनोवैज्ञानिक, महान दार्शनिक, सुविचारक और लेखक जुटे हुए हैं, किन्तु खुशी की वास्तविक फुहारों का परिचय नहीं दे पाए।

सुखैषणा मनुष्य की मौलिक प्रवृत्ति है, किंतु उसकी यह चाहत पूरी नहीं हो पा रही। कारण है आज जीने के लिए पदार्थवादी आकर्षण तो है, पर कोई नैतिक आदर्श नहीं। सुविधावादी मनोवृत्ति तो है पर संयम और सादगी नहीं। आज अपने तो हैं पर अपनों सी संवेदना उनके पास नहीं। सुख और खुशी की चाबी तुलसीदास के पास है, जिसे उन्होंने रामकथा के आदर्श रूप में दी है। 'रामचरितमानस' में हर युग की समस्याओं के शाश्वत समाधान हैं। रिश्तों में शील और मर्यादा का निर्वाह ही 'रामचरितमानस' की गरिमा का गूढ़ रहस्य है। तुलसीदास के पारिवारिक आदर्श मानस के अतिरिक्त 'कवितावली', 'गीतावली' और 'दोहावली' आदि में भी निरूपित हुए हैं। उन्होंने दशरथ–परिवार के माध्यम से संयुक्त परिवार की उपादेयता सिद्ध की है, जिसकी नींव सद्भावना और संवेदना है और उसकी छत्रछाया में बनने और विकसित होने वाले संबंध मीठे, आत्मीय और स्नेहयुक्त हैं।

आज समर्पण और प्रेम जैसे शब्द अपना मूल्य खोते जा रहे हैं। आत्मकेन्द्रित और स्वार्थमयी प्रवृत्ति के कारण परिवार टूट रहे हैं अथवा कलह और टकराव में साँस ले रहे हैं। ये हमारे भारतीय मूल्य नहीं थे। हमारे मूल्य थे परिवार में सह–संबंध और सह–अस्तित्व। परिवार के हर सदस्य में अधिकार की अपेक्षा उत्तरदायित्व की भावना थी। राम के लिए परिवार का हित सर्वोपरि था। पिता की आज्ञा को शिरोधार्य करना, माता की इच्छा को सम्मान देते हुए सहर्ष वनवास के लिए प्रस्थान के पीछे व्यक्तिगत सुख कहीं नहीं है। यदि आज का युवावर्ग 'मानस' में निरूपित राम के इस आदर्श को

ग्रहण करता है तो भाई-भाई के बीच प्रतिस्पर्धा का भाव कभी रिश्तों को मैला नहीं करेगा।

हमारी एकाधिकार की पैशाचिक मनोवृत्ति ही संसार के अनिष्ट का कारण है। इसी से भीषण संहार होता है। इसी से विश्व-युद्ध की संभावनाएँ बनती हैं। सहिष्णुता से उदारता आती है और उदारता सह-अस्तित्व को साथ लेकर चलती है। 'मानस' के पारिवारिक मूल्य हमें एक दूसरे के प्रति सहिष्णु बनना सिखाते हैं। उदार बनाते हैं। लंका-विजय के बाद राम अपनी राज्य-सीमा का विस्तार नहीं करते वरन् रावण के छोटे भाई विभीषण का राजतिलक करते हैं। आज एक राष्ट्र और दूसरे राष्ट्र के बीच जो द्वन्द्व की भावना है वह अनैतिकता की श्रेणी में आती है। यह मानवता का मानवता पर हमला है, क्योंकि व्यक्ति एक परिवार, समाज, प्रांत व राष्ट्र से पहले मानव-समाज का सदस्य है।

तुलसीदास के समय में भारतीय समाज और उसका अभिन्न अंग परिवार विकारग्रस्त हो गया था। पारिवारिक मर्यादाएँ उखड़ने लगीं थीं। मूल्यों की उपादेयता हाशिए पर आ गई थी। कौटुम्बिक जीवन में विलास और क्रीड़ा, कलह और फूट, स्वार्थ और हिंसा जैसे दुर्गुण आने लगे थे। पारस्परिक संबंध चरमरा कर टूटने लगे थे। ऐसी विषम परिस्थिति में तुलसीदास ने 'मानस' में रामकथा के माध्यम से न केवल परिवार-संगठन का सैद्धांतिक पक्ष रखा वरन् उसका व्यावहारिक पक्ष भी दिया।

'मानस' का परिवार आदर्श जीवन-मूल्यों एवं प्रेरणाओं का महापुंज है। वह सत्ता नहीं सेवा, प्रपंच नहीं प्रेम, स्वार्थ नहीं परमार्थ, नाम नहीं काम, भेदभाव नहीं समानता, संकीर्णता नहीं उदारता, लोभ नहीं निःस्पृहता आदि उत्तम संस्कारों का अक्षयकोश है।

परिवार यानी गृहस्थाश्रम सम्पूर्ण समाज-व्यवस्था का आधार है। नारी उसकी धुरी है। तुलसीदास की नारी केवल रमणी नहीं है। उन्होंने शास्त्रों में निरूपित उसके तीन रूप माने हैं। कन्या-रूप, पत्नी-रूप और माता-रूप। आज तीनों रूपों में नारी की स्थिति निरन्तर पतनोन्मुख हो रही है। पश्चिमी सभ्यता का राग अलाप कर आज की पढ़ी-लिखी आत्मनिर्भर स्त्री ने प्रेम संबंधों को विवाह से पूर्व और विवाहेतर विस्तार दिया है। बिना विवाह के 'लिव इन रिलेशनशिप' अर्थात् 'सहजीवन' में विश्वास रखने

वाली नारी मातृत्व के गौरव की उपेक्षा करती हुई 'अडॉप्टेड चाईल्ड' और 'सरोगेट मदर' में अधिक सुविधा अनुभव करती है। पारिवारिक एवं सामाजिक परम्पराएँ उसे रूढ़ियाँ और दकियानूसी सोच लगती हैं। तुलसीदास ने राम परिवार की आदर्श नारियों के उदात्त चरित्र द्वारा नारीत्व को गौरवन्वित किया है। सीता का चित्रण, नारी की मर्यादा, गरिमा के अनुकूल निखरा है। सीता को उन्होंने माता-पिता की आज्ञा में रहने वाली एक अत्यंत सुशील कन्या के रूप में चित्रित किया है जो कहीं भी अकेले नहीं जाती। वह सदा सामाजिक मर्यादा के भीतर रहती है। मंदिर में भी वह माता की आज्ञा से सखियों के संग गौरी-पूजन के लिए जाती है।[1]

पुष्पवाटिका में प्रथम दर्शन से ही राम और सीता एक-दूसरे पर अनुरक्त हो जाते हैं उनका पूर्वराग जाग उठता है, किंतु तुलसीदास ने इस प्रेम को 'स्वेच्छाचारी प्रेम' नहीं बनने दिया। 'प्रीति पुरातन लखइ न कोई'[2] कहकर उसे आदर्श प्रेम बना दिया है। आर्य कन्या पिता के आश्रित है। भावना और मर्यादा में वह मर्यादा को नहीं छोड़ती, वह गौरी की पूजा करते हुए शालीनता से इतना ही कहती है -

'मोर मनोरथ, जानहु नीकें। बसहु सदा उर पुर सबही कें।[3]

कन्या रूप में सीता कुलीनता, पवित्रता, जितेन्द्रियता एवं संयम की अनोखी मिसाल है।

नारी के पत्नी रूप का चित्रण करते हुए तुलसीदास ने वाल्मीकि, कालिदास और भवभूति की परम्परा को आगे बढ़ाया है। वनगमन में राम के साथ चलने का हठ करती हुई सीता उसके औचित्य के लिए तर्क देती है कि पुरुष बिना नारी का जीवन व्यर्थ है।[4] पति के सुख में सुख मानने वाली सीता का शील और उसकी विनम्रता देखिए राजमहिषी होते हुए भी वह सहर्ष अपने हाथों से राम के सभी कार्य करती है।[5]

---

1 तेहि अवसर सीता तहँ आई। गिरिजा पूजन जननि पठाई।। रा०च०मा०, 1/228/1.

2 वही, 1/229/4.

3 वही, 1/236/2.

4 जिय बिनु देह नदी बिनु बारी। तैसिअ नाथ पुरुष बिनु नारी। वही, 3/65/4.

5 निजकर गृह परिचरजा करई। रामचन्द्र आयसु अनुसरई।। वही, 7/24/3.

किंतु आज वर्चस्व की लड़ाई से संबंधों में तनाव और फिर टूटन आती जा रही है। पति श्रेष्ठ है और पत्नी की रक्षा व पोषण की जिम्मेदारी उस पर है यानी भर्ता और भार्या की मान्यता अपनी प्रासंगिकता खोती जा रही है। आर्थिक-निर्भरता का भयंकर परिणाम हुआ कि वह स्वयं ही सत्ता की अधिकारिणी बन बैठी और शुरू हुआ असंतुलन का एक दौर। जो संबंध जन्म-जन्मान्तरों के थे वे उसी जन्म तक भी दीर्घजीवी न रह सके।

मानस के सभी सद्नारी पात्रों ने मनसा-वाचा-कर्मणा पत्नी के कर्त्तव्य को निभाया है। राम के लिए बनवास जैसे अनुचित प्रस्ताव को सुनकर भी कौशल्या आक्रोश व्यक्त नहीं करती। राक्षसी परिवार की मन्दोदरी और सुलोचना भी धर्मपरायणा पतिपरायणा के उत्कृष्ट उदाहरण हैं। तुलसी की दृष्टि में पतिव्रत से बढ़कर कोई धर्म नहीं है।[1] पति-विमुख नारी शतकल्पों तक रौरव नरक भोगती है।[2] रामायण-विषयक ऐसी संगोष्ठियों के माध्यम से हमें राह भटकती महिलाओं को, जो तुच्छ लालसा के वशीभूत होकर गलत राह पर चल पड़ती हैं रामकथा के ऐसे नारी पात्रों की ओर झांकने हेतु उत्प्रेरित करना होगा।

एक पतिव्रत धर्म के साथ-साथ तुलसीदास ने हिन्दू-समाज के समक्ष एक पत्नीव्रत की धर्म-संहिता भी प्रस्तुत की है। तुलसी के राम इतने शील-सम्पन्न हैं कि वह स्वप्न में भी कभी परनारी-दर्शन नहीं करते।[3] परनारी-विषयक प्रवृत्ति की 'मानस' में खुलकर निंदा की गई है।[4]

बहुपत्नीत्व समाज के लिए अभिशाप है। राजा दशरथ की दुर्गति और लाचारी दिखा कर तुलसीदास ने इस प्रथा के दुष्परिणामों की ओर सजग कर पुरुष वर्ग को सजग किया है।

आज भारतीय जीवन-मूल्य पाश्चात्य रंग में रंगते जा रहे हैं। आदर्शों, सिद्धांतों और परंपराओं की पकड़ छूटती जा रही है। सभ्यता के नाम पर हम मर्यादा छोड़ते जा

---

[1] एकई धर्म एक व्रत नेमा। कायँ बचन मन पति-पद प्रेमा।। रा०च०मा० 3/5/5.

[2] पति बंचक परपति रति करई। रौरव नरक कल्प सतपरई।। वही, 3/5/8.

[3] मोहि अतिसय प्रतीति मन केरी। जेहि सपनेहुँ परनारि न हेरी।। वही, 1/231/6.

[4] सो परनारि लिलारु गोसाईं। तजउ चउथि के चंद कि नाईं।। वही, 5/38/3.

रहे हैं। भोगवाद की अंधी दौड़ की सीमा कहाँ जाकर समाप्त होगी? क्लबों में महिलाओं के रूप में पार्टनर्स बदल-बदल कर कमर में हाथ डालकर नाचना, भड़कीले झीने वस्त्र पहनकर महिलाओं का शराब-पार्टियों में भाग लेना, द्विअर्थी मज़ाक करना, स्विमिंग पूल्स में पुरुषों व महिलाओं का साथ-साथ तैरना आदि अनेक बाते हैं जिन्होंने एक पावन परिवार की कल्पना को तार-तार कर दिया है। पारिवारिक मूल्य सभ्यता के साथ-साथ बदलते जा रहे हैं। ऐसे मूल्य अपनाकर हम अपने विनाश के दस्तावेज पर स्वयं हस्ताक्षर कर रहे हैं। अभी भी समय है लौट आएं अपनी संस्कृति की गोद में। लौट आएं राम के स्नेहिल आदर्श परिवार में। हमें यह नहीं भूलना चाहिए कि आधुनिकीकरण ने हमारे इस जीवन को यदि कई क्रांतिकारी आयाम दिए, किंतु साथ ही अवसाद, निराशा, अकेलापन और हताशा का शाप भी दिया है।

गार्हस्थ्य धर्म की भांति तुलसीदास ने अन्य संबंधों की गरिमा को भी पूरी निष्ठा के साथ समाज के समक्ष रखा है। राम ज्येष्ठ भ्राता हैं। अपने सभी छोटे भाइयों पर अतिशय स्नेह रखते हैं।[1] छोटे भाई भी राम के सदा अनुकूल चलते हैं।[2] लक्ष्मण तो अंत तक राम की सेवा में तत्पर रहते हैं। राम के साथ वनगमन उनके भातृ-प्रेम की पराकाष्ठा है। भरत और राम का प्रेम भी श्लाघनीय है। कैकेयी द्वारा भरत के लिए राज्य मांगने पर वह उसे सहर्ष छोड़ने को तैयार हो जाते हैं।[3]

21वीं सदी का मनुष्य संसार के सुखों को वरेण्य मानता है उसमें भी सत्ता की प्राप्ति को सबसे बड़ी उपलब्धि। भरत का भातृ-प्रेम सत्ता से कहीं ऊपर है। भरत को राम की पादुका प्रिय है, पद नहीं। वे राम की पादुका को 'रा' और 'म' के प्रतीक रूप में ग्रहण कर राजसी सुख, भूषन-वसन तृणवत् त्याग कर नंदीग्राम की पर्णकुटी में समाधिस्थ हो जाते हैं।[4] वे 'न्यासी' के रूप में राज्य चलाते हैं। किन्तु आज भौतिकवादी एवं सत्तालोलुप व्यक्ति प्रभुत्व की चाह में अपने को मालिक समझ लेता है। पद-प्रतिष्ठा की महत्त्वाकांक्षा से दूर त्यागपूर्वक राज्य-संचालन कर धर्म की जो

---

1 राम करहिं भ्रातन्ह पर प्रीती। नाना भांति सिखावहिं नीती।। रा०च०मा० 7/25/2.

2 सेवहिं सानुकूल सब भाई। राम चरन रति अति अधिकाई।। वही, 7/25/1.

3 भरत प्रानप्रिय पावहिं राजू। बिधि सब बिधि मोहि सनमुख आजू।। वही, 2/42/1.

4 भूषन बसन भोग सुख भूरी। मन-तन-बचन तजे तृन तूरी, वही, 2/234/1-3.

ज्योति तुलसीदास ने इस चरित्र के द्वारा जलाई वह आज भी मानव का सही पथ-प्रदर्शन कर रही है। यदि हम राम और भरत के इस भातृ-आदर्श को ग्रहण करते हैं तो कभी भी भाई-भाई के बीच द्वन्द्वात्मक रवैया नहीं उपजेगा।

उपर्युक्त आदर्शों के अतिरिक्त तुलसीदास ने पिता-पुत्र के आदर्श, माता-पुत्र के आदर्श को भी व्याख्यायित किया है। माता-पिता एवं गुरु की आज्ञा का पालन रघुकुल के पारिवारिक आदर्श हैं।[1] 'मानस' में पितृ-आदर्श भी अद्‌भुत है। कैकेयी-प्रेम एवं वचन-प्रतिबद्धता के वशीभूत दशरथ राम को बनवास की आज्ञा अवश्य देते हैं किंतु राम-वियोग में प्राण-त्याग कर अपने प्रगाढ़ वात्सल्य का अभूतपूर्व परिचय भी दे देते हैं।[2] जीवन-पर्यन्त वह राम का चन्द्र-वदन देखकर जिए और उनके बिछोह में प्राण त्याग कर अपना मरण सुन्दर बना लिया। पिता के समान मातृत्व का गौरवपूर्ण चित्र भी मानस में बड़ी कुशलता से अंकित हुआ है। माता-कौशल्या और सुमित्रा के हृदय की विशालता भी धन्य है। माता कौशल्या भरत के प्रति अगाध स्नेह रखती हैं। सुमित्रा हँसते-हँसते पुत्र लक्ष्मण को राम की सेवा के लिए वन भेज देती है।

'रामचरित मानस' में निरूपित उपर्युक्त पारिवारिक आदर्श जीवन में सुख-समृद्धि एवं शांति के शतदल खिलाते हुए पूरे समाज को सुवासित करते हैं। 'मानस' हमारी अनमोल विरासत है जो भारत की हर आने वाली पीढ़ी को उद्‌बोध देगी और फिर उद्‌बुद्ध भारत समस्त विश्व के लिए आन्तरिक सुख का वह द्वार खोलेगा जहाँ स्वर्गिक आनंद होगा।

---

[1] गुरु पितु मातु स्वामि हितबानी। सुनि मन मुदित करिअ भलि जानी, रा०च०मा० 2/177/2.

[2] राम राम कहि रामकहि, राम राम कहि राम।
तनु परिहरि रघुबर बिरहँ रायउ गयउ सुरधाम। वही, 2/155 दोहा।

# रामायण और भावी पीढ़ी

निर्मला सिंह

यद्यपि रामायण प्राचीन धार्मिक ग्रन्थ है, फिर भी भारत की संस्कृति भारत की सभ्यता का अटूट हिस्सा है। इस ग्रन्थ में निर्वाहित उपादेयता व इसकी हर युग में स्वीकृति इसी तथ्य पर आधारित है कि यह प्राचीन होकर भी नवीन परिस्थितियों के अनुसार स्वंय को उपयोगी और सार्थक सिद्ध करता है। यह कालजयी ग्रन्थ प्राचीन परम्परा का भाग होते हुये भी समय के साथ साथ भविष्य के मार्गदर्शक के रूप में है।

आज के वैज्ञानिक युग में समाज एक ओर तो उन्नति के शिखर पर खड़ा है तो दूसरी और नैतिकता के क्षेत्र में विंध्वस्ता के कगार पर खड़ा है अतः आज और आने वाले कल मानव जीवन के लिये रामचन्द्र जी का उज्जवल चरित्र जिसमें वह अहिल्या के मुक्तिदाता हैं, निषाद, भील कोल, किरात, खर सभी को अभयदान करते है। माता पिता, भाई, सेवक, पत्नी, प्रजा, आदि सभी को अपने शील स्वभाव और प्यार की डोर से बांधे हुये है। आदर्श है, प्रेरणा स्रोत हैं ।

रामायण और राम के आदर्श ही भावी पीढ़ी के लिये अंधकार में ज्योति पुंज के समान हैं । भौतिकता और विलासिता से लिपे पुते जीवन में मानव का राम मय होना आवश्यक है।

और मानव राम मय हो सकता है जब रामायण का अध्ययन करें रामायण के प्रत्येक पात्र सीता, दशरथ, कौशल्या, हनुमान, भरत, लक्ष्मण, राम, मांडवी, सुमित्रा मानव जीवन के पथ प्रदर्शक हैं। दिग्भ्रमित भावी पीढ़ी उनकी अंगुली पकड़कर चल सकती है।

आने वाला युग चुनौतियों का युग है। शारीरिक व आत्मिक दृष्टि से नैतिक, चारित्रिक, सामाजिक, आर्थिक सभी स्तर पर चुनौतियां मुँह बाये खड़ी हैं । भौतिक सुख सुविधाओं, फैशन, नग्नता, नशेबाजी, नारी शोषण, सुरसा की भाँति मुँह फैलाती सैक्स की भूख, मादक द्रव्यों का सेवन, भ्रष्टाचार, हिंसा, घूँसखोरी आदि दुष्प्रवृतियाँ भावी पीढ़ी को इस तरह जकड़ने में लगी है कि उन्हें सद्मार्ग दिखाने वाला धार्मिक ग्रन्थ रामायण ही छुटकारा दिलवा सकता है।

आज भी और कल भी माता कुमाता नहीं होती है, लेकिन आज के पुत्र माता पिता के कर्तव्यों से विमुख तो है ही मान सम्मान करना, उन्हे प्यार करना, उनकी सेवा करना मूल गये है जबकि राम अपने छोटे भाईयों को और उनके छोटे भाई भरत, लक्ष्मण, शत्रुघ्न उन पर प्राण तक न्यौछावर करते थे। जब राम के साथ लक्ष्मण बन जाने की हठ करने लगे, उन्हें राम ने बहुत समझाया तब वह अत्यन्त दुःखी और व्याकुल हो गये और ऐसे सूख गये जैसे पाले के स्पर्श से कमल हो जाता है।

रहहु तात आसि नीति बिचारी। सुनत लखनु भये व्याकुल भारी
सियरे वचन सूखि गये कैसे । परसत तुहिन तामरसु जैसे ।।

केवल लक्ष्मण ही नहीं भरत को भी राम प्राणों से प्यारे थे। वन वास के समय जब वह राम जी से मिलने जाते हैं उनके पदचिन्ह देखकर मंत्रमुग्ध हो जाते हैं और उन्हें लगता है कि राम मिल गये

हरठाहि निरखि राम पद अंका। मानहु पारसु पायनु टंका।।

रज सिर धरि हियं नयनन्हि लावहि। रघुवर मिलन सरिस सुख पावहि।।

वनवास को राम सीता और लक्ष्मण गये थे, लेकिन भरत ने महल छोड़कर कुटी बनाई, धरती पर सोये, सात्विक भोजन ग्रहण किया और राजसिंहासन पर रामजी की खड़ॉऊ रख उनकी पूजा की। व्रतों एंव नियमों का पालन किया।

इस प्रकार भाई-भाई रस्सी की बटों की भॉति प्यार में जुड़े गुंथे थे जो हमेशा ही मानव के लिये आदर्श के प्रतीक रहेंगे। आज की भावी पीढ़ी में भाई-भाई की प्यार मुठ्ठी में बंद खिसकती रेत सा खिसक रहा है केवल धन और स्वार्थ पर ही भाईयों का प्यार आज टिका है। त्याग और विश्वास क्षितिज से अप्राप्त हैं।

केवल भ्रातृ प्रेम ही नहीं पिता-पुत्र का प्यार, त्याग भी अवर्णनीय है। यद्यपि कैकेयी के वचनों से बंधे होने के कारण दशरथ राम को वनवास भेजते हैं परन्तु वह उनके बिना जी नहीं सकते थे, यह बात सर्वविदित है इसीलिये वह कैकेयी से कहते है। मछली चाहें बिना पानी के जीती रहे और सॉप भी चाहें बिना मणि के दीन दुःखी होकर जीता रहे, परन्तु मैं स्वभाव से कहता हूँ, मन मे (जरा भी) छल रखकर नहीं कि मेरा जीवन राम के बिना नांही है

'जिय मीन बरू बारि बिहीना। मनि बिनु फनिकु जिये दुःख दीना।।

कहऊ सुझाऊ न छलु मन मांही। जीवन मोर राम बिनु नांही।।

उधर राम भी अपने मंत्री को सबका ध्यान रखने के लिये समझाकर जाते है। यह सुख था राम राज्य में लेकिन भावी पीढ़ी इस दृष्टि कोण से नहीं सोच रही है, वह केवल अपने लिये ही जी रही हैं।

सास-बहू, एवं जिठानी-देवरानी का प्यार भी रामायण में आदर्श रूप में है कैकेयी ने राम को वनवास दिलवाया, फिर भी दशरथ जी की तीनों पत्नियों में सगी बहिनों सा प्यार था। कौशल्या के हृदय में घृणा कैकेयी के प्रति जौ बराबर भी नहीं जन्मी। सीता जी भी खुशी-खुशी अपने पति के साथ बन को चली गयीं। घृणा, द्वेष, बैर सासुओं के प्रति हृदय में अकुंरित ही नहीं हुआ।

इसके विपरीत भावी पीढ़ी तो संयुक्त परिवार पसन्द ही नहीं करती हैं उसने तो अपने परिवार की सीमा में पति और बच्चे ही बॉध रखे हैं।

और पति भी तब तक जब तक उसके साथ निभसके, वरना तलाक। मॉडवी भरत के अयोध्या में रहने के बाद भी महल में अकेली रही, लक्ष्मण की पत्नी उर्मिला के लक्ष्मण जी के वनवास के बाद अकेली ही जीवन खेती रही। वियोग की अग्नि में जलती रहीं, परन्तु अपने परिवार के किसी भी सदस्य की आलोचना, बुराई अधरों तक नहीं लाई।

लेकिन भावी पीढ़ी तो इस क्षेत्र में पूर्ण रूप से असफल है। पहिले तो वह परिवार के साथ पति के बिना रहना ही नहीं चाहती और अगर रहना भी पड़े तब सुख-शान्ति-प्यार से वंचित ही रहेगा वह परिवार आज की भावी पीढ़ी के लिये रिश्ते, संबध पानी के बुलबुले से अस्तित्व हीन हो गये है। रिश्तों का निर्वाह संस्कार गत रूप से करने के लिए रामचन्द्र जी ने कहा है।

अनुज, वधू, भगिनी, सुत, नारी। सुन सठ कन्या सम ए चारी।
इन्हहि कुदृष्टि विलोकई जोई। ताहि बधे कछु पाप न होई।।

आज रिश्तों का कॉच की भॉति टूटने का कारण है धन की लोलुपता एवं स्वार्थ केवल रिश्ते ही नहीं संस्कार भी दमें के रोगी से सॉस ले रहे हैं तो ऐसे समय में मनुष्य को रामायण में कहे गये नैतिक संदेश का पालन करना चाहिये। दुष्टों की संगत नहीं करनी चाहिये क्योंकि वे

काम, क्रोध, मद, लोभ परायन। निर्दय, कपटी, कुटिल मलायन।
नयरू अकारन सब काहू सो। जो कर हित अनहित ताहू सो।।

यही नहीं रामायण में लिखा है कि कलयुग में यानि के आज वर्तमान और भविष्य में योग, जप, तप, व्रत, और पूजन आदि कोई दूसरे साधन नहीं हैं बस मानव का राममय होना, राम का स्मरण करना उनके ही गुण गाना और सुनना चाहिये तभी मानसिक शांति प्राप्त होगी।

रामायण में एक बात और महत्वपूर्ण है भावी पीढ़ी के लिये कि सेवक और मालिक का रिश्ता सुंदर, सहज सरल, होना चाहिये जैसे सीता-राम और हनुमान जी का था। हनुमान जी राम-सीता-लक्ष्मण के सेवक ही नहीं रक्षक भी थे। उनके दिल में राम धड़कन की भॉति बसे थे और सीता को उन्होने माता के रूप में स्वीकारा था तभी उनके अपहरण के बाद लंका पहुँचकर, भेष बदलकर विभीषण से अशोक वाटिका का पता लगाया, फिर लंका दहन करके सीता की रक्षा की विभीषण के साथ मॉ को वापिस ले गये अपने स्वामी की आज्ञा पाकर।

आज समाज में हनुमान जी जैसा सेवक दुर्लभ ही कहीं मिलेगा, जिसने अपना सारा जीवन सीता मॉ और राम के चरणों में अर्पित कर दिया । भावी पीढ़ी को सबसे अधिक अनुकरणीय राम सीता का आलौकिक और अद्वितीय प्यार है। सीता अपहरण के बाद वह जब्र बिल मछली से तड़पने लगे, पशुपक्षियों पेड़ पौधों से विलाप करके पूछने लगे "हे खग मृग हे मधुकर श्रेनी, तुम्ह देखि सीता मृगनयनी । " यही नहीं सीता की अनुपस्थिति में यज्ञ में सीता की स्वर्णमूर्ति रखी थी । इस तरह उनका अथाह, सात्विक प्रेम कल की पीढ़ी के लिये सार्थक दिशा

देता है, प्रेरणा देता है । भावी पीढ़ी केवल पत्नी को भोग्या के रूप में न स्वीकारें राम सीता का अमल प्रेम यही सीख देता है। पतिव्रता सीता जीवनभर दुख झेलती हैं फिर भी राम का नाम उनकी हर सांस से जुड़ा रहता है। ऐसी पतिव्रता सती, साधवी नारी सीता भावी पीढ़ी के लिए जीवन के पग पग पर पथ प्रदर्शक हैं। राम सीता दो तन एक मन थे ।

लेकिन भौतिक युग में ऐसा प्यार दुर्लभ ही देखने को मिलता है । आज पति पत्नी का ऐसा अटूट प्यार साठ प्रतिशत है। हो सकता है कि शायद बदलते परिवेश में भविष्य में और कम हो जाये । ऐसे आदर्श प्यार में भी एक कलंक समाहित हो गया कि राम जीने सीता को धोबी के कहने से घर से निर्वासित कर दिया और सीता की वापसी पर अग्नि परीक्षा ली थी यद्यपि रावण ने सीता की देह का किंचित मात्र भी अंग स्पर्श नहीं किया था वह गंगाजल सी पावन थी । केवल इसी दोष को छोड़कर राम चन्द्र जी में असंख्य गुण थे, शबरी जो निम्न जाति की थी उसके झूठे बेर खाये, अहिल्या जिसे समाज ने बहिष्कृत कर दिया था, समाज का अंग बनाया ।

तो इस प्रकार रामायण समाज को वसुधैव कुटुम्बकम की सीख देती है। यदि रामायण बाह्य स्तर पर एक आचार संहिता व आदर्श प्रस्तुत करती है जिसमें राजा प्रजा, पिता पुत्र, माता पुत्र, पति पत्नी भाई भाई, सेवक मालिक, गुरू शिष्य, राजा मंत्री, यहाँ तक कि व्यवहार चाल- चलन सभी आ जाते हैं । तो मन के स्तर पर एक उपचार पद्धति भी भावी पीढ़ी को प्रस्तुत करती है। आज की पीढ़ी और कल की पीढ़ी भौतिक सुखों की होड़ और एकांगी जीवन जीने के कारण तनावग्रस्त, कुंठाग्रस्त हो रही है। क्लबों, सौन्दर्य प्रतियोगिताओं, नग्न रंग मंचीय प्रोग्रामों, अश्लील फिल्मों के कारण युवा पीढ़ी जिसमें कन्धों पर देश का भार है - बुरी तरह डगमगा रही है - तो रामायण में इसका भी उपचार लिखा है, जो कुछ भी भाग्य में लिखा है उसे ही प्राप्त करके सुखी रहो-

होइहि सोई जो राम रचि राखा ।
मेंटि जाई नहिं राम रचाई ।।

ऐसी पंक्तियां मानव के मन में आशा का संचार करती हैं, जीने का उत्साह जागृत करती है । रामायण में बताये गये ऐसे विचार सामान्य मानव को अत्याधिक दुःख और विवाद की अवस्था में सांत्वना प्रदान करते है । यही नहीं सत्संग और भले मनुष्यों का साथ भी महत्वपूर्ण बताया गया है। असंत मनुष्य पामर, अधर्मी, दुष्ट, राक्षस होते हैं - वह दूसरो का सुख-चैन, हंसी उल्लास छीनकर खुश होते हैं -

सुनहु असन्तहु कर सुझाऊ ।
भूले हूँ संगत करिए न काऊ ।।
तिन्ह कर संग सदा दुःखदायी ।
जिभि कपि लहिं घालई हरदाई ।।

और ऐसे असंत लोग भविष्य में झुंड के झुंड हो जायेगें, अतः सज्जन पुरूषों को अपने वर्तमान और भविष्य की भलाई के लिए इनसे दूर रहना चाहिए । रामायण में कहा गया है कि भविष्य में लोग इन वेदों के विरोधी हो जायेगें । समाज में उदंडण्ता और अनुशासनहीनता का काला जाल ऐसा फैल जायेगा जैसे आकाश में बादल घिर जाते हैं । पंडित ज्ञानी नहीं अपनी प्रशंसा करने वाला कहलाया जायेगा । रामायण में कहा गया है कि काम क्रोध, मद, लोभ से भावी पीढ़ी को छुटकारा मिल सकता है। केवल योग साधना और ब्रहमचर्य पालन से । यह ग्रन्थ आज और कल की भावी पीढ़ी को निराशा से आशा की ओर ले जाता है । अर्थ और काम के भंवर में फंसे मनुष्यों को बाहर निकालता है।

तो इसलिए राम भजन अति आवश्यक है । भजहिं राम तज काम, मद करहिं सदा सत्संग'' और यही एक ऐसा मार्ग है जो मानव शरीर में सामंजस्य उत्पन्न कर सकता है।

ताड़ के पेड़ सी बढ़ती अत्याधिक महत्वाकांक्षायें, अनगिनत आशायें, आज के जीवन में तनाव और असंतोष को संजात करती हैं, और संतोष धारण करना जीवन में संजीवनी बूटी के समान है ।

'' बिन सनतोस न काम नसाहिं, काम अछत सुख सपनेहु नाहिं ''

इसी प्रकार स्वार्थ को अंधकार और पर उपकार वचन, मन काया को प्रकाश माना गया है। स्वार्थ के तराजू में सभी रिश्ते तोले जा रहे हैं । लेकिन स्वार्थी प्रसन्न सुखी नहीं रह सकता है। चाहें करोड़पति ही क्यों न हो जाये तो सुखी रहने का उपाय बताया गया है-

दुःख में न मलिन भई
सुख में न कछु हर्षाई ।

इस प्रकार हमने जाना की रामायण में वर्णित प्रत्येक घटना, प्रत्येक दशा हर युग मे सम्पूर्ण मानव जीवन को दिशा निर्देश करती है। राम कथा एक ऐसी औषधि है जो अनेक रसायनों के मिश्रण से भी प्राप्त नहीं हो सकती । इस कथा पर वर्तमान और भविष्य दोनों की नींव रखी जा सकती है। समाज तथा मानव जाति के लिए शाश्वत् नियमों व आदर्शो को समग्र रूप से प्रस्तुत करने वाली यह राम कथा स्वयं मे पूर्ण है, प्रभावशाली है, युगविहीन है, सार्वकालिक व सर्वदेशीय है। यह कथा तो हम सबके लिए एक मानसरोवर है, जिसमें डुबकी लगाने पर मोती प्राप्त होना अनिवार्य निष्कर्ष है। इसमें वर्तमान एवं भविष्य की सभी समस्याओं का उचित निवारण निहित है। यह केवल एक ग्रन्थ ही नहीं मानव जीवन के बहुर्मुखी विकास के लिए उत्कृष्ट साधन है। उच्चतम मार्ग है, सच्चा साथी है।

अतः अन्त में मैं कहना चाहूँगी कि रामायण और भावी पीढ़ी सुमन और सुगन्ध से जुड़ जायें तब देश के उपवन में महक ही महक विकर्षित होगी .. हर दिशा में प्रवाहित होगी ।

# "Role of Ramayan in Establishing World Peace"

## ''विश्व के शांति स्थापना में रामायण की भूमिका''

मानस मुक्ता यशुमती

रामायण किसी एक जाति, एक संप्रदाय या एक देश के लिये नहीं है। यह मानव मात्र के लिये धर्मशास्त्र है। सम्पूर्ण विश्व के मानव एक ही हैं।

''वसुधैव कुटूम्बकम्'' सारी वसुंधरा, एक परिवार है। ऐसी भावना की स्थापना के लिये रामायण की भूमिका सर्वोपरि है।

आज आदमी की संख्या बढ़ती जा रही है, मनुष्यों की संख्या घटती जा रही है। भौतिकता में बहुत आगे होने के बाबजूद, सारे संसार में अशांति, कटुता, ईष्या–द्वेष का साम्राज्य फैला हुआ है। नैतिकता का ह्वास दिनानुदिन, होता जा रहा है। मानवीय मूल्यों को हम भूलते जा रहे हैं। ऐसी विषम परिस्थिति में संसार मानवता के श्रृंगार से पुनः श्रृंगारित हो यह एकमात्र रामायण के द्वारा ही संभव है।

श्री रामायणजी के अन्तर्गत अनेकानेक धारायें हैं। अभी तक हम मात्र तीन महत्वपूर्ण धाराओं में अवगाहन करते रहे। सांस्कृतिक, साहित्यिक और आध्यात्मिक। सांस्कृतिक धारा से प्रभावित होकर भारत के पड़ोसी देशों में अपनी–अपनी रामायणों की रचना हुई। साहित्यिक धारा के द्वारा विभिन्न देशों में भारतीय रामायणों (विशेष रूप से रामचरितमानस) का विभिन्न भाषाओं में अनुवाद हुआ। तीसरी धारा सबसे व्यापक धारा आध्यात्मिक धारा है जो श्री रामचरितमानस के द्वारा उन देशों में पंहुची जहां भारतीय मूल के लोगों का विशेष निवास है।

रामायण के महानायक भी राम के विषय में स्पष्ट संकेत है ''रामो विग्रहवान् धर्मः'' श्री राम धर्म के प्रतिमूर्ति है। श्री राम ने जो किया वही धर्म है। जिसे मानव धर्म कहते हैं। धर्म के सारे सिद्धान्तों को श्री राम ने चरित्र के द्वारा चरित्रार्थ करके दिखा दिया। कहीं पुत्र बनकर, कहीं भाई बनकर, कहीं मित्र बनकर, कहीं पति बनकर, किसी व्यक्ति समाज से यदि सम्बन्ध बिगड़ जाये तो फिर अपनी सरलता सहजता से उसे कैसे सुधारना चाहिये, इन सबका समाधान श्री राम और उनसे जुड़े हुये परिकर के जीवन में दिखाई पड़ता है।

हमारे यहां रामायणों की कमी नहीं है। गोस्वामी तुलसीदासजी ने स्पष्ट कहा है
''नाना भांति राम अवतारा।
रामारयण शत् कोटि अपारा''

पर सबमें ''श्री राम चरितमानस का स्थान विलक्षण है। जिसमें चरित्र की अध्यक्षता में सम्पूर्ण श्री रामकथा प्रस्तुत की गई है। श्री राम–रावण युद्ध प्रसंग में रावण श्री राम पर गालियों का बौछार कर रहा

है। श्री राम गालियों का उत्तर गाली से नहीं देते हैं। मुस्कराते हुये कहते हैं रावण अब ज्यादा मत बोलो। बोलने से थक जाओगे। तुम्हारा सुयश नष्ट होगा। इसे कहते हैं मानवता। जिसे, देखकर विरोधी पक्ष के लोग अभिभूत हो गये। ''बैरिउ राम बड़ाई करिहिं''। इतना ही नहीं रावण के मृत्यु के पश्चात् धर्म पत्नि मन्दोदरी का हृदय बोल उठता है –

''अहहनाथ रघुनाथ सम कृपा सिंधु नहीं आन।

जोग वृन्द दुर्लभ गति तुम्हहि दिन्ह भगवान।।

यह है दानवता पर मानवता का विजय। ज्ञान वह है जो जीवन को स्पंदित करे। धर्म वह है जो आचरण में सुगंध पैदा करे। नहीं तो ज्ञान केवल शब्द विलास और धर्म केवल आडम्बर मात्र बनकर रह जाता है।

हमारा ऐसा भाव बने इसके लिये रामायण से बढ़कर कोई ग्रंथ नहीं है। इस महाग्रंथ के द्वारा ही संसार में शांति की स्थापना एवं कटुता रहित मैत्री भाव से युक्त समाज की संरचना संभव है। अन्तर्राष्ट्रीय रामायण, सम्मेलनों के द्वारा इस दिशा में महत्वपूर्ण कार्य होता है। विद्वानों के आलेख, भाषा, रामायण की गाथा कथा के द्वारा संदेश संसार के कोने–कोन में पंहुचाया जा रहा है। इसी श्रृंखला में Birmingham UK का 22 वां ''अर्न्तराष्ट्रीय रामायण सम्मेलन'' है। इस आयोजन की सफलता के लिये मंगल कामना करते हुये भविष्य में यह चक्र सतत् चलता रहे ऐसी शुभकामना के साथ –

# सबके राम, सबमें राम

*-शैल अग्रवाल-*

तुलसी के रामराज्य की कल्पना आज के युग में भी सामाजिक चेतना का आदर्श है। उन्होंने समाज को राक्षसों से बचाने के लिए वानरी वृत्ति के लोगों तक के भीतर की सोई शक्ति को जगाया। भारतीय जो अपना गौरवमय अतीत नहीं भूल पाए थे और नए शाषकों के ढर्रे, तौर-तरीकों में पूरी तरह से रच बस भी नहीं पाए थे, एक अन्तर्द्वन्द व निराशा में जी रहे थे, उन्हें एक आदर्श रामराज्य का सपना देना चाहा था तुलसी दास ने। तुलसी कवि पहले थे या समाज सुधारक कहना मुश्किल है, परंतु एक बात निश्चित है कि वे तुलसी ही थे जिन्होंने राजा राम को भगवान राम बनाया।

राम का न्याय , राम का त्याग, राम की प्रतिबद्धता, राम का शौर्य और समर्थता सब प्रभावित करते है हमें। और यही वजह है कि राम आज भी भारतीय जन-मानस के आदर्श हैं, परंतु इससे भी ज़्यादा आकर्षित करती है राम की परिवार और परिवेश के प्रति जागरुकता। प्रजा के हितों की संरक्षण-भावना। आज जब अधिकांशतः समाज " दिस इज माई लाइफ" के मूलमंत्र पर चलता है और" आइ लिव्ड इट माइ वे " की जीवन शैली पर ही गौरवान्वित महसूस करता है, तो राम कथा निश्चय ही भारत और भारत से दूर बैठे भारत वंशियों के लिए एक अटूट प्रेरणा स्रोत्र है। राम न सिर्फ़ हमें प्यार और त्याग करना सिखाते हैं वरन सामाजिक ज़िम्मेदारियों का अनूठा बोध देते हैं।

आज जब बूढ़े माँ बाप को मैले पुराने कपड़ों की तरह निढाल छोड़कर युवा पीढ़ी आगे बढ़ जाती है तो वचनों की रक्षा के लिए बन बन भटकते पुत्र की कल्पना तक किसी भी पिता के लिए दुरूह स्वप्न है। श्रवण कुमार तो आज के युग में सुपर मैन की तरह पूरे ही काल्पनिक जान पड़ते हैं। आज जब सीमाएँ टूटती जा रही हैं, जन्मभूमि भी अन्य भूमियों की तरह मात्र मिट्टी का ढेला ही है जिसे चंद सिक्कों के लिए कभी भी त्यागा या बेचा जा सकता है, तो क्या ज़रूरत नहीं कि एक बार फिर से वे ही गौरव गाथा दोहराई जाएँ जो कभी " जननी जन्मभूमिश्च स्वर्गातपि गरीयसी" का उद्‌बोध कराती थीं। आज जब धोखा और झूठ ही अधिकांश रिश्तों का ताना-बाना है और परिवार ताश के पत्तों से ढह रहे हैं, पल पल तलाक़ होते हैं तो क्या इस फिसलन और टूटन को रोकने के लिए एक बार फिर ईमानदारी और प्रतिबद्धता, सामंजस्य और त्याग की सोच ज़रूरी नहीं ? पर इसके लिए खुद हमारा अपनी कथनी में पूर्ण विश्वास होना बेहद ज़रूरी है, वर्ना बात दूसरों की समझ में नहीं आएगी। दृढ़ और विश्वसनीय सोच के साथ ही कोई आदर्श दूसरों के आगे रखा जा सकता है और किसी भी परिवार या समाज में यदि अग्रजों की सोच सही हो, तो छोटे भी स्वयं ही सुधर ही जाते हैं।

वाणी अंतस का प्रतिबिंबित करती है, जैसे कि नैतिकता विचारों का। अगर विचार शुद्ध हैं तो आचरण भी खुद ही शुद्ध हो जाता है। कथनी और करनी का फ़र्क़ बस एक अस्वस्थ और डरी मानसिकता का ही परिचय देता है। अक्षर जो अ-क्षर हैं, भगवान से ही सशक्त और शाश्वत हैं, सोच-समझकर ही हमें इनका इस्तेमाल करना चाहिए, यही तुलसी ने समझाया। " प्राण जाए पर वचन न ज़ाई" कहा, वह भी तब जब मुग़ल राजाओं के विलासी दरबारों में सब अपनी ढपली अपना राग गा रहे थे। तुलसी के रघुवंशी राजा मितभाषी थे। उनके लिए "टॉक वाज नौट चीप।" अविवेकी वचन बंदी बनाकर साख मिटा देते हैं, दूसरों की आँख में ही नहीं, खुद अपनी में भी---- जीवनधारा बदल सकते हैं, जानते थे वे यह। दशरथ कैकयी प्रसंग गवाह हैं इसके। रामायण में न सिर्फ़ कहानी का भाव और कलापक्ष सम्मोहित करता है, अपितु आज भी जीने की एक सहज और आदर्श प्रणाली देता है यह महाकाव्य।

असल में तो वेदों में जिन चरित्र संहिताओं का वर्णन किया गया है वे सभी सकारात्मक और विश्वसनीय गुण

हैं राम में। फिर भी राम हमारे अपने राम हैं। चाहे जिस मन:स्थिति में पढ़ो या जानो राम सदा अपने ही लगते हैं। अलौकिक होकर भी तुलसी के राम का यही मानवीय पक्ष है, जो छूता और बाँधता है हमें और कहानी को और भी रोचक और विश्वसनीय बनाता है। वे भी हमारी ही तरह रिश्तों में बँधे है और रिश्तों की मर्यादा के भीतर ही रहकर जीना है उन्हें भी। पिता, पुत्र और पति हैं वे भी और उन्हें भी जीवन ने कई बार कर्तव्य के दुरूह चौराहे पर लाकर खड़ा किया है। बस हमारी तरह कमज़ोर नहीं हैं वे। वैसे भी किसी अन्य राजा या व्यक्ति से उनकी तुलना उचित नहीं, क्योंकि कठिन से कठिन परिस्थिति में भी मर्यादा का उलंघन नहीं किया मर्यादा पुरुषोत्तम राम ने---विचलित नहीं हुए वे कभी। काम, क्रोध, मद, लोभ और मोह, इन्द्रियों के पाँचों विकारों पर पूरा नियंत्रण है उनका और इसी गुण के रहते वे अपनी हर लड़ाई जीत पाए थे। राम समदर्शी तो हैं ही, कमजोर और प्रताड़ितों का साथ देने में भी पीछे नहीं हटे कभी। ऐसा तभी हो सकता है जब राजा को खुद पर भरोसा हो और वह कायर या स्वार्थी न हो और राम न स्वार्थी थे और ना ही डरपोक। कर्तव्य पथ पर चलते राम को कोई बाधा पीछे नहीं घसीट सकती थी, चाहे वह राक्षसी प्रवृत्तियाँ हों या मायावी।

सम्मोहन, प्रलोभन, प्रताड़ना या फिर व्यक्तिगत जीवन में अतिक्रमण, कुछ भी स्थिरप्रज्ञ राम को विचलित नहीं कर सका। आदर्श पुत्र और भाई थे वे, अच्छे सखा और राजा थे वे, हर रिश्ते के लिए पूरी तरह से समर्पित थे राम। और यही नियंत्रण व एकनिष्ठता राजा राम को भगवान राम बनाती है, जिन्हें दुख की घड़ी में न सिर्फ़ सहायता के लिए याद किया जा सकता है और सखा की तरह विश्वास भी किया जा सकता है जिनपर वरन दुखदर्द भी बाँटे जा सकते हैं उनके साथ। कितना ही हम भागना चाहें, आधुनिकता के नाम पर नकारें, बात घूम-फिरकर उसी आपसी आदान-प्रदान (वह भी मनसा, वाचा और कर्मणा द्वारा), दूसरे शब्दों में सामाजिक और व्यक्तिगत रिश्तों पर ही आजाती है, परन्तु बिना 'स्व' या आत्मा की अवहेलना किए हुए। तुलसी संतुष्ट जीवन में प्यार और इज्जत की कीमत जानते थे। " देखन से हुलसै नही, नैनन बरसे ना नेह/ तुलसी तिंह न जाइए चाहे कंचन बरसे मेह।" निश्चय ही प्रेम यदि जीवन का रक्त-संचार है तो आत्म सम्मान मेरुदंड। परन्तु प्रेम व लालच में, आत्म-सम्मान और दर्प में अंतर जानकर ही इस राहपर चला जा सकता है और क्लेश, ग्लानि व ईर्षा जैसे विकारों से बचा जा सकता है। सच के पथ से विचलित होना और समस्याओं से हारना तुलसी के मानस में किसी को नहीं आता, चाहे वे मर्यादा पुरुषोत्तम राम हों या भरत, लक्ष्मण। सेवक भक्त हनुमान हों या फिर परछाँई सी पति की अनुगामिनी सीता।

यही हठी प्रेमाग्रह और निश्चार्थ जिजीविषा ही भारतीय संस्कृति का मूलमंत्र है और इसीके रहते भारतीय संस्कृति आजभी हिमालय सी अडिग है। मनुष्य एक सामाजिक प्राणी है और खुद में अकेले टापू की तरह नही जी सकता। आजभी कितनी ही व्यावहारिकता की बात हम करें, खुदको सम्पूर्ण और स्वावलम्बी समझें, रिश्तों से ही परिवार बनते हैं और परिवार से ही समाज व देश। जबतक जुड़ना न सीखेंगे, जीव और पर्यावरण के साथ सहज होना न सीखेंगे, हर आदर्श और संयम की बात खोखली है। राम शायद राम न होते अगर दशरथ जैसे पिता, कौशल्या कैकयी और सुमित्रा जैसी माँ व लक्ष्मण और भरत जैसे भाई तथा सीता जैसी पत्नी न होतीं उनकी, वशिष्ठ और विश्वामित्र जैसे गुरु न होते उनके। तुलसी की आँख में विश्वास और श्रद्धा ही ऐसे दो गुण हैं जो विचारों में ही नहीं रिश्तों में भी जरूरी हैं।

तुलसी के राम सदैव ही पूज्यनीय है और सफलता की कुंजी है, भवसागर से तारने की शक्ति रखते हैं। इसी नाम का उलटा सीधा जाप करके बाल्मीकी जैसे डाकू पापमुक्त हो परमत्व को पा गए और रामायण जैसे महाग्रन्थ की रचना कर डाली। इनके बल से ही हनुमान लंका लाँघ गए और मात्र इसी नाम के सहारे नल नील ने समुद्र बाँध दिया-- अगर कथा के तमाम ये और अन्य अलौकिक तत्व नकार भी दिए जाएं, तो भी बहुत कुछ है इस कथा में जो आजभी बाँधता है और तत्कालीन संदर्भ में भी पूरी तरह से उपयोगी और व्यवहारिक है। क्योंकि राम-कथा विघटन की नहीं संगठन की कथा है,---शोषण नहीं, संरक्षण की कथा है। यह उन तृणमूल गुणों की कथा है जिनकी जरूरत हर युग और हर समाज को होती है। आपसी संबन्धों में स्नेह की ताकत बताती है यह हमें। रिश्तों में एकनिष्ठता का महत्व दर्शाती है। शशक्त के हाथों निर्बल के उद्दार का मंत्र देती है और वह भी दर्पहीन सेवाभाव के साथ। न्याय यहाँ न सिर्फ दोष रहित है वरन हमेशा जनहित में है। कमजोरों को दुतकारता नहीं, अपितु उनका सुनियोजित संघटन करता है और उनके दलित जीवन को आत्म-सम्मान व सार्थक उद्देश्य देता है।

साम, दाम, दंड, भेद, सुधार की ये चारों पद्धतियों लेकर चलती राम कथा करीब करीब जीवन की हर संभव असंभव परिस्थितियों से जूझना और उनमें संयत रहना सिखलाती है हमें। यदि कहीं सामने वाले का दर्प इतना बढ़जाए कि निगलने को तैयार हो जाए तो जैसे सुरसा के मुंह से हनुमान निकल आए थे वैसे ही बचना भी सिखलाती है। सोने का मृग आज भी बन बन ही भटकाएगा और आज भी लक्ष्मण रेखा लाँघने पर अपहरण ही नही बलात्कार, खून सभी कुछ होगा। वासना में डूबी

नारी आज भी सूर्पणखाँ सी ही नाक कटवाएगी और परिवार के ही नही समाज के भी पतन और विनाश का कारण बनेगी। परन्तु रामकथा समाज का घिनौना मुखौटा भी सत्य शिव और सुन्दर के सिद्धान्त के साथ दिखलाती है इसीलिए आज भी सबकी प्रिय है और सबको समझ में आती है।

स्वार्थ नहीं त्याग है रामराज्य में-- राजा सामूहिक कल्याण में विश्वाश करता है और प्रजा निष्ठा और विश्वास के साथ राजा का आदर व अनुसरण करती है। यहाँ नायक न सिर्फ न्याय-प्रिय और क्षमता में अद्वितीय है, वरन उसका तो जन्म ही आसुरी तत्वों के विनाश के लिए हुआ है। समाज के हर वर्ग की बात वह न सिर्फ सुनता और समझता है वरन क्षमता को परख उनका सफल व संतोषपूर्ण संगठन करता है और यथोचित सम्मान भी देता है उन्हें।

राम अपनी प्रजा से कहते हैं कि " जौ अनीति कछु भाषौं भाई, तौ मोहि बरजहु भय बिसराई।" वे शायद पहले ऐसे राजा हैं जो प्रजा को ऐसा संदेश देते हैं और साथ में आँख बन्द करके उनकी हर बात मानने की भी मना करते हैं। " सुनहु करहु जो तुम्हहि सोहाई" कहकर अपने विवेक का उपयोग करने को कहते हैं। रामराज्य में कहीं असंतोष नहीं, इसलिए अराजकता भी नहीं। क्या आजके समाज को भी ऐसे ही एक नायक की आवश्यकता नहीं? आसुरी प्रवृत्तियों से लड़ने के लिए किशोरावस्था से ही तैयार कियागया है इन्हें। ठीक भी तो है, चरित्र निर्माण तो बचपन से ही होना चाहिए क्योंकि कच्ची मिट्टी को ही मनचाहा आकार दिया जा सकता है।

रामायण सत्य की असत्य पर विजय की कथा है। उपनिषद में सत् की व्याख्या करते हुए कहागया है कि जो किसी का अनिष्ट न करे वही सत् या मुख्य है। सिर्फ आंखों देखा, या कानों सुना हाल ही सच नहीं, क्योंकि इसे तो राग रंज धुँधला कर सकते हैं---सत् तक पहुँचने के लिए विवेक और सोच की मथनी चाहिए और राम चरित मानस या रामायण जो कि पात्रों के मानस का ही चित्रण है, एक ऐसी ही मथी हुई रचना है---सही अर्थों में भारतीय संस्कृति और सोच का नवनीत, मानवीय रिश्तों का परम उत्कर्ष और जीवन का शाश्वत सच है। प्रजा के लिए सबकुछ दाँव पर लगा देने वाले एक ऐसे जन-नायक की कथा है यह, जिसे मोह भी न बाँध सका। जन कल्याण की भावना ही उनकी सोच में सर्वोपरि थी। राम का तो प्रेम तक लोक मर्यादा की सीमा के अन्दर था। वे पहले जन नायक थे, फिर पुत्र, भाई, पति या पिता। जरूरत पड़ने पर निस्वार्थ भाव से प्रिय से प्रिय वस्तु तक त्याग दी थी उन्होंने --राजपाट ही नहीं, जान से प्यारी जानकी, प्राण से प्यारे भाई लक्ष्मण, सभी कुछ।

रामायण के सभी पात्र वैदिक मर्यादाओं से अनुप्राणित हैं और लोक मंगलकारी मूल्यों की प्रतिष्ठा करते हैं। आज भी दैनिक आचार-संहिता से लेकर राजनीति और वेद पुराण सभी की समझ रामायण से ली जा सकती है। कई आधुनिक समस्याओं का समाधान कर सकती है यह काव्य-कथा। राजा राम अपने भाइयों और प्रजा को उपदेश देते हुए कहते हैं कि " परहित सरिस धरम नहि भाई, परपीड़ा सम नहिं अधमाई।" हरेक के अन्दर छुपे ईश्वरीय तत्व (गुणों को) पहचानकर प्रणाम करना सिखलाती है यह हमें। जब " सिया राममय सब जगजानी, करहु प्रणाम जोरि जुग पानी।" तो फिर कौन अधम या पराया, या नफरत करने योग्य? सभी बस अपने हैं और पूज्यनीय हैं। तुलसी ने दिखाया कैसे आजभी स्नेह और सच्चा सेवाभाव निर्बल और नासमझ कपि को बजरंग बली बना सकता है और विनय की चमड़ी में न हो तो अहंकार बड़े से बड़े ज्ञानी को भी, दस मुँह से बुलवाता है और पतन की ओर ले जाता है।

क्या जरूरत थी कि राम लक्ष्मण जैसे वैभवी और पराक्रमी राजकुमार, सुकुमारी सीता के साथ वन-वन भटकते और राक्षसों का चुन-चुनकर वध करते? ऋषि मुनियों ( चिन्तक और सुधारकों) के तप में विघ्न डालने वाले अराजक तत्वों को नष्ट करते? वे चाहते तो खुशी-खुशी सीता के साथ राजसी वैभव में रह सकते थे, निश्चय ही राज्याभिषेक के बाद और दुबारा अग्नि-परीक्षा के बाद भी सीता का परित्याग, आज भी बहुतों की समझ में नहीं आता, परन्तु राम का जीवन हो या चरित्र कहीं भी संदेह या कलुष की गुँजाइश ही नहीं। राजा पर ही प्रजा उँगली उठाए, यह राम को स्वीकार नहीं। आज हम कहते हैं कि तुम सबको खुश नही कर सकते, इसलिए बस स्वयँ को खुश रखो। जो खुद को सही लगे, वही करो। परन्तु राम की सोच इससे अलग थी, वह सबको खुश रखकर ही खुश रह सकते थे। दूसरों की खुशी में ही उनकी खुशी थी। और यही वजह है कि हमेशा अपने ही सुखों का कर्तव्य की वेदी में हवन किया उन्होंने, अपनों की ही आहुति दी। सिंकदर या पोरस भी नहीं थे वे कि आक्रमण या विजय की नीति को लेकर ही चलते। आज के बुश और अन्य अवसरवादी नेताओं की तरह भी नही थे वे कि सुधार के नामपर दूसरों की कमजोरी का फायदा उठाते। कमजोर और दलितों का तो साथ दिया था उन्होंने, चाहे अहल्या जैसी अबला नारी हो या सुग्रीव जैसा प्रताड़ित राजा, या फिर जटायु जैसा घायल वीर। कमजोर और प्रताड़ितों का साथ देने में राम कभी पीछे नही हटे। राम न सिर्फ हर अन्याय के खिलाफ लड़े वरन् समाज और व्यक्तिओं को उनकी त्रासदी से मुक्ति भी दिलवाई।

रामकथा चमत्कारों की कथा नहीं, यथार्थ की कथा है, ऐसे यथार्थ की कथा जिसे आज के समाज में भी जिया जा सकता है, उन आदर्श और मूल्यों पर चला जा सकता है, यदि हम राम जैसा विवेक और धैर्य जगा पाएँ तो---- और यह भी असंभव नहीं, हाँ कठिन ज़रूर है, क्योंकि यदि सबमें राम हैं तो राम के वे सात्विक तत्व भी तो हैं हमारे पास, और अगर सबके राम हैं तो वे सच की राहपर हमारी सहायता भी तो करेंगे ही। राम ने चमत्कारों के सहारे जन मानस नहीं जीता, वरन् अपने कर्मों और चरित्र की वजह से ही भारतीय चेतना में यह दुर्लभ जगह बनाई है। दुरुह से दुरुह स्थिति में भी आत्मबल और निष्ठा का नाम हैं राम। हर परिस्थिति में एक अप्रतिम आदर्श सामने रखा है मर्यादा पुरुषोत्तम राम ने, वह भी लेशमात्र भी मर्यादा का उलंघन किए बगैर। बिना संशय या विवाद के तुलसी के राम मर्यादा पुरुषोत्तम हैं।

चमत्कारों में विश्वाश न करते हुए भी चमत्कार चाहना, मानव स्वभाव की कमजोरी है। सदियों से आस्था और धर्म के नामपर जन साधारण अपने दुखों की संजीवनी ढूँढता रहा है और सदियों से आस्था और धर्म का ही दुरुपयोग हुआ है और समाज की अनेक कुरूपता और अत्याचार का कारण बने हैं ये ही। आज भी धर्म ने ही देश और समाज क्या, विश्व तक को कई कई टुकड़ों में बाँट डाला है। परन्तु राम की कहानी विघटन नहीं, संघटन की गाथा है। शोषण नहीं पोषण को राजा का कर्तव्य कहती है। स्वार्थ नही त्याग की कहानी है यह। राम हों या लक्ष्मण, भरत हों या सीता, परिवार का हर सदस्य एक दूसरे के लिए कुछ भी कर सकता है। त्याग करने के लिए तत्पर ही नहीं, निष्ठाबद्ध है। और जब रिश्तों के प्रति इतनी प्रतिबद्धता हो तो परिवार ही नहीं, पूरे समाज और देश तक की रूपरेखा सुधर जाती है। यदि रामायण के विचारक (ऋषि, मुनि) सुर-असुरों की पहचान रखने वाले हैं, तो शाषक भी नीर-क्षीर विवेकी हैं। समर्थ ही नहीं, प्रजा के प्रति स्वार्थ रहित भाव से समर्पित हैं। उनमें क्षमता है कि असुरों का नाश कर सकें, सत्य की असत्य पर विजय दिलवा सकें और साथ में जोड़ने और जुड़ने की अद्‌भुत क्षमता भी है उनमें। राम के चरित्र में जहाँ परिवेश के साथ पूर्ण सामंजस्य है, जीवन की व्यवहारिकता और उपयोगिता का विवेक भी है। कठिन से कठिन निर्णय और त्याग में भी राम कभी नही हिचकिचाए। कठोर से कठोर तेवर में भी राम की सोच संयत और ठंडी थी और हमारा आजका स्वार्थी और उग्र तेवर वाला समाज आजभी रामकथा से बहुत कुछ सीख सकता है। वे भावातिरेक में कभी नही बहे। शोषित को शोषण से मुक्ति दिलाना सराहनीय है पर तभीतक जबतक जरूरत हो। जबर्दस्ती दूसरे के घर में घुसकर बैठना न्याय नहीं, अतिक्रमण कहलाएगा और असंतोष को ही जन्म देगा, जैसा कि आज अफगानिस्तान, ईराक, कम्बोडिया, पैलेस्ताइन आदि कई देशों में हो रहा है।

भारतीय परम्परा में योग शब्द का अभिप्राय है आत्मा का परमात्मा में लीन हो जाना, और इसी धारणा को आज के संदर्भ में लें तो व्यक्तिगत लाभों का समाजिक लाभों से जुड़ना--व्यक्ति विशेष का समाज के हित में निज सुखों का त्याग ही, आज के युग की सबसे बड़ी साधना या योग है और इसका राम-चरित् जैसा सक्षम व आदर्शवादी उदाहरण शायद ही हमें इतिहास में कहीं और देखने को मिले।

राक्षसी समाज तो आज भी ज्यों का त्यों ही है और समस्याएँ भी वही हैं बल्कि वक्त के साथ और विद्रूप ही हुई हैं। आज भी यौन वृत्तियों से अतृप्त सूर्पणखाँ चारो तरफ घूमरही हैं और जन मानस को भृष्ट कररही हैं। आज भी रावण हैं जो घरों में छद्‌म रूप से घुस आते हैं और ठगते और बर्गलाते हैं। भाँति भाँति के दानवों के अमानवीय आतंकों से पूरा समाज आज भी ग्रस्त है। सीमा अतिक्रमण और मर्यादा उलंघन वैसे ही आज भी समाज में बहु व्यापक हैं। इन्हें हटाना और नष्ट करना ही रामराज्य का उद्देश्य और आधार था और आज भी पूरे विश्व में हर तरह की सुख-समृद्धि के लिए एकबार फिर से यही उद्देश्य रहना चाहिए। स्वार्थ, आतंकवाद, और पूँजीवाद जैसी राक्षसी प्रवृत्तियों को नष्ट करने के लिए एकबार फिर रामायण के कर्तव्यबद्ध आदर्शों को उसी निष्ठा के साथ वापस लाना होगा। शौर्य, मर्यादा और समझ का यथोचित सम्मान करना होगा। निर्बल असहायों को छोड़ या हटाकर नहीं, वरन कमजोर मानसिकता का सशक्त संघठन करके, उन्हें संग लेकर। अराजकता तोड़ फोड़ और असमर्थता हटाने के लिए वानर वृत्ति में आज भी चेतना और आत्म-गौरव की उतनी ही जरूरत है जितनी कि राम की सेना में थी। जब बानर और रीछ जैसी जातियाँ रामकी महिमा और नाम के प्रभाव से असंभव को भी संभव कर सकती हैं, तो फिर आज इस इक्कीसवीं सदी में कैसे हम किसी दलित या पिछड़े समाज को दुतकार सकते हैं, उनकी संगठित शक्ति की अवहेलना कर सकते हैं। राम की सहायता के लिए बजरंग बली तो हैं ही, पर नल नील, सुग्रीव, अंगद,और जामवंत जैसे चरित्र भी हमें बारबार यही याद दिलाते हैं कि आत्म विश्वास और दृढ़ इरादों की शक्ति को नकारा नहीं जा सकता। इनके

प्यार, त्याग, शौर्य और सहिष्णुता के चारों स्तम्भों पर खड़ी रामायण आज भी एक किताब न होकर भारतीयों के लिए आचार-संहिता है। उपनिषद का सार है। विध्वंसकारी परिवेश में ऋषि या विद्वानों को शान्त और मनोनीत पर्यावरण दिया जा सके, आजभी यही समाज के हित में है। तभी समाज की अच्छी सोच और आचरण के आदर्श उदाहरण सामने आ पाएँगे। पर उनके तप को भंग करने वाली राक्षसी प्रवृत्तियों का कैसे शमन किया जाए, यह जिम्मेदारी शाषक या समाज के संरक्षकों की ही होनी चाहिए क्योंकि न्याय के लिए भी एक संतुलित सभी तभी तक न्याय है जबतक क्षमा के महत्व को समझ की जरूरत है और न्याय समझकर किया जाए। सुधार की गुँजाइश तो हर जगह ही होती है। बार बार समझाने पर भी न समझे, तभी अपराधी दंड का भागी है और दंड में भी सामूहिक हित ही होना चाहिए, निजी वैमनस्य नहीं। मनुष्य, समाज या परिवार को वही लौटाता है, जो समाज या परिवार उसे देता है। इसतरह से अगर दीन
हीनों पर ध्यान न दिया जाए, तो सामाजिक अपराधों की साझेदारी हम सबकी है और बुराइयों को दूर करने की भी। यदि हमारी तश्तरी में जरूरत से ज्यादा है और पड़ौसी दाने दाने को भटक रहा है तो संघर्ष और बगावत तो होंगे ही. अराजकता बढ़ेगी ही, परन्तु इसका यह अर्थ नहीं कि निर्बलों को आलसी और निकम्मा कर दें हम, इसीलिए तो राम ने वानर और रीछ प्रवृत्तियों के लोगों को भी संगठित करके उनकी सेना बना डाली थी, जो बड़े से बड़े राक्षसों से सिर्फ लड़े ही नहीं, उन्हें जीतकर भी लौटे। आदर्श राम-राज्य की परि-कल्पना दलित अछूत हरेक को साथ लेकर ही कर पाए थे तुलसी दास भी और मारे गए हर राक्षस को मोक्ष देने में भी उनके राम नही चूके थे, क्योंकि वैमनस्य बुराई से था, व्यक्ति विशेष से नही। जाति और वर्ण के भेद को भूल, प्रेमवश राम शबरी के झूठे बेर खाते हैं और उच्चकुलीन वशिष्ठ अछूत निषाद को गले लगाते हैं। पूरी रामायण ही अनेक सामाजिक और पारिवारिक अनुसरणीय उदाहरणों से भरी पड़ी है जो वेदकालीन भारत के सशक्त और सुगढ़ जीवन-दर्शन को प्रस्तुत करते हैं।

आज एक बार फिर उन्ही सिद्धान्तों पर चलकर हम विश्व को सार्थक, सफल और सुखमय तो बना ही सकते हैं, साथ में सच्चा भारतवंशी कहलाने का गौरव भी हासिल कर सकते हैं और निश्चय ही इस तरह के आयोजन इस अभियान में उल्लेखनीय योगदान दे सकते हैं जिसके लिए इसके सभी आयोजक और सहयोगी बधाई के पात्र हैं, क्योंकि आजभी " रामायण सुरधेनु समाना" ही है और सोच-समझकर अपनाओ तो "दायक अभिमत फल कल्याणा" है।

# मानस का प्रभाव

दिव्या माथुर

ये लेख मेरे पिता, स्वर्गीय श्री आनंद प्रकाश श्रीवास्तव को समर्पित है, जो न केवल एक रामायण विशेषज्ञ थे, अपितु रामायण के एक अनन्य भक्त भी थे। बचपन में वह किसी तांत्रिक के चक्कर में पड़ गये थे और अपना बहुत सा समय जमुना घाट पर शवों को जलता देखते बिताते थे। इसी दौरान उनका परिचय गुरु परमहंस श्री ब्रज मोहन लाल जी से हुआ, जिन्होंने उनके जीवन की धारा को ही मोड़ दिया। अब वह रामायण के अध्ययन में जुट गए और दिन रात श्री राम, जय राम, जय जय राम की माला जपते लगे। जब उनके गुरु का देहावसान हुआ तो उन्होंने अपनी गद्दी हमारे पिता को सौंप दी किंतु भरत की तरह वह कभी गद्दी पर नहीं बैठे, तमाम उम्र एक सच्चे भक्त की तरह काट दी।

इस लेख के माध्यम से मैं ये कहना चाहती हूँ कि बचपन में केवल अपने बच्चों को ही नहीं, आस पड़ौस, संबंधियों, शिष्यों और मित्रों के बच्चों को भी एक अच्छा और आदर्श इंसान और एक अच्छा नागरिक बनाने का हमारे पिता का प्रयास यदि सफल हुआ तो इसका श्रेय रामचरितमानस को ही जाता है। आज हमारी रगों में जो मर्यादा और नम्रता का संचार हो रहा है, वह भी मानस का ही प्रभाव है और मुझे पूरा विश्वास है कि यदि हम इसके महत्व को नकारे नहीं तो हमारी आने वाली पीढ़ियों का मार्गदर्शन करने में मानस एक महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है।

हर रविवार की सुबह हमारे यहाँ सत्संग होता था जिसमें दिल्ली और आस पास के शहरों से लोग आते थे। आधा घंटे की मौन साधना के दौरान ऐसा महसूस होता था कि सब एक अदृश्य धागे में बँधे हो। फिर वह रामायण, भगवत गीता, गुरु ग्रंथ साहेब और कुरान आदि ग्रंथों में से उद्धरण पढ़ कर सुनाते थे और अंत में माँ द्वारा बनाये पूरी आलु और हलवे का भोजन करके सतसंगी अपने घरों को लौट जाते। हमारी माँ जगत माँ थीं, अपने सात बच्चों के अलावा पिता के शिष्यों के कई बच्चों का भी उन्होंने पालन पोषण किया, जिनकी माताऐं चल बसी थीं या किसी कारणवश वे अपने बच्चों को पालने में असमर्थ थीं।

पिता का देहांत **1990** में हुआ पर उनके शिष्य आज भी हर रविवार को हमारे चाचा, श्री स्वराज श्रीवास्तव के यहाँ वैसे ही सत्संग करते हैं। यहां मैं ये अवश्य कहना चाहूंगी कि इस सत्संग का अर्थ केवल भजन कीर्तन नहीं था, न है। इस सत्संग में सबसे पहले मुसीबतज़दा के लिए प्रार्थना की जाती है, अपनी त्रुटियों पर विचार करना और दूसरों की त्रुटियों को क्षमा करने का साहस जुटाना होता है, और कैसे किसी के काम आ सकें, इस पर मिल जुल कर निर्णय लेना होता है, ये सब ही सत्संग है।

बचपन में हम बच्चे पिता की भक्ति का चाहे कितना ही मज़ाक उड़ाते थे, आज बड़े होकर ही जान पाये कि उनके सिखाए मार्ग पर चल कर हम आज जहाँ हैं, वहाँ हैं। अपनी भाषा और अपनी संस्कृति को यदि हम भूले नहीं, उनकी धरोहर सँभाल पाए, विदेश में रहकर भी बच्चों को उनकी शिक्षा और उपदेशों के माध्यम से पाल पाए और अपने मित्रों आदि को भी प्रेरित कर पाए, तो मैं समझती हूँ कि जाने अनजाने ये रामायण का अनुसरण करने का ही प्रताप होगा।

हमारे जीवन को जो उन्होंने दिशा दी, हमें अनुशासनबद्ध रखा, सारे संसार को परिवार मान कर चलने की सीख और नम्रता का महत्व हमने उनसे ही जाना। दोनों वक्त मिलते हमारे घर रामायण के तीन चार पृष्ठों का पाठ होता और भजन गाए जाते थे और आस पड़ौस के सारे बच्चे पाँच बजे से ही इकट्ठा होना शुरु कर देते। पूरे मुहल्ले के लोग उनकी बहुत इज़्जत करते और हम पर गर्व करते थे। अपने बच्चों को हम जैसा बनने को प्रेरित करते थे। वो हमें नए से नए भजन सीखने को प्रेरित करते। अर्थाभाव के कारण हम संगीत की शिक्षा तो नहीं ले पाए किंतु 'सदा शिवा भज मना, रिधि सिधि दायक, विनय सहायक, नाहक भटकत फिरत अनवरत' अथवा 'दर्शन दो घनश्याम नाथ मोरी, अँखियां प्यासी रे' जैसे शास्त्रिय संगीत पर आधारित गाने हम खेल खेल में सीख रहे थे। चाहे हमें रागों का ज्ञान न था, किसी से गाने में कहीं कोई ज़रा सी चूक हो तो जाए, हम झट पकड़ लेते थे। हमारे फूफा जी, जयदेव भटनागर भी जब तब हार्मोनियम लेकर बैठ जाते और ऐसे भाव विभोर होकर रामायण का पाठ करते कि मानों उन्हें श्री राम साक्षात दिखाई दे रहे हों। 'जय जय पिता परम आनंद दाता हो आनंद दाता, जगत आदि कारण हो मुक्ति विधाता'। उनकी आँखों से आँसुओं की धार फूट निकलती, और हम सब उन्हीं की भाव विह्लता में बहने लगते।

संगीत, भाषा और संस्कृति से पिता ने हमें गाहे बगाहे जोड़े रखा, केवल एक रामायण के माध्यम से ही उन्होंने हमारा परिचय जीवन मूल्यों से करवाया और हमें सही तरीके से जीना सिखाया। कोई हमारी बुराई करता तो हमें बड़ा बुरा लगता था पर पिता कहते कि अपने मन में गहरे झांक कर देखो तो कहीं न कहीं वह बुराई तुम में होगी ज़रूर, कोई हमारी तारीफ करता तो वह हमें नहीं बताते कि कहीं हमारा दिमाग न फिर जाय। कोई हमसे बेअदबी करता तो भी वह हमें ईंट का जवाब पत्थर से देने से रोकते ये कहकर कि यदि तुमने भी वैसा ही किया तो फिर तुम में और उस व्यक्ति में क्या फ़र्क रह गया।

उनके मन में कोई भेद भाव न था, जमादार और मोची के बच्चों को हर रोज़ वह अपने साथ बैठा कर चाय नाश्ता कराते थे, माँ कभी बुड़ बुड़ करतीं भी तो उनकी निश्छलता के आगे जल्द ही नतमस्तक हो जाती।

रामायण ही हमारे परिवार में सारे दुखों का, सारी चिंताओं का रामबाण इलाज थी। यदि मन की मुराद पूरी न हुई तो भी रामायण का ही पाठ करते क्योंकि 'होइहे वही राम रचि राखा, को करि तरक बढ़ावे साखा' यानि कि अच्छा बुरा जो भी हो रहा है, श्री राम की ही मर्जी से हो रहा है, अथवा 'जाहि विधि राखे राम, ताहि विधि रहिए', क्योंकि वही जानते हैं कि हमारे लिए क्या ठीक है। पुत्र या पुत्री का जन्म हुआ हो तो 'अजर अमर गुणनिधि सुत होउ, करहु बहुत रघुनायक छोहु' किसी के यहाँ विवाह हो तो 'होयहु संतत पियहि प्यारी, चिर अहिवात असीस हमारी।' जन्म मरण जैसे हर अवसर पर रामायण के दोहे चौपाइयों का पाठ आवश्यक था। जाने अनजाने रामायण का पाठ करते हमने संगीत और कविता के माध्यम से न केवल जीवन के परिष्कृत पहलुओं को जाना, शूरवीरता निभाते हुए, उदारमन होना भी सीखा, 'रघुकुल रीति सदा चली आई, प्रान जाए पर वचन न जाई।'

बचपन में ही हमें पूरा का पूरा सुंदर कॉंड कंठस्थ हो गया था और कहाँ कब कौन सा संपुट लगाना है, समय पूरा करने हेतु, कहां कीर्तन करना है, आरतियों का क्रम, हार फूल और प्रसाद के बीच भीड़ को कीर्तन में व्यस्त रखन में हम इतने माहिर हो गए थे कि दूर दूर से हमें बुलावे आने लगे। हमारी पढ़ाई में भी बाधा पड़ने लगी किंतु पापा कहते कि जहाँ चाह वहाँ राह। इम्तहानों के दिनों में जब जी घबराता तो हम झट तालिका खोल कर बैठ जाते, आँखें बंद कर श्री राम को याद करते और तालिका पर उँगली रख देते, देखते कि हमारे भाग्य में क्या लिखा है। उंगली के नीचे यदि ये चौपाई आ जाती, 'प्रवसि नगर कीजे सब काजा, हृदय राखी कोसलपुर राजा', तो लगता कि जैसे कोई खज़ाना हाथ लग गया हो। तालिका में निहित दोहे चौपाइयों का अर्थ या आशय समझते हम जीवन की बड़े बड़े मसले सुलझाने के लायक हुए। टेलिविज़न आदि मनोरंजन के साधनों के अभाव में हमारे खेल खिलौने भी ये ही दोहे चौपाइयां थीं।

आज भी जब मैं बहुत परेशान और पशेमान होती हूँ मैं भगवान पर सब छोड़ कर निश्चित हो जाती हूं। पापा की तरह ये सोच कर कि भगवान मंगल कारी हैं और अपने भक्तों की पीड़ा देख, जल्दी ही द्रवित हो जाते हैं। 'मंगल भवन अमंगल हारी, द्रवहु सु दसरथ अजिर विहारी'। मेरा दृढ़ विश्वास है कि आज के इस तनावपूर्ष वातावरण में यदि हम भारतीय मूल के लोग अपने को शांत रख पाए हैं तो इसका मुख्य कारण हैं रामायण अथवा हमारे अन्य ग्रंथ, अन्यथा आप देखिए कि अन्य देशों के लोग और उनकी भावी पीढ़ियाँ कैसे पथ भृष्ट हो रही हैं।

पापा के चेहरे पर एक चमक सदा विराजमान रहती, इस विश्वास की कि श्री राम जो भी करेंगे, उसी में सबकी भलाई होगी, मरते दम तक उनकी मुस्कुराहट ऐसी जीवंत थी कि परिवार के सदस्यों को विश्वास ही नहीं हुआ कि वे ज़िंदा नहीं रहे। ऐसी ही मृत्यु की कामना मैं भी करती आयी हूँ पर कहाँ मैं और कहाँ वो, जो इस जहाँ में रहते हुए भी एक ऐसे मुकाम पर पहुँचे चुके थे जहाँ उनके लिए सुख दुख सब समान हो गया था। शायद मेरी बाते आपको संदर्भ से हट कर लगे किंतु मेरा दृढ़ विश्वास है कि आज दुनिया को जिस चीज़ की सबसे अधिक आवश्यक्ता है, वो है विश्वास- आधुनिक युग में इस रोज़ के आतंक, उपद्रव और हिंसा का मुख्य कारण अविश्वास ही है

आज के संदर्भ में मैं यही कहना चाहूंगी कि मर्यादा पुरुषोत्तम राम की मर्यादा में रह कर ही शायद आज भारत इतनी तरक्की कर पाया है, विश्व में चल रहे तरह तरह के युद्धों के बावजूद हम भारतीय अपना सिर उठाएं हैं। मानस ने प्रवासी भारतीयों को निरंतर आत्मिक, नैतिक और भावनात्मक संबल प्रदान किया है और उनकी आने वाली पीढ़ियों के लिए भी कई सामाजिक, मानसिक और आध्यात्मिक व्याधियों का ये रामबाण इलाज सिद्ध हो सकती है। बस हमें हम अपने बच्चो को इस से जोड़े रखना होगा। हम चाहे भारत में हों या कि विदेशों में, रामायाण ही वो माध्यम है, जिसके द्वारा हम अपनी पीढ़यों को अपनी भाषा और संस्कृति से जोड़े रख सकते हैं।

3

# राम कथा व भावी पीढ़ी

**डॉ. श्रीमती वन्दना मुकेश शर्मा**

**देहिक,दैविक,भौतिक तापा ।**
**राम राज्य में कबहू न ब्यापा ॥**

**रामकथा,रामचरित मानस वस्तुत: दोनों एकाकार है । राम कथा यदि जीवन में आ जाए, श्री राम का चरित्र अथवा उनकी लीला जरा भी किसी के जीवन में प्रवेश कर जाए और वह उससे प्रकाशित हो जाए तो उसकी जीवन की नानाविद् समस्याएं मिट सकती है, कम हो सकती है ,और व्यक्ति का जीवन समस्याग्रस्त और कष्टमय होने के स्थान पर सचिदानंद स्वरूप आनंदमय हो सकता है । श्री राम का संपूर्ण जीवन अनुकरणीय है और इतना अलौकिक, शिक्षाप्रद है कि वह हमारे पग–पग पर मार्गदर्शन करने में सक्षम है ।**

**'रामचरित मानस'नामक ग्रंथ सिखाता है कि हमें हमारे परिवार को हमारे समाज को कैसा होना चाहिए । जरा इसका क्रम देखिए :–**

**जब अयोध्या के राजा दशरथ को तीन लोक का समस्त वैभव प्राप्त होने के पश्चात भी पुत्र प्राप्त न होने की कमी का दुख हुआ उन्हें ग्लानि हुई कि मेर पुत्र नहीं है तब उन्होंने अपना यह दु:ख केवल अपने गुरू वशिष्ट जी को सुनाया –**

**चौपाई –**

**निज सुख दुख सब गुरहि सुनायउ ।**
**कहि बसिष्ट बहु विधि समुझायउ ॥**
**धरहु धीर होइहहिं सुत चारि ।**
**त्रिभुवन विदित भगत मय हारी ॥**

**राम,भरत,लक्ष्मण,शत्रुहन जैस पुत्र किस दाम्पत्य में पैदा होते है , क्या वहॉ जहॅा एक दूसरे का तिरस्कार,अनादर,व्यभिचार, शराबखोरी, जुआखोरी, असहिष्णुता और अनैतिक आचरण हो ! नहीं । रामकथा भावी पीढ़ी व वर्तमान पीढ़ी को संदेश देती है जो रामचरित मानस के बालकण्ड में ।**

**गोस्वामी तुलसी दासजी लिखते है –**

**दोहा –**

**कौसल्यादि नारी प्रिय सब आचरण पुनीत ।**
**पति अनुकूल प्रेम द्दढ़ हरि पद कमल बिनीत ॥**

**( रामचरित मानस बालकाण्ड दो.नं. 188)**

अब यदि दाम्पत्य में ऐसी प्रीति,पुनीत आचरण और दृढ़ विश्वास होता है तो विषय न होते हुए भी मैं भावी पीढ़ी के साथ वर्तमान पीढ़ी को भी सम्मिलित करते हुए कहना चाहूंगी कि तब हमारी बहनों और बेटियों को कृत्रिम सौंदर्य साधनों अथवा ब्यूटी पार्लरों की आवश्यकता नहीं होगी। बिना इसके ही गोस्वामी जी के शब्दों में शुद्ध अंत:करण और शुद्ध आचरण के बल पर जो वस्तु फलीभूत होगी वह इस प्रकार है –

चौपाई – मंदिर मेह सब राजहिं रानीं। सोभा सील तेज की खानी ।।
सुख जुत कछुक कलि चलि गयहु। जेहिं प्रभु प्रगट सो अवसर भयऊ ।।

( बाल्यकाण्ड चौपाई 189 दोहा के बाद)

परिवार में भावी पीढ़ी को राम कथा किस प्रकार प्रेरणा देती है जरा देखिए – टेलिविजन के भद्दे और ओछे विज्ञापन की तरह नहीं ' गुडमॉर्निंग' 'गुडनाइट' नहीं क्योंकि मॉर्निंग तभी गुड
(शुभ) हो सकती है जब हृदय में शुभ संकल्प और व्यक्तित्व में शुभ आचरण हो।

चौपाई – प्रात:काल उठि कै रघुनाथा। मातु पिता गुरू नावहिं माथा।
आयसु मागि करहि पुर काजा। देखी चरित हरषइ मन राजा ।।

(बालकाण्ड 204 दोहे के बाद चौपाई)

भारतीय संस्कृति में गुरू को ईश्वर का स्थान दिया जाता है। स्कूल कॉलेज में आज जिस प्रकार छात्र–छात्राएं व उनके अभिभावक बात–बात में गुरू (शिक्षक) के थोड़े से भी कठोर व्यवहार के कारण कोर्ट में जाने की धमकी देते हैं। वही राम चरित मानस की व्यवस्था देखिए –

चौपाई – अति आदर दोउ तनय बोलाए। हृदयँ ताइ बहु भाँति सिखाए।।
मेरे प्राण नाथ सुत दोउ। तुम्ह मुनि पिता आन नहीं कोऊ ।।

( बालकाण्ड दोहा 207 के बाद)

प्रसिद्ध कवि जय शंकर प्रसाद जी कहते है–

सखी दोनों ओर प्रेम पलता है ,
केवल दीप ही नही पतंगा भी जलता है।

**<u>मुझे एक छोटी सी कथा याद आ रही है –</u>**

एक बड़े उद्योगपति अपने पुत्र को युवा होने पर व्यवसाय प्रबंधन के तरीके सीखाने की शुरूआत की वह पिता अपने बंगले के संगमरमर लगे फर्स के ग्राउंड फ्लोर पर खड़ा होकर अपने पुत्र,जो थर्ड फ्लोर की बालकनी में खड़ा था,से कहता है बेटा तुम जल्दी से नीचे कूद जाओ और मेरे पास आओ। बेटा अपने विता की बात मानकर तत्काल तिसरी मंजिल से कूद गया : परिणाम स्वरूप एक हाथ टूट गया, एक पैर टूट गया तब उस पिता ने कहा बेटा व्यवसाय का पहला सबक है अपने बाप पर भी विश्वास मत करो।

लेकिन यह राम कथा और राम आचरण ही है जो सदियों से हमें हमारे समाज को भावी पीढ़ी को प्रेरणा देती है व देती रहेगी जो यह सीखाती है –

मातृ देवो भव, पितृ देवो भव
सूर्य देवो भव, पृथ्वी भव
गुरूदेव देवों भव।

अपने पिता की आज्ञा पर एक क्षण का भी विलंब किये बिना भी श्रीराम वन में जाने को तैयार हो गये। जबकि वनवास केवल राम को हुआ था लेकिन अनन्य व अभिन्न पति प्रेम के कारण सीता जी और भ्रात प्रेम के कारण श्री लक्ष्मण जी अयोध्या के संपूर्ण वैभव को एक क्षण में त्याग दिया। और अपने शेष जीवन का मूल मंत्र बना लिया। जहाँ अवध तहां राम निवासू वही दूसरी ओर भरत जी के लिए यह सारा प्रपंच किया गया था हम सामान्य एवं व्यवहारिक जीवन में प्राय: यह देखते है परिवार में छोटी–छोटी बातों पर व अत्यंत तुच्छ संपदा के लिए एक दूसरे की जान लेने पर भाई तुल जाते हैं। वहीं श्री राम के वन चले जाने के पश्चात भरत जी खड़ाऊ को राज्य का प्रतीक मानकर पूरे चौदह वर्ष अपने भाई राम के प्रेम में नदी ग्राम वनवासी का ही जीवन जिया। यह अत्यंत उत्कृष्ट अदभूत प्रेम की पराकाष्ठा ही तो है।

चाहे मित्र भाव हो चाहे, शत्रु भाव हो,शौर्य हो,धैर्य हो, शील हो अथवा विनय हो ऐसी क्या भावनाएं है जिन्हें राम कथा उद्धरित नहीं करती। मित्रभाव देखिए मुनि वशिष्ट जो के आश्रम में निबट आदिवासी गृहराज निषाद राम के साथ पढ़ते थे श्री राम व श्री लक्ष्मण एवं भरत, शत्रुहन ने अपनी पूरे जीवन अपने आदिवासी मित्र गृहराज निषाद के साथ मित्रता का भाव बनाये रखा और अनेक अवसरों पर गृहराज निषाद भी अपने प्राणों का बलिदान करने की भावन दिखाते हैं अपने मित्र सुग्रीव का संकट दूर करने के लिए राम बाली का वध करते हैं और किष्किंधा का राज्य सुग्रीव को दिलाते हैं और भी ऊँचाई देखिये राम विभिषण को लंका का संपूर्ण राज्य समुद्र तट पर जिस भाव से सौंपते हैं यह उनके अद्भुत शील व प्रेम का परिचायक है।

जो संपत्ति सिव रावनहि दीन्हि , दिऍं दस माथ।
सोई संपदा विभिषनहि ,सकुचि दीन्हि रघुनाथ ॥

( सुंदरकाण्ड दोहा 49)

राम कथा के संबंध में प्रसिद्ध मानस मर्मज्ञ स्व. पद्मश्रभ रामकिंकर उपाध्याय जी कहते है कि राम कथा इतनी विलक्षण और संवादों से युक्त प्रेरणा दायी शिक्षाप्रद और समाधानप्रद नितिपरक शास्त्र है,इसमे संत मुनि और देवताओं की तो बात ही छोड़िए, लेकिन असुर, निशाचर और असंत भी ऐसी ऐसी मार्मिक और वेदगम्य बात कहते हैं जो आदि से अंत तक हमेशा सत्य और तथ्य से युक्त रहेगी। यह चमत्कार राम कथा और गोस्वामी तुलसी दास जी की कर सकते है। यथा विभिषण रावण द्वारा अपमानित किये जाने व लंका से निकाले जाने के पूर्व भरी सभा मे रावण की नीतिसमंत बाते सुनाता है। आश्चर्य होता है कि अल्प बुद्ध लोग रावण की आलोचना करने की अपेक्षा विभिषण का तिरस्कार और निन्दा करते है और उसे '' घर का भेदी लंका ढाए'' की लोकोक्ति से चिन्हित करते है। लेकिन रामकथा व राम साहित्य मे विभिषण के द्वारा दिये गये वक्तव्य व गरिमा का स्वरूप व स्तर देखिए –

चौपाई – सुमति कुमति सब कें उर रहहीं। नाथ पुरान निगम अस कहहिं ॥
जहां सुमति तहँ संपत्ति नाना। जहॉं कुमति तहॉं बिपति निदाना ॥
तव उर कुमति बसी बिपरिता। हित अनहित रिपु प्रीग ॥
कालरात्रि निसिचर कुल केरी। तेहि सीता पर प्रीति धनेरी ॥

दोहा – ताता चरन गहि मगाउँ ,राखहूँ मोर दुलार।
सीता देहु राम कहूँ अहित न होई तुम्हार ॥

( रामचरित मानस सुंदर काण्ड दोहा 80)

इसी विभिषण रावण के ही –
इसी भांति रावण सभा में ही यह संदेश भी रामकथा ही रावण को देती है –

(सुदरकाण्ड दोहा 37) सचिव बैद,गुरू तीनि जो प्रिय बोलहि भव आस।
राज धरम तन तीनि कर होई बेगिनी नास।

मंत्री ,वैद्य व गुरू य तीन यदि अप्रसन्नता से भय से या लाभ की आशा से हित की बात न कहकर प्रिय बालते है अर्थात हां में हां मिलाते है तो क्रमश : राज्य,शरीर और धर्म तीनों का शीघ्र ही नाश हो जाता है।

मैं आपको विनम्रता और पूरी जिम्मेदारी के साथ यह कहना और बताना चाहती हूँ कि राम कथा हमारे अतीत, हमारे वर्तमान और हमारे भविष्य के लिए कल्याणकारी, मंगलकारी और लाभकारी है और हो सकती है यदि हम पूर्ण निष्ठा और समझदारी के साथ राम कथा में प्रवेश करें।

यहाँ शूपर्णखॉ को देखिए – उनके कृत्य उनके आचरण और चरित्र को हम एक तरफ रखकर उसके वक्तव्य पर ध्यान दें राम कथा में शूपर्णखॉ के मुख से रावण के दरबार में जो बात कहलाई गई वह विश्व सत्य है।

चौपाई – बोली वचन क्रोध करी भारी। देख कोस कै सुरति बिसारी।
करसि पान सावासि दिनु राती। सुधि नहीं तब सिर पर आराती ॥
राजनीति बिनु धन बिनु धर्मा। हरिहि समर्पे बिन सतकर्मा ॥
विद्या बिन विवेक उपजाएं। श्रम फल पढ़े किएँ अरू पाएँ ॥
संग ते जती कुमंत्र के राजा। मान ते ग्यान पान ते लाजा।।
प्रीति प्रनय बिनु मद ते गुनी। नासहिं बेगि नीति अससुनि ॥

अर्थात – शूपर्णखॉ अपने भाई रावण से बोलती है कि तूने देश और खजाने के सुधि ही भुला दी। शराब पी लेता है और दिन रात पड़ा सोता रहता है। तुझे खबर नहीं है कि शत्रु तेरे सिर पर खड़ा है? नीति के बिना राज्य और धर्म के बिना धन प्राप्त करने से, भगवान को समर्पण किये बिना उत्तम कर्म करने से और विवेक उत्पन्न किये बिना बिद्या पढ़ने से परिणाम में श्रम ही हाथ लगता है। विषयों के संग से सन्यासी, बुरी सलाह से राजा, मान से ज्ञान, मदिरापान से लज्रा, नम्रता के बिना प्रीति और अहंकार से गुणवान शीघ्र ही नष्ट हो जाते हैं। इस प्रकार की नीति मैने सुनी है। (राम चरित मानस, अरण्यकाण्ड दोहा 20 के बाद चौपाई)

रामकथा के विश्वविख्यात, मर्मज्ञ श्री मुरारी बापू कहते है – राम कथा मुनष्यों अर्थात हमारी भावी पीढ़ीयों और वर्तमान समाज का परिष्कार तो करती ही है लेकिन वह एक अद्‌भुत चिंतन धारा व भाव धारा प्रवाहित करती है, बापू कहते है – अंत में केवल सतकर्म ही साथ जाते हैं। ''वाल्मिकी रामायण ''के दृष्टिांत द्वारा – जटायु और रावण के संवाद के माध्यम से वे इस बात की पुष्टि करते है –

विनाशयात्मनो स्थर्म्थ, प्रतिपन्नोएसि कर्म नत।
पापनुबन्धो वै यस्य कर्मण: कर्म कोनु तत्॥

जटायु – मरते समय अपने ना के लिए अधर्म के काम किया करते हैं, वैसे ही तू भी कर रहा है। जिस कर्म का संबंध पाप से है उस कर्म को कौन पुरूष करेगा।

रामकथा का कल अथवा रामकथा का आदर्श ''वाल्मिकी रामायण'' में इस प्रकार प्रतिपादि किया गया है :-

सत्यं दानं तप : त्यागो मित्रता शौच मार्जवम् ।
विद्या न गुरूशुश्रुषा ध्रुवाण्येतानि राघवे ।।

अर्थात – सत्य, दान , तप,त्याग,मित्रता, पवित्रता, प्रसन्नता, विद्या और गुरूजनों की सेवा ये सब गुण राम में निश्चित रूप से है ।

इससे बढ़कर हमारे जीवन में रामकथा और क्या प्रेरणा दे सकती है । जबकि विश्व तनाव से हिंसा से, अनिती से, अत्याचार से ग्रस्त है । वाल्मिकी रामायण में सीता के वियोग में शोकाकुल राम को समझाते हुए लक्ष्मण जी उनसे कहते है –

तत्वतो हि नरश्रेष्ठ बुद्धया समनुचिन्तय ।
बुद्धया युक्ता महाप्रज्ञा विजानन्ति शुभाशुभे ।।

**अर्थात** – जो बुद्धिमान होते हैं अपने बुद्धि से शुभ अशुभ जान लेते है । बुद्धि जब आवेशग्रस्त हो जाती है तो इसकी ठीक निर्णय लेने की क्षमता लुप्त हो जाती है । अस्तु आवेश आने नहीं देना चाहिए, किंतु यदि आ जाए तो उस स्थिति में कोई महत्वपूर्ण निर्णय अथवा कार्य नहीं करना चाहिए । आवेश शांत होने तक रूकना चाहिए ।

इस प्रकार मैं इतना ही बताना चाहूंगी । रामकथा हमारे व हमारी भावी पीढ़ी, युवा पीढ़ी के जीवन का सर्वांगीण विकास कर सकती है । लिखने कहने और सुनने के, वह भी रामकथा पर यह एक जीवन अपर्याप्त है । गोस्वामी तुलसी दास जी कहते है –

हरि अनंत हरि कथा अनंता ।
कहहिं सुनहिं सब विधि सब संता ।।

अंत में एक विश्व प्रसिद्ध घटना से अपनी बात का समपन्न करना चाहूंगी –

मॉरीशस जब आजाद हुआ । आजाद 'मॉरीशस' देश के प्रधानमंत्री 'सर शिवसागर राम गुलाम 'से पुछा गया कि 'मॉरीशस' की स्वतंत्रता में सबसे अधिक किस बात का योगदान है ? उन्होंने अविलंब उत्तर दिया – राम कथा और रामचरित मानस का ।

पराधीन मॉरीशस में उत्तर प्रदेश व बिहार (भारत) से कुछ मजदूर (गिरमिटिया) 'रामचरितमानस ' की कुछ प्रतियां अपने साथ ले गये थे जिसके पठन व पाठन से धीरे –धीरे पूरे राष्ट्र मे एक क्रांति की लहर दौड़ी और देश आजाद हुआ ।

हम और आप सभी अपने देश, अपनी संस्कृति से दूर हैं । हमें अपने आप को व हमारे बच्चों को संवारने की जिम्मेदारी है , वैसे तो अब वर्तमान विश्व ही एक गांव के समान हो (ग्लोबल विलेज) चुका है । लेकिन आप सभी जानते है कि '' वसुधैव कुटुम्ब:'' की अवधारण केवल भारत वर्ष की है इसकी उद्घोषणा हजारों वर्षो पूर्व की गई है । हमारे बच्चों का भावी पीढ़ी का आचरण रामस्वरूप व सीतास्वरूप हो वे शीलवान,चरित्रवान,नीतिवान,बुद्धिमान बने । उसके लिए हमें अर्थात माता–पिता को दशरथ व कौशल्या के समान होना पड़ेगा । अन्यथा रावण के परिवार में भी मेघनाथ व बहन शूपर्णखॉ जैसे ही होंगी । यदि हमें हमारे समाज में व अपने परिवार में दिव्य भाव से पुलकित होना है तो राम कथा और रामचरित्र के आदर्शों और संस्कारों को हमारे जीवन में ग्रहण करना होगा । क्योंकि राम कथा ही हमारी भावी पीढ़ी और वर्तमान पीढ़ी को प्रकाशित और आनंदित करने में सक्षम और समर्थ है ।

# रामायण उर्दू में
## प्रो॒ डॉ॒ मुज़फ्फर हनफी

इस बात में अब किसी शक या शुबह की गुंजाइश नही रही के उर्दू किसी ख़ास तबके या मज़हब की ज़बान नहीं है और इसकी इबत्दा और इरतेका़ (अग्रसर) में अलग-अलग मज़हबों के मानने वाले बराबर के शरीक रहे हैं । चुनाचे इस किस्म की मुस्तकि़ल तस्निफात (किताबें) मौजूद हैं जिनसे ज़ाहिर होता है कि उर्दू की तरक्की में किस-किस मज़हब और किस-किस इलाके के लोगों ने हिस्सा लिया है । दूसरी जानिब उर्दू ज़बान ने भी हर दौर में वसीउलनज़री और कुशादाक़लबी (खुले दिल से) का सबूत दिया है । उर्दू के दामन में न सिर्फ मज़हब इस्लाम से मुत्तालिक़ किताबों का एक वाफिर (बहुत) ज़खीरा (धन) मौजूद है बलकी हिन्दू मज़हब और उसके तमाम इस्लाई (शाखें) फिरको़ मस्लन कबीरपंत, देवसमाज, थियोसोफैकल सोसाईटी, ब्राह्मणसमाज, राधास्वामी मठ और आर्यसमाज के मानने वालों और जैन धर्म, सिख मज़हब, ईसाई मज़हब और बहाई अकीदा (विश्वास) के पैरूकारों ने अपने मज़हब और इख्लाक़ पर उर्दू में बेशुमार किताबें लिखी या तर्जुमा करके शाय कीं । उर्दू की इस वसीउलमशरबी (गहराई) और कुशादा-दामानी (खुला दिल) का अंदाज़ा इस बात से लगाया जा सकता है कि इन्डिया आफिस के कैटालाग में ऐसी 713 किताबें मौजू़द हैं जो गैरमुस्लिमों ने अपने मज़हब और मज़हबी इख्लाक़ के बारे में उर्दू में लिखी हैं, जब कि इस कैटालाग में सिर्फ उन्नीसवीं सदी के आखीर तक की किताबें ही दर्ज हैं । इसी तरह तक़सीम हिन्द से पहले जब डॉ॒ उज़ेर ने अपने तहक़िकीमुक़ाले (रिसर्च) 'इस्लाम के अलावा मज़ाहेब की तरवीज में उर्दू का हिस्सा' के लिए मवाद (सामान) फराहम करना शुरू किया तो उन्हें सिर्फ पन्द्रह कुतुबख़ानों में ही कमोबेश चार सौ गै़रइस्लामी मज़हबी और इख्लाक़ी किताबें हाथ आ गईं ।

हिन्दू मज़हब से मुत्तालिक जो किताबें उर्दू में सब से ज्यादा शाय हुई हैं उनमें भगवत गीता और रामायण सरे फैहरिस्त हैं । इन दोनों मज़हबी सहिफों (ग्रन्थ) के नस्री और मन्जू़म तर्जुमे नेज (द्वारा) उनकी ज़मनी दास्तानों पर मुशतमिल तसनिफात की एक बड़ी तादाद उर्दू में मौजूद है और दिलचस्प बात यह है कि इन किताबों के मुसनिफिन (लेखकों) व मुर्तजमिन (अनुवादकों) में हिन्दुओं के दोशबदोश मुस्लमान भी बराबर के शरीक हैं । उर्दू में रामायण के जो तर्जुमे मन्जू़म या नसरी शक्ल में मौजूद हैं उनमे से बैश्तर का माखज़ तुलसीदास की रामचरितमानस है । लेकिन ऐसा भी नही कि वाल्मीकी रामायण को एकदम नज़रअंदाज़ कर दिया गया हो । इसका ताहाल दस्तेयाब क़दीम तर्जुमा 1894 का है जिसे नवल किशोर प्रेस लखनऊ ने 'रामायण वाल्मीकी (उर्दू भाषा, सातों खंड) के नाम से शाय किया था । इसके मुर्तजिम बानी पीर मैशर दयाल मुखतार थे । यह तर्जुमा नस्र में है । इसका मन्जुम तर्जुमा द्वारका प्रसाद उफक़ लखनवी ने 'मुक्कमल रामायण वाल्मिकी' के नाम से किया था जो 1921 में शाय हुआ । इसी तरह अध्यात्म रामायण, योग वशिष्ट और अद्भुत रामायण का मन्जुम तर्जुमा शंकर दयाल फरहत ने किया था । और यह 1870 में शाय हो चुका था । जैसा कि अर्ज़ कर चुका हूँ उर्दू में सबसे ज्यादा तर्जुमे तुलसीदास की रामायण के हुए हैं । तुलसीदास ने भी कई रामायणें लिखी हैं । मस्लन गीतावली, कवितावली, बरवै, छप्पै वगैहरह । लेकिन आवाम में जो मक़बूलियत दोहा-चौपाई में तखलिक़ करदा रामायण, जिसका असल नाम 'रामचरितमानस' है, को नसीब हुई वो खुद तुलसीदास की दूसरी तसनिफात के हिस्से में भी नहीं आई ।

डॉ॒ मो॒ उज़ेर ने अपने तहक़ीकी मुक़ाले में रामायण के पहले उर्दू तर्जुमा की बाबत बहस करते हुए मशहूर फ्रांसीसी मुस्तशरक गार्सा द तासी के दिनांक 3 दिसम्बर 1866 के खुतबे का हवाला दिया है । जिसमें उसने लखनऊ से शाय होने वाले रामायण के उर्दू तर्जुमे का ज़िक्र किया है । डॉ॒ मो॒ उज़ेर ने कयासन इसी को पहला तर्जुमा तस्लीम कर लिया है । और यह भी अंदाज़ा कायम किया है कि यह नस्र में होगा । मेरी तहक़ीक के तुताबिक़ मौसूफ के दोनो क्यासात हक़ ब जानिब नही हैं । अव्वल तो ये कि 1866 में लखनऊ से रामायण का जो तर्जुमा शाय हुआ था वो मन्जुम था जैसा कि उसके नाम 'रामायण नज़म उर्दू' से ज़ाहिर है । इसे मन्जू़म करने वाले थे मुंशी शंकर दयाल फरहत जिन्होने रामायण के और भी तर्जुमे किए हैं । ता हाल रामायण के जो उर्दू तर्जुमे मेरी निगाह से गुज़रे हैं उनमे क़दीम तरीन नुस्खा 'वाक्या ए राम चन्द्र' इसे दरस्ल तर्जुमा दर तर्जुमा कहना चाहिए क्योंकि, इसको ब्रट यन्डहम के अंग्रेजी तर्जुमा से, पंडित सूरजभान ने इसका उर्दू में तर्जुमा किया । यह तर्जुमा 1858 में छपा था । बाद में नस्र में रामायण के जो उर्दू तर्जुमे छपे उनमे 'तुलसीकृत रामायण (सातो खंड) बतौर खासका़बिले ज़िक्र हैं । जिसे नागरी के अनुसार शब्द ब शब्द उर्दू लिपी में कर दिया गया इसके मुरतिब मुंशी स्वामी दयाल थे । नस्री तर्जुमो में 'श्रीराम महात्म' 'रामायण सुर करत' के अलावा परमेश्वर दयाल मुख्तार की 'रामायण वाल्मीकी' भी शामिल है । जिसका ज़िक्र शुरू में किया जा चुका है । द्वारका प्रसाद वाफिक लखनवी ने भी 'रामायण वाल्मीकी' के मन्जू़म तर्जुमें के अलावा नस्र में भी इसका तर्जुमा किया । नस्री रामायणों में 'रामायण नस्र' प्रमार्थ आनन्द की भी काबिले ज़िक्र है । हाल ही में 'रामचरितमानस' का उर्दू तर्जुमा हुकूमते हिन्द की वज़ारत ए तालीम (शिक्षा मंत्रालय) की माली मदद से छपा है । इसके मुतर्जिम हैं नूरुल हसन नक़वी ।

उर्दू में रामायण के तराजुम का जायज़ा लेते हुए एक और दिलचस्प और हैरतअंगेज़ हकीकत सामने आती है । आमतौर पर ख्याल किया जाता है कि नस्र के मुक़ाबले में नज़्म लिखना ज्यादा मुश्किल है । खा़सतौर से मन्जूम तर्जुमा करना नस्री तर्जुमों की बनिस्बत बहुत ज्यादा कठिन है । लेकिन रामायण के मन्जू़म तर्जुमों की तादाद नस्री तराजुम से कहीं ज्यादा है । जिसका अंदाज़ा रामायण के मन्जू़म तर्जुमों की निम्नलिखित सूची से किया जा सकता है । यह सूची मैंने तारीख़ी ऐतबार से बनाने की कोशिश की है:

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. रामायण उर्दू में | | शंकर दयाल फरहत | 1866 |
| 2. अद्भुत रामायण | | शंकर दयाल फरहत | 1870 |
| 3. तुलसीकृत रामायण | बहार (सचित्र) | बांके बिहारी लाल बहार | 1886 |
| 4. तुलसीकृत रामायण | फरहत | शंकर दयाल फरहत | 1886 |
| 5. रामायण महर | | सूरज नारायण महर | 1914 |
| 6. तुलसीकृत रामायण ख़ुशतर | | जगन्नाथ ख़ुशतर | 1924 |
| 7. रामायण यक काफिया मन्जुमा उफ़क | | द्वारका प्रसाद वाफिक लखनवी | |
| 8. पुष्पक रामायण | | हरी नारायण शर्मा साहिर | |
| 9. मन्ज़ूम रामायण | | नफीस खलीली | |
| 10. रामायण | तुलसीकृत | सूरज प्रसाद तसव्वुर | |
| 11. मुसद्दस रामायण | | बनवारी लाल शोला | |
| 12. राम कहानी | | नफीस खलीली | |
| 13. राम गीता | | शिव प्रसाद साहिल | |
| 14. रामलीला | | मुंशी राम सहाय तमन्ना | |
| 15. रामायण | | मेंहदी नजमी | |

यहां मैं यह स्पष्ट कर देना चाहता हूँ कि ऊपर लिखी किताबों व अनुवादों में बाज़ के अनुवाद असल के मुताबिक हैं । और बाज़ में अनुवादक ने आवश्यकता अनुसार तलख़ीस कर ली है । इन मन्ज़ूम अनुवादों में बतोर ए ख़ास शंकर दयाल फरहत की 'रामायण मन्ज़ूम', जगन्नाथ ख़ुशतर की रामायण ख़ुशतर, बांके बिहारी लाल की रामायण बहार, सूरज नारायण महर की रामायण महर, द्वारका प्रसाद वाफिक की रामायण यक काफिया और नफीस खलीली की रामायण मन्ज़ूम शैरी मुहासिन और अदबी शान के ऐतबार से मुमताज़ हैसियत रखती है । रामचन्द्र जी की बनवास को रवानगी की खबर सुन कर सीता जी की जो हालत हुई उसे फरहत ने इस तरह पेश किया है :

जनाब जानकी ने जब सुना हाल
ते जोशे गिरया से आँखें हुई लाल
हया ने आ के गो दामन लिया थाम
मगर जोशे मोहब्बत ने किया काम
ख्याल आया कि हमराही में रहिये
सबा बन के हवा ख्वाही में रहिये

कैकेई की इस मांग पर कि रामचन्द्र जी को चौदह वर्ष का बनवास किया जाए और उनकी जगह भरत को गद्दी पर बिठाया जाए । दशरथ परेशान हो गए और रामचन्द्र जी उन्हे सांत्वना देने की कोशिश में व्यस्त हैं । जगन्नाथ ख़ुशतर इसका वर्णन इस तरह करते हैं :

पदर के सामने आए शताबां
ज़ बस हाले पदर देखा परेशां
ज़मी पर मुज़तरब है शक्ल माही
कहीं कलग़ी कहीं है ताज़ शाही

सूर्पनखा अपने दोनो भाइयों के रामचन्द्र जी के हाथों मारे जाने पर किस तरह रावण के दरबार में विलाप करती है । इसे द्वारका प्रसाद वाफिक ने इस तरह बयान किया है :

सपनिखा पहुँची जो मैदाने वग़ा में नाग़ाह
पाए मुर्दा दोनो भाई ज़ोर आवर पहलवां

नफीस खलीली की रामायण से अशोक वाटिका का एक दृष्य पेश है । सीता जी एक तालाब के किनारे परेशान व दुखी बैठी हैं :

रुखे ज़र्द मस्ले ज़ाफरान-हैरान है आई सां
देखे जो चश्मे दूर बीं-खा जाए धोका है यकीं

और रामायण महर से रावण और अंगद के बीच एक संवाद का वर्णन पेश है :

जल के रावण ने कहा ऐ बदलगाम
जानता हूं धर्म व नीति का मुक़ाम
.बोला अंगद धर्म तेरा वाह वा
इक ज़ने बेगाना हर लाया है आह

उर्दू में ऊपर लिखी अनुवादों और नस्री व मन्ज़ुम रामायणों के अलावा कुछ फनकारों ने रामायण की जै़ली दास्ताने भी मन्ज़ूम की हैं । जैसे बाबू ग्रोवर नारायण की 'सीता स्वयंबर' (सचित्र 1877), मुकुन्द लाल खुशदिल की 'लक्ष्मण परशुराम संवाद', तोता राम प्रेमी की 'रामायण अस्मेदी यानि लव कुश की लड़ाई' में रामायण के मुख्य अंश मन्ज़ुम शक्ल में प्रस्तुत किए गए हैं । इसी तरह रामायण की ज़मनी कहानियों और घटनाओं पर आधारित मन्ज़ुमात और लेखों की चन्द पुस्तकें भी मिलती हैं । जैसे 'चमन रामायण' में राजा दशरथ, लक्ष्मण, भरत, सीता, रावण वैगरह रामायण के पात्रों से सम्बंधित परिचय और मालुमाती लेख जमा किए गए हैं । 'रामायण के बाज़ सीन' में मौलवी अब्दुल सत्तार के वो लेख छापे गए हैं जो रिसाला 'दिलगुदास' लखनऊ में 1890-91 में शाय हुए थे । चन्द लेखों के शीर्षक हैं-'चित्रकूट पहाड़', 'मन्दाकनी नदी', 'सीता जी रावण के पंजे में' वगैहरह । रिसाला 'हिन्दु सहायक' का राम नम्बर 'राम चर्चा' के नाम से छपा था । जिसमे रामायण और राम से सम्बंधित लेख नस्र व नज़्म शाय हुए थे । इसमें महाराजा किशन प्रसाद शाद और कुंवर बहादुर फसहि वगैहरह की नज़्में शामिल हैं ।

लाला दिवान चंद गढ़होक ने 'गुलदस्ता रामायण' के नाम से मुखतलिफ़ शोअरा (कवियों) की ऐसी नज़मों का मज़मुआ (कविता संग्रह) शाय (छापा) किया जिसमें रामायण की भिन्न-भिन्न घटनाएं और सीन प्रस्तुत किए गए हैं । इस 'गुलदस्ता' में काशी नाथ फिदा, दीवान चंद दीवाना, खुर्शीद लाहोरवी, फरूख अमृतसरी, लाल चंद फलक, चिरंजी लाल प्रेम, बालक राम शाद, शाकीर मेरठी, अमर सिंह नैयर, नथा सिंह वफा, प्रभु दयाल आशिक, संत राम शोक, जसवंत सिंह वर्मा, खेमचंद प्रितम, शंकर देहलवी, नश्तर मेरठी, चंदी प्रसाद शैदा, रायजादा शांती नारायण वगैहरह का धार्मिक कलाम शामिल है ।

उर्दू के मुख्तलिफ (विभिन्न) शोअरा (कवियों) के मजमुआ हाए कलाम (कविता संग्रहों) को देखें तो क़दम-क़दम पर रामायण की घटनाओं और दास्तानों से प्रेरित ऐसी नज़में होती हैं न सिर्फ धार्मिक ऐतैबार से अहम है बलकी उर्दू अदब में अपना मुकाम (स्थान) बना चुकी है । ऐसी मन्ज़ुमात के ज़फर अली खान की 'एक के दागे ज़िगर की कहानी', 'राजा दशरथ की ज़बानी ' दुर्गा सहाय सरवर जहांबादी की 'सीता जी का इसरार', पंडित दत्तातरया कैफी की 'राजा दशरथ के आखिरी अलफ़ाज़', जगमोहन लाल रवां की 'तारा की फरयाद', महाराज बहादुर बरक़ की 'बनवासियों की लंका से रुखसत' और शाद आरफ़ी की 'दसहरा स्थान' बतौर खास काबिले ज़िक्र हैं । ऐसी ही एक नज़्म 'रामायण का एक सीन' है । जिसमें बृजनारायण चकबस्त ने रामचंन्द्र जी के माँ से रुखसत होने का दृश्य पेश किया गया है और यह नज़्म उर्दू के शैरी अदब का ला ज़वाल (न भूलने वाला) हिस्सा बन गई है ।

दिल को संभालता हुआ आखिर वो खुश ख़िसाल
खामोश माँ के पास गया सूरते ख्याल
छेखा तो एक दर में है बैठी वो खस्ताहाल
सक्ता सा हो गया है ये है शिद्दत ए मलाल
तन में लहू का नाम नहीं ज़र्द रंग है
गोया बश्र नहीं कोई तस्वीर संग है

रो कर कहा खामोश खड़े क्यों हो मेरी जां
मैं जानती हूँ जिस लिए आए हो तुम यहाँ
सबकी खुशी यही है तु सहरा को हो रवां
लेकिन मैं अपने मुंह से न हरगिज़ करूंगी हाँ
किस तरह बन में आखों के तारे को भेज दूं
जोगी बना के राज दुलारे को भेज दूं

अल किस्सा नज़रे इंसाफ से देखा जाए तो उर्दू ने किसी इम्तियाज़ (भेद भाव) के बग़ैर अपने दामन में रामायण को उसी एहतराम और अक़ीदत (मान सम्मान) और मोहब्बत के साथ जगह दी है जिस तरह इस्लाम और दूसरे मज़हब से तालुक़ रखने वाले मौज़ुआत (शीर्षकों) को । इस गुफतुगु (वार्तालाप) को मैं अल्लामा इक़बाल के चंद अश्आर (बंध) पर खत्म करना चाहता हूँ जो उनकी नज़्म 'ईमाम ए हिन्द' से लिए गए हैं:

लबरेज़ हे शराब ए हक़ीकत से जाम ए हिन्द
सब फ़लसफ़ी हैं खस्ता मग़रीब के राम हिन्द ।
है राम के वजूद पे हिनदुस्तान को नाज़
ऐहले नज़र समझते हैं इस को ईमाम ए हिन्द ।
त्लवार का धनी था सुजाअत से मर्द था
पकीज़गी में जोश ए मोहब्बत में फ़र्द था ।

# रामचरितमानस, डिप्लोमेसी और विश्व शांति में इस की भूमिका

राकेश बी दुबे
हिन्दी एवं संस्कृति अधिकारी
भारतीय उच्चायोग, लन्दन

आधुनिक युग और तुलसी का युग

आज हम एक ऐसी दुनियां में रह रहे हैं जिसमें समस्त प्रकार की सुख--सुविधाएं और मनोरंजन के साधन उपलब्ध हैं । भौतिक समृद्धि से भरपूर इस धरती पर मानव बेचैन, हताश, कुंठित क्यों है ? इसका कारण कहीं यह तो नहीं कि उद्दाम बौद्धिकता ने हमारे परंपरागत मानवीय मूल्यों, मान्यताओं, विश्वासों और सौम्य भावनाओं को तो नष्ट या फिर विकृत कर दिया परन्तु हमारे समक्ष कोई आदर्श, कोई विकल्प प्रस्तुत नहीं किया । जो आधे अधूरे विचार जैसे पूंजीवाद, समाजवाद या मार्क्सवाद हमें दिए भी गए वे अपने आप में पूर्ण न होने से, हर देश, काल और परिस्थिति में समान रूप से अनुकूल न होने से मानव को मानवता से विरक्त, दिशाहीन, श्रद्धाहीन और हृदयहीन बना गए हैं । तुलसी दास जिस युग में जन्मे, वह युग भी सामाजिक विघटन का, धार्मिक असहिष्णुता का और बर्बर आकामकता का युग था ।आसुरी वृत्तियां बढ़ रही थीं --

बाढ़े खल बहु चोर जुआरा, जे लंपट पर धन, पर दारा ।
मानहिं मातु पिता नहिं देवा, साधुन्ह सन करवावहिं सेवा ।।

देश पराधीन था । तुलसी को यह स्वीकार्य नहीं था । क्योंकि उनके लिए तो पराधीन सपनेहुं सुख नाहीं था ।फिर अत्याचार से पीड़ित मानवता को इन स्थितियों से संगठित होकर लड़ने की प्रेरणा देने और साधनहीन राम को त्रिलोक विजयी रावण पर विजय पाते हुए दिखाकर, दीन हीन जन साधारण को रामचरित मानस के रूप में एक अवलम्ब देकर, वे मर्यादा — पुरूषोत्तम राम का आदर्श सामने रखते हैं । वे ऐसा शासक चाहते हैं –

मुखिया मुखु सो चाहिए, खान पान कहुं एक ।
पालइ पोषइ सकल अंग, तुलसी सहित विवेक ।।

ऐसा मुखिया चाहिए, ऐसा राजा चाहिए जो समाज के सभी अंगों का, सभी वर्गो और समुदायों का पालन पोषण, विवेक पूर्वक करे । यह बात कहने के लिए तुलसी दास क्यों विवश हुए ? क्या उस समय का शासक विवेकपूर्वक, समानतापूर्ण ढंग से सभी वर्गो के साथ व्यवहार नहीं कर रहा था ? क्या वे समाज को एक वैकल्पिक शासन, बेहतर शासन के लिए संघर्ष करने के लिए तैयार कर रहे थे ? इन प्रश्नों का उत्तर खोजने के लिए हमें यह जानना होगा कि तुलसीदास के समय में अर्थात्सोलहवी शताब्दी में देश में किस प्रकार की राजनैतिक और सामाजिक स्थितियां विद्यमान थीं ?

देश में मुगल शासन था । हिन्दू धर्म पर लगातार प्रहार हो रहे थे । बाहर से भी अर्थात्विधर्मी शासक की ओर से भी और अन्दर से भी । असंख्य मत मतान्तर, वाद , सम्प्रदाय, मार्ग और पंथ खड़े हो रहे थे । समाज में भ्रम की स्थिति थी । हिन्दू धर्म में भी पौराणिक वर्ण व्यवस्था, विकृत होकर जाति व्यवस्था र पी नासूर के र प में लगातार फैल रही थी । समाज हर स्तर पर विभाजित था । यह विभाजन धार्मिक, आर्थिक,सामाजिक और बौद्धिक सभी स्तरों पर अपनी चरमावस्था में उपस्थित था । ऐसे संकटपूर्ण समय में आवश्यकता थी एक ऐसे आलंबन की, एक ऐसे आदर्श की जो इन विभाजनों, भिन्नताओं के बीच भावात्मक और सांस्कृतिक एकता का सूत्र बन सके और साधनहीन जन सामान्य को भी सशक्त, आसुरी शक्तियों के प्रतिमान शासकों के विरूद्ध एकजुट कर सके ।

रामचरित ही क्यों ?

यह बात नहीं कि साधारण जनता को इन प्रवृत्तियों के विरूद्ध, अनाचारी शासक के विरूद्ध जागृत करने के लिए अन्य संतों, नायकों ने प्रयास न किए हों । परन्तु ये प्रयास सम्भवतः उतने सफल इस लिए नहीं हुए कि ये समाज के सभी वर्गो को, सामन्तों--शोषितों को एक साथ खड़ा कर पाने के लिए उचित आदर्श, रोल मॉडल प्रस्तुत न कर सके । इन्होंने समस्या को समझा, उसे जन मानस के सामने रखा भी और उसके विरूद्ध लड़ने के लिए प्रेरित भी किया लेकिन आदर्श के रूप में, रोल मॉडल के रूप में कुछ न दे सके । इसीलिए कबीर हों या सूरदास, सूफी संत रहे हों या फिर अन्य भक्त कवि, कोई भी तुलसीदास की तरह समस्या और समाधान दोनों को एक साथ प्रस्तुत न कर सके । तुलसीदास ने राम को मर्यादापुरूषोत्तम रूप में, एक आदर्श के रूप में सामने रखा । उन्होंने मुरलीधारी कृष्ण का नहीं, धनुर्धारी राम का आदर्श सामने रखा ।

हमारे बीच से यदि कोई आत्मा महात्मा बनती है तो उसका अनुगमन करने में हमें अधिक संशय नहीं होता, कोई भय महसूस नहीं होता । आधुनिक युग में मोहनदास कर्म चन्द गांधी को महात्मा बनते और लाखों लाख भारतीयों को उनका अनुगमन करते हममें से बहुतों ने देखा और बहुतों ने सुना है । राम हमारे बीच से हैं, वे किसी के बेटे हैं, किसी के भाई, किसी के पति हैं और किसी के पिता । वे भी हमारी तरह मानव हैं । कहीं उनका रूप ऋषियों के उद्धारक और यज्ञों के संरक्षण कर्ता का है तो कहीं सीता के प्रथम दर्शन में ही उनसे प्रीत लगा लेने वाले संयत प्रेमी का । कहीं पर पिता की आज्ञा मानकर वन गमन करने और राजपाट का त्याग करने वाले आदर्श मानव का है तो कहीं तथाकथित छोटी जाति के मल्लाह गुह के अनन्य मित्र का । सीता हरण के समय और लक्ष्मण के युद्ध में मूर्च्छित हो जाने पर सामान्य मानव की तरह विलाप करने वाले राम के साथ हमारी सहानुभूति और हमारा तादात्म्य कैसे न हो । रीछ, भालू, वानरों को अपने साथ लेने वाले और उ च नीच का भेद मिटाकर वनवासियों, भीलों, किरातों को गले लगाने वाले राम से हमारा मन कैसे न मिले ? इसी समन्वय से, संयोजन से तुलसी दास दूसरे भक्त कवियों से ऊपर उठ गए ।

लोक भाषा अवधी का चयन क्यों ?

राम कथा और रामकाव्य धारा अति विशाल है । सैंकड़ों कवियों ने, महात्माओं ने, त्रषियों और मुनियों ने इस पर अपनी लेखनी चलाई है । हम सभी जानते हैं कि रामचरित मानस की कथा वाल्मीकि रामायण से कितनी अधिक मिलती जुलती है । वाल्मीकि रामायण के बाद और तुलसी दास से पहले भी रामकथा पर अनेकों ग्रन्थों की रचना हुई लेकिन उस ऊंचाई तक लोक प्रेरक न हुई जिस तक रामचरित मानस पहुंचा । वाल्मीकि जी ने संस्कृत में रामायण लिखी । लेकिन वाल्मीकि के समय में भी जन सामान्य की भाषा, बोलचाल की भाषा संस्कृत नहीं थी । वह तो ऋषियों--मुनियों की, उच्च वर्ग की भाषा थी । रामचरितमानस के माध्यम से तुलसी दास जिस लक्ष्य को साधना चाहते थे उसके लिए लोक भाषा का, जनसुलभ भाषा का होना आवश्यक था और इसीलिए उन्होंने लोकप्रिय भाषा अवधी को चुना । यद्यपि ऐसा करते हुए उनके मन में पहले संशय था —

राम सुकीरत भनित भदेसू, असमंजस अस मोहिं अंदेसू ।
छमिहहिं सज्जन मोरि ढिठाई, सुनिहहिं बालबचन मन लाई ।।

लेकिन फिर उनका यह संशय जाता रहा ––

स्याम सुरभि पय बिसद अति, करहिं गुदन सब पान ।
गिरा ग्राम्य सिय राम जस, गावहिं सुनहिं सुजान ।।

लक्ष्य क्या, आदर्श क्या ?

अब प्रश्न उठता है कि उनका आदर्श क्या था । अनाचारी, आसुरी वृत्ति वाले रावणी शासन को हटाकर वह किस प्रकार के शासन की प्रतिष्ठा करना चाहते थे ? कैसा राज्य चाहते थे वे –

अल्पमृत्यु नहिं कवनिउ पीरा । सब सुन्दर सब बिरूज सरीरा ।।
नहिं दरिद्र कोउ दुखी न दीना । नहिं कोउ अबुध न लच्छनहीना ।।

ऐसा राज्य चाहते थे तुलसी दास जी जिसमें कोई असमय मृत्यु का ग्रास न बने,किसी को कोई पीड़ा न व्यापे, सभी लोग सुन्दर, रोगहीन शरीर वाले हों । कोई गरीब न हो, दुखी न हो, दीन न हो, कोई ज्ञानहीन और सुलक्षणों से हीन भी न हो । ऐसा रामराज्य लाना उनका उद्देश्य था जिसमें —

दैहिक दैविक भौतिक तापा। राम राज्य नहिं काहुहिं व्यापा ।।

और जहां —

बयरू न कर काहू सन कोई । राम प्रताप विषमता खोई ।।

नीति कौन सी हो ?

ऐसा रामराज्य लाने के लिए किस नीति का, किस माध्यम का , किस साधन का प्रयोग किया जाए, यही सबसे बड़ी कसौटी तुलसी दास की है और रामचरित मानस की भी । रामराज्य लाने के लिए यदि छल––कपट का, विश्वासघात का प्रयोग किया जाए, निरपराध जनता की बलि दी जाए, नर संहार किया जाए तो संभवतः साध्य तो मिल सकता था लेकिन साधन के दूषित होने से साध्य भी चिरंजीवी और लोक कल्याणकारी न रह सकेगा, ऐसी मान्यता तुलसीदास की थी। तो साधन का चयन करते समय तुलसीदास के हृदय में भारत की सांस्कृतिक विरासत के प्रति श्रद्धा ने अवश्य ही अपनी भूमिका निभाई होगी । उनकी राष्ट्रीय संचेतना ने उन्हें अपनी भूमि, जनता और संस्कृति के कल्याण के लिए, जन जीवन को नयी आस्था, सत्यनिष्ठा,अडिगता, अभयता और समरसता के संस्कार देने के लिए अपनी पौराणिक धरोहर रामकथा को नए कलेवर में प्रस्तुत करने के लिए प्रेरित किया होगा । भारत की संस्कृति––सभ्यता की तुलना में समकालीन अन्य विश्व सभ्यताओं की स्थिति उस समय क्या रही होगी, इस पर संक्षिप्त विचार करने से हमें यह पता चल सकता है कि तुलसीदास का अपनी सांस्कृतिक विरासत की श्रेष्ठता के प्रति अटूट विश्वास क्यों था ?

मेसोपोटामिया, मिस्र और यूनान की सभ्यताओं का प्रेरक तत्व और साधन रहा — राजनीति और इसीलिए जब ये सभ्यताएं दूसरे देशों की राजनीतिक अधीनता में आई तो उन्होंने अपना अस्तित्व खो दिया । अपनी विरासत वे संभाल न सकीं और पद दलित एवं काल कवलित हो गईं । लेकिन भारत की आत्मा तो उसकी संस्कृति रही है ।इसीलिए असंख्य आक्रमणों और राजनैतिक अधीनताओं के बावजूद भारत कभी सांस्कृतिक रूप से पराधीन नहीं रहा । भारत या तो स्वाधीन रहा है या स्वाधीनता के लिए लगातार प्रयत्नशील ।जो भी आए, वे इसी का हिस्सा बन गए । जिन्होंने भी लम्बे समय तक शासन करना चाहा, वे इस सभ्यता में रंग कर ही ऐसा कर सके ।इसलिए तुलसीदास ने भारत की उदात्त संस्कृति के तत्वों को मानस में प्रतिष्ठित किया और वही साधन अपनाए जो शास्त्र सम्मत और लोक कल्याणकारी थे ।

रावण को पराजित करने के लिए तुलसी दास ने राम और उनके अनुगामियों को नीति सम्मत मार्ग पर चलते हुए दिखाया है । कभी यह नीति, लोकनीति रही तो कभी कभी डिप्लोमेसी अर्थात्कूटनीति भी । रामचरित मानस में डिप्लोमेसी के तत्व बहुताइत में हैं । मैं इनमें से कुछ उद्धरण, विशेष रूप से, सुन्दर काण्ड से देकर अपनी बात सिद्ध करने का प्रयास करूंगा।

बालि को मारकर और सुग्रीव को किष्किन्धा का राज्य देकर राम स्वयं संकर्षण पर्वत पर चले गए । सुग्रीव अपना खोया हुआ राजपाट पाकर आनन्द मग्न हो गए और भूल गए कि सीता की खोज भी करनी है । इस पर राम बनावटी क्रोध दिखाते हैं जिससे लक्ष्मण बहुत उद्वेलित हो जाते हैं और धनुष बाण लेकर सुग्रीव को दण्डित करने के लिए चल देते हैं । तब राम उन्हें समझाते हैं कि ––

तब अनुजहिं समुझावा, रघुपति करूना सींव ।
भय देखाइ लै आवहु, तात सखा सुग्रीव ।।

भाई लक्ष्मण, सुग्रीव हमारा मित्र है इससे उसे केवल भय दिखाकर यहां ले आओ । नीति यही कहती है कि जब तक भय दिखाने से, समझाने से कोई कार्य हो सकता है तब तक बलप्रयोग न करना चाहिए और फिर सुग्रीव तो मित्र भी है । उधर सुग्रीव भी कम चतुर नहीं हैं । जब देखा कि लक्ष्मण बहुत क्रोधित हैं तो कहते हैं कि —

सुनु हनुमंत संग लै तारा , करि बिनती समुझाउ कुमारा ।
तारा सहित जाइ हनुमाना , चरन बंदि प्रभु सुजस बखाना ।।

भाई हनुमान, अंगद की मां तारा को लेकर तुम जाओ और लक्ष्मण को समझा बुझा कर शांत करो । वे जानते हैं कि राम ने बाली को मारकर तारा को विधवा बनाया है इसलिए भी और स्वाभाविक र प से स्त्रियों का सम्मान करने की परंपरा के कारण तारा को साथ ले जाने पर लक्ष्मण क्रोध न कर पाएंगे ।

सीता की खोज में हनुमान समुद्र पार जा रहे हैं । नागवंश की सुरसा उनकी परीक्षा लेने के लिए उनका रास्ता रोक लेती है और कहती है कि मैं तुम्हें खाउ ंगी । समझाने पर भी नहीं मानती । तब हनुमान जी कैसी चतुराई से उससे निपटते हैं —

जस जस सुरसा बदन बढ़ावा , तासु दून कपि रूप देखावा ।
सत जोजन तेहिं आनन कीन्हा, अति लघु रूप पवनसुत कीन्हा ।।
बदन पैठि पुनि बाहेर आवा, मागा बिदा ताहि सिरू नावा ।

अर्थात्पहले तो सुरसा जितना मुंह फैलाती, हनुमान जी उससे दूना आकार ग्रहण कर लेते । जब देखा कि अवसर है तो बहुत छोटा रूप लेकर उसके विशाल खुले मुख में प्रवेश करके बाहर निकल आते हैं और सिर झुकाकर उसे विदा लेते हैं । यही कौशल वे एक बार और दिखाते हैं लंका में प्रवेश करते समय ––

मसक समान रूप कपि धरी , लंकहि चलेहु सुमिरि नरहरी ।

तो अपने उद्देश्य की पूर्ति के लिए कभी कभी छोटा भी बनना पड़ता है । यहां बनने का अर्थ छोटा होना नहीं है ।

अनजाने देश में भी अपने कार्य में सहयोगी या अपने उद्देश्य का कोई सहगामी तलाशने का काम भी वे करते हैं । विभीषण जागता है और राम का नाम लेता है तो ये समझ जाते हैं कि यह कोई रामभक्त हो सकता है —

राम राम तेहिं सुमिरन कीन्हा, हृदय हरष कपि सज्जन चीन्हा ।

लेकिन फिर भी सावधानी बरतते हैं––

बिप्र रूप धरि बचन सुनाए, सुनत बिभीषन उठि तहं आए ।

शत्रु के मन में भय उत्पन्न करने के लिए कभी कभी अनूठे तरीकों का प्रयोग करना पड़ता है । हनुमान जी ने अशोक वाटिका तहस नहस कर दी । रावणपुत्र अक्षय कुमार को मार दिया लेकिन फिर मेघनाद के ब्रह्मास्त्र से पराजित होने का बहाना बनाकर रावण के दरबार में पहुंचते हैं । कहते हैं कि सबसे बड़ा बल व्यक्ति का मनोबल है । आप के पास कितनी भी सेना हो, हथियार हों, साजो सामान हों लेकिन एक बार यदि मनोबल क्षीण हो जाए तो आप जीता युद्ध भी हार सकते हैं । रावण का मनोबल तोड़ने के कई प्रयास किए गए । पहला प्रयास हनुमान ने किया । रावण की सभा में हनुमान जी से रावण पूछता है कि ऐ वानर तू कौन है और मेरे पुत्र सहित राक्षसों का ंवध करने पर क्या अब तुझे अपने प्राणों का भय नहीं है ? तो हनुमान जी का उत्तर देखिए —

धरइ जो बिबिध देह सुरत्राता, तुम्ह से सठन्ह सिखावनु दाता ।
हर कोदंड कठिन जेहिं भंजा , तेहि समेत नृप दल मद गंजा ।।
खर दूषन त्रिसिरा अरू बाली, बधे सकल अतुलित बलसाली ।

अर्थात्मैं उस राम का सेवक हूं जिन्होंने महादेव शिव का धनुष तोड़ा जो तुम न तोड़ पाए थे। तुम्हारे साथी परमवीर खर, दूषण और त्रिसिरा का वध किया और तुम्हें अपनी कांख में दबाकर महीनों घूमने वाले बाली का वध जिन्होंने किया, उन राम का मैं सेवक हूं ।

रावण कहता है कि अभी तुम मेरी शक्ति को नहीं पहचानते । मैंने कितने देवताओं को पराजित किया ।तो उपहासपूर्वक हनुमानजी कहते हैं कि हां हां जानता हूं ––

जानउं मैं तुम्हारि प्रभुताई , सहसबाहु सन परी लराई ।
समर बालि सन करि जसु पावा, सुनि कपि बचन बिहंसि बिहरावा ।।

इस प्रकार लज्जित कर हनुमान जी अपनी मतलब की बात पर आ जाते हैं और उसे समझाते हैं कि सीता को लौटा दो और राम की शरण में आ जाओ ।

रावण भी नीति जानता है । वह हनुमान जी की बातों में नहीं आता और हनुमान जी का अंग भंग करके उन्हें ही मनोबलहीन करना चाहता है —

कपि कें ममता पूंछ पर, सबहि कहउं समुझाइ ।
तेल बोरि पट बांधि पुनि पावक देहु लगाइ ।।

लेकिन इस विपरीत परिस्थिति का भी हनुमान जी अपने विवेक से लाभ उठाते हैं और जलती हुई पूंछ से लंका में स्थान स्थान पर आग लगा देते हैं । इससे लंका वासियों में भय फैल जाता है। जनता में यदि भय व्याप्त हो तो फिर शासक उन्हें युद्ध जीतने के लिए प्रेरित नहीं कर सकता । इस स्थिति का आभास तुलसीदास जी देते हैं —

उहां निसाचर रहहिं ससंका , जब तें जारि गयउ कपि लंका ।
निज निज गृहं सब करहिं विचारा, नहिं निसचर कुल केर उबारा ।।

हनुमान जी को सुग्रीव का मंत्री दिखाया गया है । उन्होंने सही मंत्रणा देकर, राम से मैत्री कराकर सुग्रीव को उसका राज्य और पत्नी वापस दिला दी । लेकिन रावण के मंत्री और दरबारी उसके भय से या फिर प्रमाद से झूठ बोलते हुए उसे राम से सावधान भी नहीं होने देते । ऐसे में लंका राज्य का विनाश होना निश्चित है —

सचिव बैद गुर तीनि जौं , प्रिय बोलहिं भय आस ।
राज धर्म तन तीनि कर होइ बेगिहीं नास ।।

एक माल्यवंत मंत्री ने रावण से विभीषण की नीतियुक्त सलाह मानने का परामर्श दिया लेकिन रावण ने उसे सभा से निकाल दिया । बाद में विभीषण को भी अपमानित करके लंका छोड़ने पर विवश कर दिया । राम की डिप्लोमेसी उस अवसर पर दर्शनीय है जब विभीषण उन्हें मिलने के लिए आते हैं । रामचन्द्र जी उन्हें आदरपूर्वक अपने पास बैठाते हैं, उन्हें लंकेश अर्थात्लंका का राजा कहकर संबोधित करते हैं

अनुज सहित मिलि ढिग बैठारी, बोले बचन भगत भयहारी ।
कहु लंकेस सहित परिवारा, कुसल कुठाहर बास तुम्हारा ।।

राम को लगा कि संभवतः विभीषण अभी भी पूरी तरह से हमारे पक्ष में नहीं हैं। उनके मन में कोई शंका न आए इसलिए सार्वजनिक रूप से लंका के राजा के रूप में राम उनका राज्याभिषेक कर देते हैं और इस प्रकार उन्हें अपने पक्ष में हमेशा के लिए कर लेते हैं–

सुनहु देव सचराचर स्वामी, प्रनतपाल उर अंतरजामी ।
उर कछु प्रथम बासना रही, प्रभु पद प्रीति सरित सो बही ।।

जदपि सखा तव इच्छा नाहीं, मोर दरसु अमोघ जग माहीं ।
अस कहि राम तिलक तेहि सारा, सुमन वृष्टि नभ भई अपारा ।।

रावण के दूतों को भेद लेते हुए पकड़ लेने पर भी लक्ष्मण, कूटनीति के अंतर्गत उन्हें एक पत्र देकर लंका वापस भेज देते हैं । उनकी उदारता से वे उनके भक्त बन जाते हैं और रावण को राम की सेना का बढ़ा चढ़ाकर वर्णन प्रस्तुत करते हैं —

ए कपि सब सुग्रीव समाना , इन्ह सम कोटिन्ह गनइ को नाना ।
राम कृपां अतुलित बल तिन्हहीं, तृन समान त्रैलोकहिं गनहीं ।।

अस मैं सुना स्रवन दसकंधर, पदुम अठारह जूथप बंदर ।
नाथ कटक महं सो कपि नाहीं, जो न तुम्हहिं जीतै रन माहीं ।।

शत्रु सेना के बारे में ऐसी बातें सुनकर किसका मन विचलित न होगा ।

कभी कभी मित्रता के लिए भी भय दिखाना पड़ता है ––

बिनय न मानत जलधि जड़, गए तीनि दिन बीति ।
बोले राम सकोप तब, भय बिन होइ न प्रीति ।।

तुलसी दास जी मंदोदरी के माध्यम से रावण से कहलाते हैं कि ––

नाथ बयरू कीजे ताही सों , बुधि बल सकिअ जीति जाही सों ।

रावण के साथ युद्ध को टालने के लिए राम एक प्रयास और करते हैं । समुद्र पार करके आ जाने पर भी वे अंगद को दूत के रूप में रावण के दरबार में भेजने का निश्चय करते हैं ताकि युद्ध किए बिना सीता जी को वापस करने के लिए रावण को तैयार किया जा सके । अंगद से राम कहते हैं ––

बहुत बुझाइ तुम्हहि का कहऊं , परम चतुर मैं जानत अहउं ।
काजु हमार तासु हित होई, रिपु सन करेहु बतकही सोई ।।

लंकावासियों का मनोबल क्षीण हो चुका था इसका आभास तो इस बात से ही हो जाता है कि जब अंगद के आगमन का समाचार लंकावासियों ने सुना तो —

अब धौं कहा करिहि करतारा, अति सभीत सब करहिं बिचारा ।
बिनु पूछें मगु देहिं दिखाई, जेहि बिलोक सोइ जाइ सुखाई ।।

ट
इस बार अंगद की नीति सीधे रावण को ही पाठ पढ़ाने की है । एक बार सबसे बलशाली शत्रु का मनोबल गिर जाए तो फिर युद्ध जीतने में देर नहीं । इसीलिए पहले तो रावण के उपहासपूर्वक पूछने पर भी अपना परिचय किस प्रकार देते हैं, यह देखिए ––

अंगद नाम बालि कर बेटा , तासों कबहुं भई ही भेटा ।
अंगद बचन सुनत सकुचाना, रहा बालि बानर मैं जाना ।।

व्यंग्य करते हुए अंगद की बात को हंसी में टालकर और बालि को बन्दर बताते हुए भी रावण का संकोच छिप नहीं पाता क्योंकि बालि ने उसे बुरी तरह पराजित किया था । फिर भी, अंगद को चिढ़ाने के लिए अनभिज्ञ बनकर पूछता है ––
अब कहु कुसल बालि कहं अहई, बिहंसि बचन तब अंगद कहई ।

इसका उत्तर अंगद किस प्रकार देते हैं ––

दिन दस गएं बालि पहिं जाई , बूझेहु कुसल सखा उर लाई ।

अर्थात्स्वर्ग में बैठे बालि से दस दिन के अन्दर तुम्हारी भी भेंट होगी तब उसकी कुशल पूछ लेना ।

बहुत समझाने के बाद और लज्जित करने के बाद भी जब रावण नहीं माना तो उसे चुनौती देते हुए और युद्ध को टालने के लिए अंगद कहते हैं कि मैं तो राम की सेना का एक साधारण सदस्य हूं । फिर भी यदि आपकी सभा में कोई भी वीर, मेरा पैर अपनी जगह से हटा देगा तो मैं सीता को हारा हुआ मान लूंगा और राम वापस लौट जाएंगे —

जौं मम चरन सकसि सठ टारी , फिरहिं रामु सीता मैं हारी ।

जब कोई भी योद्धा अंगद का पैर नहीं हटा सका तो रावण अंगद का पैर हटाने के लिए आगे आया । अंगद की चतुराई देखिए क्या कहते हैं ––

कपि बल देखि सकल हियं हारे , उठा आपु कपि कें परचारे ।
गहत चरन कह बालिकुमारा, मम पद गहें न तोर उबारा ।।
गहसि न राम चरन सठ जाई, सुनत फिरा मन अति सकुचाई ।

विश्व––शान्ति में भूमिका
सारे प्रयास बेकार हुए और युद्‌ध हुआ । रावण पराजित हुआ । यदि कूटनीतिक प्रयास सफल हुए होते तो इतनी बड़ी जनहानि रोकी जा सकती थी। तुलसी दास ने किस प्रकार रामचरित मानस में डिप्लोमेसी को महत्व दिया है और किस प्रकार आज भी विश्व में व्याप्त संघर्ष की स्थितियों में इसका प्रयोग करके विश्व शान्ति को बढ़ावा दिया जा सकता है यह हम आगे देखेंगे ।

रामचरितमानस में तुलसीदास जी ने अनेक स्थलों पर यह प्रतिपादित किया है कि संघर्ष की स्थिति को, विवाद की स्थिति को यथासंभव बातचीत के माध्यम से सुलझाया जाए । माता कैकेयी द्वारा उनके अपने पुत्र भरत को युवराज पद पर प्रतिष्ठित करने की जिद करने पर राम विवाद और फूट से बचने के लिए स्वयं ही युवराज पद का परित्याग करने के लिए तैयार हो जाते हैं ।लंका के राजा रावण के साथ युद्ध अवश्यंभावी हो जाने पर भी अन्तिम प्रयास के रूप में वे अंगद को दूत के रूप में भेजते हैं । अंगद भी अपनी पूरी योग्यता के साथ और स्वयं में राम के विश्वास के साथ रावण को समझाते हैं —

पुनि कपि कही नीति बिधि नाना, मान न ताहि कालु निअराना ।
रिपु मद मथि प्रभु सुजसु सुनायो , यह कहि चल्यो बालि नृप जायो ।।

आज विश्व में धर्म के नाम पर, जमीन के नाम पर,जातीय श्रेष्ठता के नाम पर और आर्थिक लाभ के लिए जो संघर्ष का वातावरण है, उसे दूर बैठकर या किसी एक ही मापदंड को अपनाकर दूर नहीं किया जा सकता । सब समस्याओं को समझना होगा और विवेक पूर्वक समाधान करना होगा । यह विवेक उचित परामर्श और मंत्रणा से सुदृढ़ होगा ।इस कार्य में एक दूसरे देश में कार्यरत राजनयिक अपना विशेष योगदान दे सकते हैं । आज विश्व एक विश्व ग्राम बन गया है । एक देश के वासी दूसरे देशों में जाकर बस रहे हैं । भारत के लोग भी विश्व के कोने कोने में बसे हुए हैं । वे भारत से अपनी संस्कृति भी साथ लाए हैं।समन्वयशीलता, सात्विकता, सहानुभूति,सह—अस्तित्व और सामंजस्य के द्वारा उन्होंने अपने प्रवास के देश को शान्तिपूर्ण सह अस्तित्व का मंत्र दिया है । सैकड़ों साल पहले भी जब गिरमिटिया मजदूर के रूप में भारत के लोग सुदूर फिजी, मारीशस, सूरीनाम, त्रिनीडाड, गयाना जैसे देशों में गए तो अपने साथ रामचरितमानस और उसकी शिक्षा ले गए । उसी ने उन्हें सहारा दिया और वे आज उन देशों में शान्ति से रह रहे हैं । ब्रिटेन में भी भारतीयों ने अपनी अलग पहचान बनाई है । वे अपनी विशिष्ट संस्कृति के लिए सराहे जाते हैं । मानस ने संघर्ष को नीति से, विवेक से, त्याग से,परामर्श से टालने और फिर सहानुभूति एवं सह अस्तित्व की भावना से संघर्ष के मूलोच्छेदन का मार्ग दिखाया है । राम लंका पर विजय पाकर भी उसे विभीषण को दे देते हैं । समुद्र पार जाने के लिए, लक्ष्मण के मना करने पर भी सबसे पहले विभीषण के परामर्श से विनती करने का मार्ग अपनाते हैं । फिर धमकाने पर समुद्र के शरणागत हो जाने पर भी उसकी मर्यादा रखते हुए उसके बताए अनुसार सेतु बन्ध करवाते हैं ।

यदि हम सब, सभी देशों के लोग अपने मानव धर्म का, तुलसी के बताए धर्म का पालन करें तो विश्व शान्ति का हमारा स्वप्न साकार हो सकता है । तुलसी को इसमें कोई संदेह नहीं ––

बरनास्रम निज ––निज धरम, निरत बेद––पथ लोग ।
चलहिं सदा पावहिं सुखहिं , नहिं भय सोक न रोग ।।

और तभी रामराज्य की परिकल्पना साकार हो सकती है —

रामराज राजत सकल, धरम निरत नर — नारि ।
राग न रोष न दोष दुख, सुलभ पदारथ चारि ।।